3 बस्तर संभाग
नारायणपुर उपजेल में फूटा कोरोना बम

6 अभिमत
इस्त्राइल-फिलिस्तीन युद्ध के बीच निशोन पर ईरान

10 संस्कारधानी
लॉकडाउन में छूट के पहले दिन ही बाजार में...

11 छत्तीसगढ़
कलेक्टर ने मस्तूरी विकासखण्ड के टीकाकरण केंद्रों का ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 18 मई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 266 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति की दर 10.49 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** कच्चा तेल, कच्चा माल की कीमतें बढ़ने से अप्रैल 2021 में थोक मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति की दर 10.49 प्रतिशत दर्ज की दर्ज की गई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सोमवार को यहां जारी आंकड़ों में बताया गया है कि मार्च 2021 में थोक मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति की दर 7.39 प्रतिशत रही थी। अप्रैल 2021 में खाद्य पदार्थों की थोक मुद्रास्फीति दर 7.58 प्रतिशत रही है। सरकार का कहना है कि थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वस्तुओं के दाम बढ़ने के कारण हुई है। अप्रैल 2021 मे विश्व बाजारों में कच्चा तेल, खनिज, पेट्रोल, डीजल तथा अन्य विनिर्माण उत्पादों के दामों में तेजी आई है। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2021 में रसोई गैस की थोक कीमत 20.34 प्रतिशत, पेट्रोल की 42.37 प्रतिशत, डीजल की 33.82 प्रतिशत और वनस्पति तेल की 42.82 प्रतिशत बढ़ी है।

### देश में गुजरात में अधिकतम तापमान सर्वाधिक

**पुणे।** गुजरात के गांधीनगर में अधिकतम तापमान सर्वाधिक 44 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। सौराष्ट्र और कच्छ के अलग-अलग स्थानों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से काफी यानी 5.1 डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक ऊपर रहा, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 से 5.0 डिगी सेल्सियस अधिक रहा, गुजरात क्षेत्र के छिटपुट स्थानों पर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

### रुपया सात पैसे मजबूत

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को सात पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 73.22 रुपये का बिका। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 13 पैसे की मजबूती के साथ 73.29 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही। यह पांच पैसे की बढ़त के साथ 73.24 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सीमित दायरे में यह 73.26 रुपये प्रति डॉलर और 73.16 रुपये प्रति डॉलर के बीच रहा।

# डीआरडीओ की दवा कोरोना के खिलाफ उम्मीद की किरण : राजनाथ

## डीआरडीओ की ओर से बनाई गई इस दवा को पानी में घोलकर पीना होगा

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा बनायी गयी 2 डीजी दवा देश की वैज्ञानिक शक्ति का उदाहरण है और यह कोरोना महामारी से लड़ने में आशा और उम्मीद की किरण की साबित होगी। सिंह ने सोमवार को 2- डीओक्सी-डी ग्लुकोज (2-डीजी) दवा को जारी करने के मौके पर कहा कि डा रेडीज लेबोरेट्रीज के साथ मिलकर बनायी गयी यह दवा सरकारी तथा निजी क्षेत्र के बीच भागीदारी का अच्छा उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने दवा की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे बताया गया, कि इसके प्रयोग से सामान्य उपचार की अपेक्षा लोग ढाई दिन जल्दी ठीक हुए हैं। साथ ही ऑक्सीजन पर निर्भरता भी लगभग 40 फ़ीसदी तक कम देखने को मिली है। इसका पाउडर फॉर्म में होना भी इसकी एक बड़ी खासियत है। ओआरएस घोल की तरह इसका इस्तेमाल लोग बड़ी आसानी से कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी हमें निश्चिंत होने की जरूरत नहीं है, और न ही थकने, और थमने की जरूरत है। क्योंकि कोरोना की लहर दूसरी बार आई है, और आगे भी इस बारे में कुछ निश्चित नहीं है। हमें पूरी सतर्कता के साथ कदम आगे बढ़ाने होंगे। उन्होंने कहा कि हमने हर समय स्थिति को हमने काफी गंभीरता से लिया है। चाहे वह आक्सीजन आपूर्ति का मामला हो, दवा का मामला हो, आईसीयू बैड की बात हो या क्रायोजेनिक टैंकर की व्यवस्था की बात हो, एक सामूहिक प्रयास किया गया है जिसका अच्छा परिणाम सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई निर्देश जारी किए हैं जिसके अंतर्गत घर घर जाकर ज्यादा जांच की जा रही है, और आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी आवश्यक उपकरणों से लैस किया गया है। कोरोना के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान में सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी होती है कि मेडिकल कोर ने अपने सेवा निवृत डाक्टरों को भी दुबारा सेवा में लाने का निर्णय लिया है ताकि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मज़बूती दी जा सके। मैं ऐसे चिकित्सकों की हृदय से सराहना करता हूँ जो अपनी सर्विस के बाद भी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। हमारी वायुसेना और नौसेना के जहाजों ने भी बड़ी संख्या में ऑक्सीजन सिलेंडर, कंटेनर्स, कंसंट्रेटर्स, टेस्ट किट्स के ट्रांसपोर्टेशन में अपनी भूमिका निभाई है। सैन्य अस्पतालों में भी इलाज की सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। कोरोना के विकट समय में भी सेना की तैयारियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन सब कठिनाइयों से गुजरते हुए भी हमने यह सुनिश्चित किया है कि सीमा पर हमारी तैयारियों पर कोई प्रभाव न पड़े। हमारी सेनाओं के जोश और उत्साह में कहीं भी किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। हमें यह अच्छी तरह मालूम है, कठिनाई कितनी ही बड़ी क्यूँ न हो, हम उस पर विजय पा लेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक हम रक्षा क्षेत्र में डीआरडीओ और निजी भागीदारी की बात करते थे लेकिन आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी डीआरडीओ और निजी क्षेत्र की भागीदारी का इतना अच्छा परिणाम देख कर खुशी हो रही है।

### डीसीजीआई ने दे दी आपात इस्तेमाल को पहले ही मंजूरी

रक्षा मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि कोविड-19 के माध्यम और गंभीर लक्षण वाले मरीजों पर इस दवा के आपातकालीन इस्तेमाल को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) की ओर से मंजूरी मिल चुकी है। आपको बता दें कि कोरोना के नए मामलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए डीसीजीआई ने इस दवा के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। डीसीजीआई के मुख्यालय में सोमवार यानी 17 मई को कार्यक्रम में दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने इस दवा को लॉन्च किया।

# सीएम भूपेश ने लोगों से लॉकडाउन में मिली छूट का लाभ सावधानी के साथ लेने की अपील की



- **अपनी बारी आने पर टीका जरूर लगवाएं, जिनकों पहला डोज लग गया है वो निर्धारित समय पर दूसरा लगवाएं**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का सतत रूप से पालन करते रहने की अपील की है। बघेल ने कहा है कि हम सभी ने बहुत मुश्किलें झेलकर कोरोना की दूसरी लहर को नियंत्रित किया है, हमें हर हाल में तीसरी लहर की आशंका को समाप्त करना है। इस दूसरी लहर में न केवल हमें बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया, बल्कि बहुत से करीबियों को भी हमसे छीन लिया है। उन्होंने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से कोरोना संक्रमण दर को हम 30 प्रतिशत से 9 प्रतिशत तक लाने में कामयाब हुए हैं। कोरोना की स्थिति में तेजी से हो रहे सुधार को देखते हुए राज्य शासन ने लाकडाउन के प्रतिबंधों में थोड़ी छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट जन-सामान्य की मुश्किलों को थोड़ा आसान करने के लिए दी जा रही है। इस छूट के दौरान भी बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनेटाइजिंग का पालन करते रहना होगा, अन्यथा निकट भविष्य में हमें और भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से यह भी अपील की है कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए अपनी बारी आने पर टीका जरूर लगवाएं, जिन लोगों को टीका का पहला डोज लग गया है वो निर्धारित समय अवधि के बार टीका का दूसरा डोज अवश्य लगवाए तभी हम इस महामारी पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

# ममता ने सीबीआई से अपनी गिरफ्तारी की मांग की

वार्ता ➤ कोलकाता
www.dailypioneer.com

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केन्द्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) से उन्हें भी गिरफ्तार करने की मांग की है। नारद स्टिंग ऑपरेशन मामले में सीबीआई ने सुश्री बनर्जी के दो वरिष्ठ कैबिनेट सहयोगियों फिरहाद हकीम और सुब्रत मुखर्जी को शहर के निज़ाम पैलेस में गिरफ्तार किया था। सीबीआई द्वारा नारद मामले में विधायक मदन मित्रा सहित तृणमूल कांग्रेस के तीन नेताओं को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री बनर्जी मध्य कोलकाता में निजाम महल पहुंचीं। सूत्रों ने दावा किया कि कि सुश्री बनर्जी ने सीबीआई अधिकारी को स्पष्ट तौर पर कहा कि कि अगर तीनों को गिरफ्तार किया गया तो उन्हें भी गिरफ्तार करना होगा। इस मामले में पूर्व शहर मेयर सोवन चटर्जी को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निजाम पैलेस की 15वीं मंजिल पर थी जहां तृणमूल नेताओं को गिरफ्तार कर रखा गया हैं। सुश्री बनर्जी ने



कहा कि तृणमूल नेताओं को गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तार किया गया है और उन्हें भी गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक वह यहां से बाहर नहीं जाएंगी। उन्होंने कहा कि विधायक को गिरफ्तार करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति लेना जरूरी है, जो कि इस मामले में नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र को राज्यपाल की मंजूरी दिया जाना एक प्रकार से अवैध है।

# निशंक ने राज्यों के शिक्षा सचिवों से शिक्षा पर की चर्चा

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने सोमवार को राज्यों के शिक्षा सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना जैसी महामारी से निपटने एवं इस महामारी के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई पहल और आगे के रोडमैप पर विस्तृत




चर्चा की। डॉ निशंक ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमने इस महामारी का डट कर सामना किया है और चुनौतियों को अवसरों में बदला है। हमारी संरचित और व्यवस्थित योजना के कारण हम इस अव्यवस्थित समय के दौरान भी अपने छोटे बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सक्षम रहे हैं। हमारे निरंतर और अथक प्रयासों के कारण, हमने अपने स्कूलों में नामांकित देश के 24 करोड बच्चों को शिक्षा प्रदान की है। यह केवल हमारी कड़ी मेहनत और सुनियोजित दृष्टिकोण के कारण ही संभव हुआ है कि हमने घरों को कक्षाओं में बदला और नियमित रूप से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की हैं। इसके साथ हमने एक उदाहरण स्थापित किया है जिसके कारण किसी भी विद्यार्थी के शैक्षणिक वर्ष का कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही उसमें कोई अंतराल आया। उन्होंने अन्य पहलों के बारे में भी विस्तृत चर्चा की और बताया कि हमने कोविड-19 के प्रभाव को कम करने के लिए समग्र शिक्षा के तहत कुल 5784.05 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। इसके अलावा उन्होनें नई राष्टीय शिक्षा नीति के बारे में भी विस्तार से सबको बताया। कोरोना की दूसरी लहर की वजह से आई समस्याओं के बारे में बात करते हुए डॉ. निशंक ने कहा, ÷चूंकि दूसरी लहर पूरे देश में है और चुनौतियां भी बड़ी हैं इस कारण हमें सहयोग और परामर्श के माध्यम से आगामी चुनौतियों के लिए तत्काल आधार पर योजना बनाने की आवश्यकता है।÷ उन्होनें बैठक में उपस्थित सभी शिक्षा सचिवों से आग्रह किया कि वे छात्रों की प?ाई के नुकसान को कम करने और छात्रों के लिए प?ाई के अवसरों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों के अपने समकक्ष सचिवों के साथ सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। डॉ निशंक ने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर ने हमें लंबी अवधि के लिए स्कूलों को बंद करने हेतु मजबूर कर दिया है।

# मोदी पोस्टर विवाद : प्राथमिकी निरस्त करने को लेकर याचिका

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर करके उन सभी लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने का अनुरोध किया गया है, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना वाले पोस्टर लगाये थे। याचिका में पुलिस को यह भी निर्देश दिये जाने का अनुरोध किया गया है कि वह वैक्सीन पर सवाल उठाने वाले पोस्टरों या विज्ञापन पर प्राथमिकी दर्ज न करे या कोई कार्रवाई न करे। याचिकाकर्ता प्रदीप कुमार यादव ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए कहा है कि टीकाकरण नीति पर सवाल उठाये जाने वाले पोस्टरों को लेकर कार्रवाई करना अनुचित होगा और दिल्ली पुलिस को ऐसी किसी भी कार्रवाई से मना किया जाये। श्री यादव ने ऐसी सभी प्राथमिकियों का सारा रिकॉर्ड भी न्यायालय को सौंपने का पुलिस




को निर्देश देने का अनुरोध किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि शीर्ष अदालत पहले ही कह चुका है कि बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में अगर कोई टीकाकरण नीति पर सवाल उठाता है तो इस पर इस तरह कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। याचिका के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने एक ही दिन में 24 प्राथमिकियां दर्ज की हैं और संबंधित लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

## देश में अब तक 18 करोड़ 29 लाख 26 हजार 460 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका

# देश में कोरोना के 2.81 लाख से अधिक नये मामले

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में कोरोना संक्रमण के गंभीर संकट के बीच पिछले 24 घंटो के दौरान 2,81,386 नये मामले सामने आये हैं और 3,78,741 लोगों ने इस महामारी को मात दी है। इस बीच छह लाख 91 हजार 211 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 18 करोड़ 29 लाख 26 हजार 460 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में तीन लाख 78 हजार 741 मरीज स्वस्थ हुए हैं , जिससे रिकवरी दर 84.25 फीसदी हो गई है। अब तक दो करोड़ 11 लाख 74 हजार 076 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इस दौरान 2,81,386 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 49 लाख 65 हजार 463 हो गया। सक्रिय मामले 1,01,461 कम होकर 35 लाख 16 हजार 997 हो गये हैं। इसी दौरान 4,106 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,74,390 हो गयी है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 14.66 प्रतिशत पर आ गयी है, वहीं मृत्युदर अभी 1.09 फीसदी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 25903 कम होकर 4,70,595 हो गये हैं। इस दौरान राज्य में 59318 और मरीजों के ठीक होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 48,26,371 हो गयी है जबकि 974 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 81,486 हो गया है। केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 4681 घटकर 4,41,011 हो गये तथा 34,296 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 17,00,528 हो गयी है जबकि 89 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 6428 हो गयी है।

### विश्व में कोरोना से 16.30 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित

विश्वभर में कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब तक 16.30 करोड़ से अधिक लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं तथा 33.79 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 16 करोड़ 30 लाख 72 हजार 423 हो गयी है, जबकि 33 लाख 79 हजार 462 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 29 लाख 40 हजार से अधिक हो गयी है जबकि 5.86 लाख लोगों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। दुनिया में कोरोना संक्रमितों के मामले में भारत दूसरे स्थान पर और मृतकों के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले 24 घंटों में तीन लाख 78 हजार 741 मरीज स्वस्थ हुए हैं , जिससे रिकवरी दर 84.25 फीसदी हो गई है। अब तक दो करोड़ 11 लाख 74 हजार 076 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इस दौरान 2,81,386 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 49 लाख 65 हजार 463 हो गया। सक्रिय मामले 1,01,461 कम होकर 35 लाख 16 हजार 997 हो गये हैं। इसी दौरान 4,106 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,74,390 हो गयी है।

# कर्नाटक में ताउते का कहर, 8 लोगों की मौत

एजेंसी ➤ मेंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड जिले और मलनाड क्षेत्र में चक्रवाती तूफान ताउते के कारण तेज हवाओं और भारी बारिश से कम से कम आठ लोगों की मौत हो चुकी है। एक दुखद घटना में मेंगलुरु तट से दूर समुद्र में शनिवार को एक नौका पलट गई। स्थानीय लोगों ने ट्यूब का उपयोग करके नाव पर सवार आठ सदस्यों में से तीन लोगों को बचा लिया, जबकि दो लोगों के शव बरामद हो गए हैं और तीन लोग अभी भी लापता हैं।

उपायुक्त डॉ. के. वी. राजेंद्र ने बताया कि नाव 'कोरोमंडल' पर सवार नौ सदस्यों के बचाव अभियान को अंजाम देने के लिए सोमवार को एक हेलिकॉप्टर मेंगलोर हवाई अड्डे पर उतरा और राहत एवं बचाव अभियान सोमवार को शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय तटरक्षक और तटीय सुरक्षा पुलिस



के जवान छह मीटर की ऊंचाई तक उठती लहरों तथा 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं की वजह से समुद्र की स्थिति खराब होने के कारण राहत एवं बचाव अभियान नहीं चला सके थे। इसकी वजह से बचाव अभियान में कमी आई है। भारतीय तटरक्षक का पोत आईएनएस वराह मुल्की रॉक्स से महज 500 मीटर की दूरी पर है और स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। इस बीच दक्षिण कन्नड तथा उडुपी जिलों में बारिश रूक गयी है।

### चक्रवाती तूफान 'ताउते' के कारण रेड अलर्ट जारी

चक्रवाती तूफान 'ताउते' सोमवार शाम तक गुजरात के समुद्र तट से टकराएगा और रात को पोरबंदर एवं महुवा (भावनगर जिला) के बीच गुजरात तट को पार करेगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुजरात और दीव तटों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुये आज यह जानकारी दी। आईएमडी की ताजा जानकारी के अनुसार विकराल रूप धारण कर चुका चक्रवाती तूफान 'ताउते' पिछले छह घंटों के दौरान करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्व-मध्य अरब सागर से होता हुआ उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। 'ताउते' के कारण सोमवार से लेकर मंगलवार दोपहर तक गुजरात के अधिकतर हिस्सों में हल्की से लेकर मध्यम स्तर की बारिश और कुछ स्थानों पर भारी या बहुत भारी वर्षा हो सकती है। गुजरात तट से टकराने के दौरान इस चक्रवाती तूफान की रफ्तार 155-165 से 185 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने का अनुमान है।

# हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में पूरे देश में छत्तीसगढ़ का दूसरा स्थान

## अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में सर्वश्रेष्ठ राज्यों में छत्तीसगढ़





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में देश में छत्तीसगढ़ का दूसरा स्थान है व कर्नाटक राज्य पहले स्थान पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2021-21 के रिपोर्ट अनुसार लक्ष्य को पूरा करने एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय करने के लिए अंतिम तिमाही में राज्यों की रैंकिंग में पूरे देश में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। इस सूची में जहाँ दिल्ली जैसे राज्य सैंतीसवें स्थान पर, राजस्थान छब्बीसवें, उत्तरप्रदेश चैदहवें, मध्यप्रदेश तेरहवें, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्य चौथे व पांचवें पायदान पर हैं वहीं छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ ने कोरोना महामारी के इस कठिन समय में भी अपना नाम देश के शीर्ष राज्यों में शामिल कराया है। राज्य में लक्ष्य से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों में उन्नयन किया गया है ताकि गैर संचारी रोगों के सम्बंध में समस्त सेवाएँ प्रदेश के दूरस्थ अंचलों के लोगों को भी मिल सके।

कोरोना के इस दौर में हेल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टरों के माध्यम से राज्य के 5 लाख से अधिक लोगों को घर तक दवाईयां पहुंचाई गई। जिसमें 1 लाख 96 हजार 375 मरीजों को डायबीटिज, 1 लाख 32 हजार 330 मरीजों को हाईपरटेन्शन, 5 हजार 279 मरीजों को टी.बी., 2 हजार 727 मरीजों को कुष्ठ व 1 लाख 85 हजार 470 गर्भवती माताओं को उनके घर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी दवाईयां पहुंचाई गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया की राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के सहयोग से हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता को बनाए रखा। सुरक्षित टीकाकरण, बुजुर्गों की देखभाल, गंभीर मरीजों को घर पहुँच दवा की उपलब्धता, माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल और प्रसव संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने में इन सेंटरों ने कीर्तिमान स्थापित कर राज्य का मान बढ़ाया है।

डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अमलों एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेण्टर की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इतने मुश्किल और चुनौतीपूर्ण समय में भी हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों के अमले ने अपने कर्तव्य का निर्वहन सर्वश्रेष्ठ रूप से किया है जो निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है। कोरोना के विरुद्ध जंग में भी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। कोरोना जांच, उपचार, टीकाकरण और सर्विलेंस जैसे मोर्चे पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लगातार अच्छा काम कर रहे हैं।

# पार्षद वार्डों में हर व्यक्ति का राशनकार्ड बनाकर प्राथमिकता से करें वितरण : वन मंत्री अकबर

## अकबर ने कवर्धा नगर पालिका परिषद के पार्षदों से की चर्चा

- कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान में सहयोग देने की अपील





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज राजधानी के शंकर नगर स्थित निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभी पार्षदों से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान कोरोना से बचाव तथा नियंत्रण के उपायों पर चर्चा करते हुए सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्ड में स्वच्छता सहित जनसुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने वार्डों में हर व्यक्ति का राशनकार्ड और पात्रतानुसार आवासीय पट्टा बनाकर उसका जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इन महत्वपूर्ण योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष ऋषि शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित थे।

वन मंत्री अकबर ने सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्ड में कोरोना नियंत्रण के उपायों पर प्रभावी अमल सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही वे वहां वार्ड में जरूरत के मुताबिक मरीजों का तत्परता से इलाज के लिए हर संभव मदद पहुंचाएं। इसके अलावा कोरोना संकट के इस दौर में आवश्यकता के अनुरूप अपने-अपने वार्ड में सूखा राशन तथा निःशुल्क दवा आदि के वितरण के लिए भी आवश्यक पहल करें, जिससे जरूरतमंद लोगों को भोजन तथा दवाई आदि के लिए कोई असुविधा न हो। वन मंत्री अकबर ने कोरोना से बचाव के लिए वर्तमान में संचालित टीकाकरण अभियान में भी सभी पार्षदों को भरपूर सहयोग देने के लिए कहा। उन्होंने पार्षदों की मांग पर मरीजों के बेहतर इलाज सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय कवर्धा में सीटी स्केन मशीन स्थापित करने तथा वेंटिलेटर की संख्या को और ब?ाए जाने के संबंध में आश्वस्त भी किया। इससे कवर्धा क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए भटकना नही प?ेगा और स्थानीय स्तर पर ही इलाज की अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

वन मंत्री अकबर ने इस दौरान चर्चा करते हुए सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्ड में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने वार्डो के नियमित साफ-सफाई तथा स्वच्छता पर भी सतत रूप से निगरानी रखने के लिए कहा। उन्होंने जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वार्ड क्रमांक-26 गुरू गोविंद सिंह वार्ड में तालाब का निर्माण, वार्ड क्रमांक-23 में पानी टंकी का नवनीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक-24 में पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण तथा वार्ड क्रमांक-27 में एक सामुदायिक भवन के निर्माण की शीघ्र स्वीकृति के लिए आश्वस्त किया। इसी तरह उन्होंने वार्ड क्रमांक-21 में सीसी रो? निर्माण तथा तालाब का सौंदर्यीकरण, वार्ड क्रमांक-25 में मंच का निर्माण और वार्ड क्रमांक-3 में भी सामुदायिक भवन के शीघ्र निर्माण के लिए आश्वस्त किया।

# कोटा टीकाकरण केन्द्र में टीका नहीं लगाने से पंजीकृत लोगों ने किया हंगामा

- ऑनलाईन पंजीयन कराने के बाद केन्द्र से लौटाया जा रहा लोगों को

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के कोटा स्थित टीकाकरण केन्द्र में लोगों ने आज जमकर हंगामा किया। ऑनलाईन पंजीयन कराने के बाद यहां पहुंच रहे लोगों को दोबारा पंजीयन कराने के लिए कहते हुए वापस लौटाया जा रहा है, जिससे लोगों में गुस्सा देखा जा रहा है। राजधानी रायपुर में कोरोना का टीका के लिए कई अस्थायी टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है। इनमें कोटा में भी एक केन्द्र बनाया गया है। टीकाकरण के लिए सीजी टीका पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद आज कई लोग जब कोटा केन्द्र पहुंचे तो वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उन लोगों को यह कहकर वापस लौटा रहे है कि टीका की उपलब्धता के अनुसार आज सिर्फ उन्हीं लोगों को टीका लगेगा, जिन्होंने आज की तारीख में पंजीयन कराया है। इसलिए जिन लोगों ने पूर्व में ऑनलाइन पंजीयन कराया है उन्हें दोबारा ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। स्वास्थ्य कर्मियों की बात सुनकर लोग आक्रोशित हो गये और वहां हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा करने वाले लोगों का कहना है कि 16 मई को भी वे टीका लगवाने के लिए पहुंचे थे लेकिन उस दिन भी उन्हें यहीं कहकर वापस लौटा दिया गया था और जब वे दोबारा यहां पहुंचे तो उन्हें फिर से पंजीयन कराने की बात कहीं जा रही है। लोगों का कहना है कि जिस तरह से टीकाकरण केन्द्रों में यह स्थिति बन रही है उससे यहीं लग रहा है कि ऑनलाईन पंजीयन की व्यवस्था में या तो खराबी है या फिर टीका की उपलब्धता के अनुसार पंजीयन नहीं कराया जा रहा है।

# वैक्सीन बर्बादी पर सीजी हाईकोर्ट हुआ सख्त, बची हुई डोज अन्य वर्ग को शिफ्ट किए जाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में 18+ वैक्सीन बर्बादी को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। कहा कि सेंटर के बाहर लोगों की लंबी लाइन लगी है। ऐसे में वैक्सीन की बर्बादी रोकनी होगी। एक जगह बच रही है तो उसे अन्य वर्ग के लिए शिफ्ट करें। साथ ही इस मामले में कोर्ट ने दो दिन में सरकार को शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**सीजी-टीका पर भी सवाल, पंजीकरण के बाद भी वैक्सीन नहीं :** हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में यह जनहित याचिका लगाई गई है। अधिवक्ता पलाश तिवारी, राकेश पांडेय, हिमांशु चौबे, सब्यसाची भादुड़ी और अनुमय श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने अपने 9 पेज के जवाब में वैक्सीनेशन के लिए सीजी-टीका को भी जोड़ा है। इस पोर्टल में टीके के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा, पर इसकी व्यवस्था सही नहीं है। इसके कारण पंजीकरण के बाद भी वैक्सीन नहीं लग पा रही है।



**जितनी डोज सेंटर को भेजी गई, उतने ही रजिस्ट्रेशन दिए जाएं :** अधिवक्ता पलाश तिवारी ने कहा कि हर वैक्सीनेशन सेंटर के बाहर लंबी-लंबी लाइन लग रही है। लोग घंटों खड़े रहते हैं, फिर लौट जाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के कोविन एप में वैक्सीन लगवाने के लिए 5 दिन आगे तक की तारीख मिल रही है, लेकिन सीजी-टीका में सही व्यवस्था नहीं है। इसमें भी ऐसा होना चाहिए कि उतने ही हर सेंटर के लिए रजिस्ट्रेशन मिले, जितनी वैक्सीन की डोज उपलब्ध कराई गई है। जिससे लोग परेशान न हों।

**सरकार की ओर से कहा गया- बची वैक्सीन दूसरे वर्ग में शिफ्ट कर रहे :** अधिवक्ता अनुमय श्रीवास्तव ने कहा, वैक्सीन बच जा रही है तो बाकी का क्या होगा उसका पता नहीं है। अंत्योदय में जो वैक्सीन बच जाती है, उसे दूसरे वर्ग के लिए शिफ्ट करें। जिससे बेकार न हो। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि हम शिफ्ट कर देते हैं। वैक्सीन की बर्बादी को रोक रहे हैं। इस पर कोर्ट ने सरकार को दो दिन में इस मामले और 9 पेज की नीति को लेकर शपथ पत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# उत्तर विधानसभा के सफाई कर्मचारियों को युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शिंदे ने की भाप मशीन भेंट

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त वार्डों के सम्मानीय सफाई कर्मचारियों को आज युवा कांग्रेस के रायपुर उत्तर विधानसभा अध्यक्ष आशीष शिंदे ने भाप मशीन भेंट की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शिंदे ने बताया हम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सोच जो उन्होंने इस कोरोना संकट काल में प्रदेश भर की जनता के लिये वैक्सीन फ्री किया उससे प्रेरणा लेते हुये हमने तय किया की हम भी अपने कार्यक्षेत्र (रायपुर उत्तर विधानसभा) में कुछ ऐसा करें की जिससे हम भी इस कोरोना बीमारी से चल रही जंग में अपने लोगों की ताक़त बन सकें।

तब फिर हमने एक रूपरेखा बनायी की कोरोना से चल रही इस जंग में जो लोग सबसे आगे होकर इस जंग का हिस्सा बने हुये है उनके लिये हम एक अभियान की शुरुआत कर उन्हें ऐसे सामान से सम्मानित करें जो इस कोरोना बीमारी से बचाव के लिये उपयोगी हो और उनका इस कोरोना से जंग में आत्मविश्वास भी बढ़ा रहे। पहले चरण में हमने उन लोगों का जो अपनी जान जोखिम में डाल कर इस कोरोना बीमारी से लगातार लड़ाई लड़ रहे है और हर आवश्यक समाचार हम तक पहुंचा रहे है । ऐसे हमारे शहर रायपुर के सम्मानीय पत्रकारों को प्रेस क्लब पहुंच कर भाप मशीन भेंट कर उनका सम्मान किया। उसके बाद दूसरे चरण में हमने रायपुर उत्तर विधानसभा के सभी थानो के सम्मानीय पुलिसकर्मियों को दिन रात इस विपदा में जनता की सुरक्षा और सेवा में डटे हुये है उन्हें भाप मशीन भेंट कर सम्मानित किया।

उसके बाद आज तीसरे चरण में हमने रायपुर उत्तर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड जिनमें ज़ोन 2 के अंतर्गत आने वाले 6 वार्डों के कर्मचारियों के लिये डिप्टी कलेक्टर मुकेश कोठारी जी की उपस्थिति में ज़ोन कमिश्नर विनय मिश्रा जी को और ज़ोन 3 के अंतर्गत आने वाले 6 वार्डो के लिये प्रभारी कमिश्नर प्रधान जी को भाप मशीन सौंपी । इसके आलावा वह वार्ड जो यह भी उत्तर विधानसभा का हिस्सा है। शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, तातयापारा वार्ड, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड, पंडित रविशंकर शुक्ला वार्ड, यह सभी वार्डों के पार्षदों को सफाई कर्मचारियों के लिये हमने भाप मशीन भेंट की है इस तरह हमने उत्तर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों के कुल 615 सम्मानीय सफाई कर्मचारियों का जो इस संकट की घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बगैर अपने कर्तव्य का लगातार पालन कर रहे है आज उनका सम्मान भाप मशीन भेंट कर किया। आगे अध्यक्ष आशीष ने कहा मुझे पूरा यक़ीन है अगर हम इसी तरह अपने समाज में एक दूसरे का विश्वास बन हौसला बढ़ाते रहे तो जरूर जल्द ही कोरोना बीमारी से चल रहे इस युद्ध पर विजय प्राप्त करेंगे।

# एक चक्के में चल रही है छत्तीसगढ़ सरकार की बैलगाड़ी : अमित जोगी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने 18 से 44 वर्ष के आयुवर्ग लोगों के टीकाकरण में जोर-शोर से शुरू हुई सीजी टीका पोर्टल के बंद होने और इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री के अधीनस्थ विभाग चिप्स को व्यवस्था सुधारने के लिए पत्र लिखे जाने पर सवाल उठाते हुए कहा मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के संवादहीनता और समन्वय की कमी है, एक चक्के में छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ सरकार की बैलगाड़ी लड़खड़ाते हुए चल रही है जिसका खामियाजा छत्तीसगढ़ की जनता को भोगना पड़ रहा है।

अमित जोगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ऑनलाइन शराब के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पंजीयन से लेकर घर घर शराब पहुंचाने का काम सुचारू रूप से किया जा रहा है, वहीं जीवनदायिनी रक्षक टीका के लिए अब छत्तीसगढ़ के नौजवानों को फिर से लंबी लाइन लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ सरकार ने 18-44 आयुवर्ग के लोगों के टीकाकरण के लिए जोर शोर से सी जी पोर्टल चालू किया था लेकिन सरकार की अकर्मण्यता, गैरजिम्मेदारी और लापरवाही के कारण पोर्टल खराब हो गया है। व्यवस्था की कुछ ही दिन में पोल खुल गई। जिस कारण न सिर्फ स्वास्थ्य विभाग को पत्राचार करना पड़ रहा बल्कि अब ऑनलाइन की जगह मैनुअल टीकाकरण किया जाएगा जोकि छत्तीसगढ़ के नौजवानों के जान के साथ खिलवाड़ है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री गोयल को अनुमति के लिए भेजा प्रस्ताव

# मुख्यमंत्री बघेल द्वारा प्रधानमंत्री से 20 फीसदी आक्सीजन के औद्योगिक उपयोग के अनुरोध पर केन्द्र सरकार ने मांगा प्रस्ताव

- वीडियो कांफ्रेंस और दूरभाष पर चर्चा के दौरान बघेल के अनुरोध पर प्रधानमंत्री ने दिया था विचार का आश्वासन
- ऑक्सीजन की कमी के कारण राज्य की सभी स्टील निर्माता इकाईयां बंद पड़ी है, लाखों मजदूर हो गये





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से कल 16 मई को दूरभाष पर हुई चर्चा और इसके पहले प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्रियों के साथ ली गई वीडियो कांफ्रेसिंग में कोरोना की स्थिति में सुधार तथा आक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए स्टील उद्योगों को 20 फीसदी आक्सीजन के उपयोग की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। मोदी ने इस पर विचार का आश्वासन दिया था। इसके बाद बघेल से फोन पर हुई चर्चा में केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा था।

जिस पर मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने आज केन्द्रीय मंत्री गोयल को पत्र लिखकर स्टील उद्योगों को छत्तीसगढ़ में उत्पादित आक्सीजन की 20 प्रतिशत मात्रा के उपयोग की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल को भेजे पत्र में लिखा है कि - छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न इकाईयों की कुल दैनिक ऑक्सीजन उत्पादन की क्षमता 462 मीट्रिक टन है। सामान्य परिस्तिथियों में राज्य की स्टील निर्माता कम्पनियों को ऑक्सीजन निर्माताओं द्वारा ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाती है। कोरोना महामारी के इस बढ़ते प्रकोप के कारण केंद्र सरकार ने देश में ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उत्पादित ऑक्सीजन के औद्योगिक उपयोग पर रोक लगा दी थी। राज्य सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि राष्ट्रीय आपदा की घड़ी में राज्य के सभी ऑक्सीजन उत्पादकों द्वारा अनेक राज्यों को उनकी आवश्यकता एवं माँग के अनुरूप ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाए। 15 मई 2021 की स्थिति में राज्य के कोरोना मरीजों के उपचार हेतु 114.93 मीट्रिक टन तथा अन्य राज्यों को 175.27 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति की गयी। जबकि 28 अप्रैल 2021 की स्थिति में राज्य की ऑक्सीजन की कुल आवश्यकता 149.83 मीट्रिक टन तथा अन्य राज्यों की कुल आवश्यकता 340.18 मीट्रिक टन की आपूर्ति राज्य के ऑक्सीजन निर्माताओं द्वारा की गयी। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया है कि कोरोना महामारी की स्थिति में निरन्तर सुधार हो रहा है। ऑक्सीजन उत्पादक इकाईयों को ऑक्सीजन की मांग के अभाव में क्षति हो रही है तथा ऑक्सीजन की कमी के कारण राज्य की सभी स्टील निर्माता इकाईयां बंद पडी है, जिसके कारण लाखों मजदूर बेरोजगार हो गये है। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अनुरोध है कि राज्य की स्टील निर्माता इकाईयों को राज्य में उत्पादित 20 प्रतिशत मात्रा (92 मीट्रिक टन) के उपयोग की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें। भविष्य में किसी भी समय अतिरिक्त मेडिकल ऑक्सीजन की मांग यदि उत्पन्न भी होती है, तो स्टील निर्माता इकाईयों को ऑक्सीजन की आपूर्ति रोकी जा सकती है।

## रायपुर पुलिस ने एक तस्कर को 80 हजार के गांजे के साथ पकड़ा

**रायपुर।** ऑपरेशन क्लीन के तहत हुई कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री एवं तस्करी करने वाले एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी, कि आज एक व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीआर 5131 हौंडा शाइन से पठारीडी से उरला की ओर आ रहा है, भारी मात्रा में मादक पदार्थ रखने की सूचना पर हम. एसआई तपेश्वर नेताम आरक्षक 2227 राजेंद्र तिवारी आरक्षक 1319 दीपक सिंह के द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को तस्दीक करने पर आरोपी के पास एक थैले में 10 पैकेट प्रत्येक में 1-1 किलो गांजा मादक पदार्थ भरा हुआ मिला कीमती 80000 हजार व बिक्री रकम 1000 आरोपी के कब्जे से बरामद किया आरोपी किशन जगत पिता महेश जगत उम्र 33वर्ष निवासी कुम्हारी ज़िला दुर्ग का कृत्य अपराध धारा 20( ख ) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## जुआ खेलते 08 गिरफ्तार, नगदी एवं ताश की 52 पत्ती जब्त

**रायपुर।** जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापामाकर 08 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5980 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 16 मई रविवार को गांधी चौक नेवरा के पास जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर शाम 6 बजे के करीब सूरज चौहान 30 वर्ष पिता तिलकराम चौहान एवं अन्य 04 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास व फड से 3350 रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती बरामद की है।

# नारायणपुर उपजेल में फूटा कोरोना बम

## उपजेल के अंदर अलग बैरंग रखकर किया जा रहा इलाज




**3 गुना ज्यादा विचाराधीन कैदी**

नारायणपुर उपजेल में विचाराधीन कैदी को रखने की क्षमता 50 है । लेकिन नारायणपुर उपजेल में वर्तमान समय मे क़रीब 146 कैदी को को रखा गया हैं। इससे कोरोना संक्रमण काल मे क्षमता से 3 गुना ज्यादा कैदी सजा काट रहे है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। नारायणपुर उपजेल की क्या स्थिति होगी।

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण शहर सहित ग्रामीण अंचल को अपनी चपेट में लेने के बाद अब नारायणपुर उपजेल के अंदर भी दाखिल हो गया है। इससे उपजेल में कोरोना विस्फ़ोट होते नजर आया है। इसमे नारायणपुर उपजेल में 2 कर्मचारी सहित अभी तक 54 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए है। इनमे 52 विचाराधीन कैदी शामिल है। इन कैदियों को उपजेल के अंदर अलग बैरक में रखकर इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार काम होने नाम नही ले रही है। कोरोना की दूसरी लहर के शुरुआती शहरी क्षेत्र से सबसे ज्यादा मरीज सामने आने के बाद ग्रामीण अंचल में भी अपने पैर पसारना शुरू कर दिए है। इससे ग्रामीण अंचल में हुए विवाह समारोह के कार्यक्रम से कोरोना संक्रमण ने विक्राल रूप ले लिया। इससे अब ग्रामीण अंचल से कोरोना संक्रमण के ज्यादा केस सामने आ रहे है। वही कोरोना संक्रमण अब जेल के अंदर तक दाखिल हो गया है। इससे जिले में सजा काट रहे विचाराधीन कैदी इसकी चपेट में गए है। इससे 12 मई को नारायणपुर उपजेल में एंटीजेन से 42 सैम्पल लिए गए थे। वहीट्रू नॉट से 37 सैम्पल की जांच की गई थी। इससे 12 मई को 9 पॉजिटिव केस सामने आए थे। वही 13 मई को एंटीजेन 96 और ट्रू नॉट 95 सैम्पल लिए गए थे। इसमे 3 कोरोना संक्रमित सामने आए थे। वही 14 मई को ट्रू नॉट सैम्पल जांच में 4 ओर 15 मई को 20 पॉजीटिव केस सामने आए थे। वही रविवार 16 मई को ट्रू नॉट सैम्पल जांच में 18 पॉजिटिव केस सामने आए है। इस तरह नारायणपुर उपजेल में 5 दिन में 54 पॉजिटिव केस सामने आए है। इनमे 2 उपजेल के कर्मचारी और 52 विचाराधीन कैदी शामिल है। इससे कोरोना संक्रमित कैदियों को अलग बैरक में रखकर स्वास्थ्य विभाग के देखरेख उनका इलाज किया जा रहा है। इससे नारायणपुर उपजेल को कोरोना संक्रमण ने पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया है। इससे उपजेल में 50 से अधिक कैदी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए है।

# आंधी-तूफान में राशन दुकान की उड़ी छत

## उपस्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन में हो रहा है राशन दुकान का संचालन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पंचायत बड़े-जम्हरी शासकीय उचित मूल्य की दुकान की छत आंधी-तूफान में उड़ जाने के कारण चावल , शक्कर और गुड़ खराब हो गया था लेकिन एक माह बीतने के बाद भी ग्राम पंचायत के सरपंच -सचिव द्वारा अब तक भवन की मरम्मत नही कराये जाने के चलते राशन दुकान का संचालन जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन में किया जा रहा है । जहाँ बारिश होने पर पानी टपकता है और छत भी जर्जर होने से गिरने का भय भी बना रहता है । दुकान की महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष राजमती गावड़े का कहना है कि राशन दुकान की छत उड़ने के कारण उपस्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन में राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है लेकिन पंचायत द्वारा एक माह बीतने के बाद भी मरम्मत नहीं कराया गया है जिसके चलते राशन वितरण करने भी काफी परेशानी होती है पानी गिरने से पानी भी टपकता है । उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन छोटा होने के कारण राशन रखने में परेशानी हो रही है इसलिए मई जून माह का राशन भी नही मंगा पा रहे है ।

# एसडीएम प्रकाश भारद्वाज द्वारा ग्रामीणों को दिया गया समझाइश



**किरंदुल।** पहाड़ी के पार लोहा गांव के ग्रामीण जो बाजार एवं खरीददारी के लिए पूरी तरह किरंदुल नगर पर आश्रित है।बता दें रविवार एवं बुधवार को किरंदुल में साप्ताहिक बाज़ार लगती है जो लॉकडाउन के कारण अभी बंद है लेकिन जानकारी के अभाव में कुछ ग्रामीण खरीददारी करने के लिए किरंदुल पहुंचे हुए थे।जिन्हें एसडीएम प्रकाश भारद्वाज द्वारा ग्रामीणों को बिस्किट मास्क का वितरण कर उन्हें समझाइश दिया गया कि कोरोनावायरस बढ़ रहा है इसलिए सप्ताहिक बाजार बंद है साथ ही पूरे गांव में जानकारी दे कि सप्ताहिक बाजार के दिन किरंदुल ना आए।एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों को फिलहाल शहर न आने हेतु समझाइश दिया गया है साथ ही ग्रामीणों की सहूलियत के लिए राशन किट वितरण करने हेतु एनएमडीसी प्रबंधन को आदेश किया गया है।

# कोरोना टीकाकरण के लिए पंजीयन में सहायता के लिए गांवों में स्थापित करें हेल्पडेस्क

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना टीकाकरण के लिए पंजीयन में सहायता के लिए गांवों में हेल्पडेस्क की स्थापना के निर्देश दिए गए। सोमवार को कोरोना टास्क फोर्स की वर्चुअल बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री इंद्रजीत चंद्रवाल ने यह निर्देश देते हुए कहा कि इस हेल्पडेस्क के माध्यम से अंत्योदय, एपीएल, बीपीएल वर्ग के साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और फ्रंटलाइन वर्कर की सहायता भी की जाए। उन्होंने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु और फ्रंटलाइन वर्कर का पंजीयन कोविन पोर्टल और 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के सभी हितग्राहियों का पंजीयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ किये गए सीजी टीका पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने पंजीयन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा नियुक्त अधिकारियों से संपर्क करने के निर्देश दिए।

चंद्रवाल ने इसके साथ ही टीकाकरण की स्थिति, टीकों एवं अन्य औषधियों की उपलब्धता और कोरोना के रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विकासखंड स्तर पर आइसोलेशन केंद्र के स्थापना की प्रगति, होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों को दवाइयों के वितरण की व्यवस्था और भीड़भाड़ उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। टीकाकरण के संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 18 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिये 10 हजार 980 टीका के डोज उपलब्ध हैं, वहीं 45 वर्ष से अधिक आयु वाले हितग्राहियों के लिए 16 हजार 420 डोज उपलब्ध हैं तथा टीकाकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आइसोलेशन केन्द्रों की स्थापना में तेजी लाने, मास्क व सेनेटाइजर निर्माण तथा कंटेन्मेट जोन की निगरानी में महिला स्वसहायता समूहों की सहायता लेने के निर्देश दिए।

# बच्चा चोरी करने के शक में भीड़ ने अनजान अधेड़ को पीटा, गम्भीर चोट लगने से हुई मौत

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com






ग्राम गोडरी में बच्चे उठाने के शक के चलते जो घटनाएं हुई है उनमें भीड़ का अलग ही रूप देखने को मिला है। दरअसल घटना अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोडरी का है जहां मॉब लीचिंग का शिकार अज्ञात मृतक की मिली जानकारी अनुसार ग्राम गोडरी के सुल्ली पारा में हिंसक भीड़ ने बच्चा चोरी करने के शक में अज्ञात व्यक्ति को पकड़कर पीटा चोट लगने से अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई, अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त नही होने से पोस्टमार्टम कर पुलिस विभाग के द्वारा अज्ञात लाश को दफनाया गया , पुलिस कार्यवाही करने में जुटी है जिसमे अभी तक ग्राम गोडरी सूलीपारा के 4 लोगो की पहचान की गई है जिन्हें जेल भेज दिया गया है , इनके खिलाफ धारा 302 एवं 34 के तहत कार्यवाही की गई है ।

मॉब लींचिंग की ये घटनाएं बच्चे चोर अफ़वाहों के चलते भीड़ ने अनजान शख्स को मौत के घाट उतारा है. अन्तागढ़ के आस पास में इस अनजान शख्स को 3 - 4 दिन पहले देखा गया था जो एक मानसिक रूप से कमजोर जैसे हरकते करते देखा गया था , जो घूमते फिरते गोडरी जाने की संभावनाए है , लोगो के बताए अनुसार किसी के घर मे घुसने की कोशिश कर रहा था , बच्चे चोरी के शक में लोग इकट्ठे हो गए जहाँ यह घटनाएं घटित हुई है , इसमें भीड़ के गुस्से के पीछे एक गहरी चिंता भी दिखाई देती है।

बच्चे चोरी होना किसी के लिए भी बहुत बड़ा डर है. ये सोचने भर से लोगों की घबराहट बढ़ जाती है। भीड़ का उग्र होना और गुनाहगार को खुद से सजा देना एक पल भी ये जाने बिना की अनजान व्यक्ति बीमार है या भूखा प्यासा है , क्या मानसिक रूप से कमजोर तो नही है , फिर भी भीड़ उसे पकड़कर उसे पीटता है सच उगलवाने की कोशिश भी करता है लेकिन गम्भीर चोट लगने के कारण उसकी जान चली जाती है , अब गांव के लोगो को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है , यह एक अजीब और पुराना तरीका है जिसमे क़ानून-व्यवस्था के ऊपर हमे भरोसा ही नही रहता और जल्दबाजी में घटना को अन्जाम दे बैठते हैं , आस पास जब भी ऐसा घटना घटित होता है तो सबसे पहले हमें पुलिस को सूचना देकर पुलिस की मदद लेनी चाहिए।

# बचेली में लॉक डाउन बढ़ने से व्यापारी हताश और निराश : फिरोज नवाब

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com




लौह नगरी बचेली में करोना का प्रकोप बढ़ने के कारण 13 अप्रेल 2021 सख्त लॉक डाउन किया गया और आज करोना प्रकोप बैलाडीला क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश में कम होने लगा उसके बावजूद प्रशासन ने दन्तेवाड़ा जिला के साथ पूरे बचेली बैलाडीला को 31 मई तक का पुनः बंद का आदेश जारी कर दिया, जिससे व्यापारी गण बेहद निराश और हताशा हो गए है, बचेली के बहुत से युवा व्यापारी जैसे फ़िरोज़ अतुल सुजीत जैसे बहुत से युवा व्यापारी का कहना है कि इस तरह का हम सभी लोगो का यह व्यापार लगभग दूसरा साल से ऐसा ही चल रहा है और आगे व्यापार हमे करोना के संग संग यानी उनसे बचाव करके ही अब व्यापार करना सीखना है और हम लोगो ऐसा व्यापार करना सीख लिया है।

लगभग बचेली के बहुत से व्यापारीगण ने तो दो गज की दूरी को आत्मसात किया ही है और उसे अपने दुकान पे इसे क्रियान्यवन भी किया है जैसे बहुत से दुकानों ने बेरिकीट लगाया है और बैलाडीला बचेली के सभी दुकानदार अपने ग्राहकों को मास्क के लिए अनिवार्य रूप से बोलते ही है बहुत से दुकानों के अंदर सेनिटाइजर के इस्तेमाल किये बिना प्रवेश वर्जित किया जाता हैं। इस तरह से इन व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने सख्त से सख्त लॉक डाउन किया और केवल केवल व्यापारी ही इस लॉक डाउन का और शासन के आदेश का पूर्णतः पालन किया परन्तु बदले में प्रशासन ने कभी भी कोई व्यापारी से दो टूक बात करना या व्यापारी गण से कोई राय भी नही लिया गया।

यही कारण है कि व्यापारी प्रशासन का साथ देकर भी निराश और हताश हो गया है। इन युवा व्यापारियों का कहना है कि शासन बंद करे और करोना के इस जंग को जीतने भरसक प्रयास करे। व्यापारी भी चाहते है कि कम से कम आड ईवन यानी एक दिन छोड़ एक दिन का व्यापार या बचेली के व्यापार क्षेत्र को चार भाग में विभक्त कर बारी बारी से दुकान खोलने की अनुमति दे या कम से कम सुबह 10 से 2 बजे तक भी व्यपार करने की अनुमति दे सकते है। इस तरह व्यापारी अपना व्यापार को सुरक्षा के साथ व्यापार करना चाहता है सभी व्यापारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उंन्हे कैसे भी व्यापार की अनुमति प्रदान करे चाहे वो केवल 2 या घण्टे भी हो और सुरक्षा के नियम भले कड़े कर दिया जाए क्योंकि व्यापारी भी अपना और अपने परिवार को सुरक्षित रखना चाहता है।

# प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

वर्ष 2021-22 में जिला खनिज न्यास निधि से किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया।उक्त बैठक में बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद दीपक बैज मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं बीजापुर के एनआईसी कक्ष में स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल सहित जिला खनिज न्यास समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल नें वर्ष2021-22 में न्यास निधि से किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क,पानी के समुचित व्यवस्था पर जोर दिया गया है।प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल नें स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था के लिये आवश्यक पहल करने,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आक्सीजन युक्त अतिरिक्त बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा इसके अतिरिक्त बिजली, पानी ,सड़क, जैसी मूलभूत सुविधाओं पर जोर दिया और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जिले के विकास सुनिश्चित होगा सैकड़ों बंद पड़े स्कूल को पुनः प्रारंभ किया गया है । विधायक विक्रम शाह मंडावी नें कहा लोगों की मांग एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन के मंशानुरूप कार्य किया जा रहा है।कोविड संक्रमण से निपटने शासन -प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।शिक्षा, स्वास्थ्य ,कृषि सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए जीविकोपार्जन की गतिविधियों को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान खनिज न्यास निधि के सदस्य सहित सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू,सीएमएचओ बीआर पुजारी, सहायक आयुक्त आदिवासी श्रीकांत दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कुल खरीदी फड़ों की संख्या 185**

# केसकाल तेंदूपत्ता जिला यूनियन में 16 समितियों से 11 समिति की पत्ता खरीदी : सूरज बघेल

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com





मौसम खराबी के चलते तेज हवा वर्षा के चलते तेंदूपत्ता गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ वन मंडल केसकाल का जिला यूनियन अंतर्गत कुल लघु वनोपज समितियां से वर्ष 2021 की तेंदूपत्ता सीजन वर्ष में 11 लघु वनोपज समितियों के पत्ता खरीदी शासन के तरफ से वन विभाग द्वारा कराया जा रहा है 16 समितियों में से मात्र 04 समितियों के पत्ता को ठेकेदार द्वारा संचालित किया जा रहा है उपरोक्त जानकारी श्री सूरज बघेल उप प्रबंध संचालक सहकारी वनोपज समिति जिला यूनियन वन मंडल केशकाल से प्राप्त जानकारी में बताया है! तेंदूपत्ता संग्रहण कार्यो पर अपनी जानकारी में अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2021 की सीजन में पत्ता तुडाई प्रारंभ होने के बाद मौसम अचानक खराब होने के चलते पत्ता की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ने के साथ वन मंडल केशकाल अंतर्गत वर्षा पानी तथा कोरोना संक्रमण के चलते केशकाल वन मंडल अंतर्गत तेंदूपत्ता खरीदी की लक्ष्य पूरा होने के लिए मौसम पानी बाधा उत्पन्न होने का अंदेसा बताया है! वन मंडल केशकाल अंतर्गत संचालित 16 समितियों में मुख्य रुप से केशकाल वनोपज समिति , मूरवेण्ड , अडेंगा, बहीगांव, धनोरा एंव ईरागांव के साथ 4 समितियॉ वन परिक्षेत्र केशकाल अंतर्गत संचालित है इसी प्रकार वन मंडल केसकाल अंतर्गत क्रमशः 04 वन परिक्षेत्र है जिसमें दूसरा परिक्षेत्र बड़ेराजपुर ( विश्रामपुरी) है जिसमें विश्रामपुरी, सलना, बांसकोट के साथ 3 लघु वनोपज समितियां हैं इसी प्रकार वन परिक्षेत्र बड़ेडोगर अंतर्गत बडेडोंगर , चिंगनार, देवगांव, एंव फुन्डेर प्राथमिक वनोपज समितियां संचालित है, चौथा परिक्षेत्र फरसगांव है, इसमे फ़रसगांव, लंजोड़ा, भुमका प्राथमिक वनोपज समितियों के साथ तीन समितियां है, इसी प्रकार 16 समितियों से इस बार शासन से कुल लक्ष्य 22600 मानक बोरा कि लक्ष्य दिया गया है! श्री सूरज बघेल उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन केशकाल ने आगे जानकारी में बताया है कि इस वर्ष 2021 को जिला सहित प्रदेश भर में बढ़ते कोरोना संक्रमण व लाक डाउन को देखते हुए पत्ता संग्रहण कर्ताओ को उनके बैंक एवं पोस्ट ऑफिस का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा संग्रहण कताओं के परेशानियों को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा शासन को प्रेषित ज्ञापन व मांग को देखते हुए राज्य शासन द्वारा क्षेत्र के जन भावनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस बार संग्रहण कताओं को नगद भुगतान करने राज्य शासन से आदेश निर्देश मंडल केशकाल को प्राप्त हुआ है इसके तहत विभाग द्वारा नगद भुगतान कराने हेतु आदेश निर्देश दिए जाने की जानकारी दी है! तेंदूपत्ता संग्रहण कताओं को उनके पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान कि स्वागत क्षेत्र के संग्रहण कर्ताओ द्वारा की है ! क्षेत्र के संग्रहण कताओं ने शासन व स्थानीय विधायक को धनयवाद व अभार प्रकट की है।

# बेवजह घूम रहे लोगों पर प्रसाशन एवं पुलिस द्वारा की गई चालानी कार्यवाही





पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

तेजी से फै ल रहे कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु लगातार प्रसाशन द्वारा लोगों को घर में ही रहने की अपील की जा रही है साथ ही किरंदुल में भी कोरोना संक्रमण काफी तेजी से फै ल रहा है जिससे लोगों को एहतियात बरतना बेहद ज़रूरी है दूसरी ओर कई लोग इस भयंकर महामारी में भी लापरवाही करते हुए बेवजह सड़कों पर निकल रहे है ऐसे लोगों पर रविवार देर रात को एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में चालानी कार्यवाही की गई इस दौरान अनावश्यक सड़कों पर निकल रहे लोगों को उठक बैठक भी कराया गया साथ ही 40 लोगों से 9500 रु का जुमार्ना लिया गया।मौके पर थाना प्रभारी डी के बरवा,नोडल अधिकारी गौरीशंकर तिवारी एवं प्रसाशन की टीम मौजूद था।



# सब्जी विक्रेताओं को सुबह 3 घंटे सब्जी बेचने की अनुमति की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



17मई सुबह से शासन द्वारा दुकानों को खोले जाने को लेकर नई गाइडलाइंस से सब्जी व्यवसायियों में आक्रोश देखने को मिल रहा है जिसमें कच्चे माल का काम करने वाले सब्जी व्यवसाई सबसे प्रमुख है सब्जी व्यवसाई संघ के अध्यक्ष शंकर जायसवाल ने बताया की शासन द्वारा नई गाइडलाइंस दुकान खोलने को लेकर आई है जिसमें छोटे-छोटे चिल्लर सब्जी विक्रेताओं को दुकान लगाकर सब्जी बेचने की अनुमति नहीं दी गई है।

पिछले 1 महीने से सभी चिल्लर थोक सब्जी विक्रेता शासन की गाइडलाइन के अनुसार पूरा सहयोग दे रहे थे लेकिन अब इन छोटे-छोटे गरीब सब्जी विक्रेताओं के आगे रोजी-रोटी की समस्या है जिसे प्रशासन नजरअंदाज कर रहा है एक और जहां प्रशासन में किसान से जुड़े फर्टिलाइजर और पार्ट्स दुकानों को खोले जाने की अनुमति दी है वहीं दूसरी ओर उसी किसान की सब्जी को सब्जी मंडी में बेचने के लिए अनुमति नहीं है यह सब्जी बेचने वाले किसान और सब्जी विक्रेता के साथ अन्याय है।

सब्जी विक्रेता उमाशंकर एवं सुनील ने बताया हम शासन से कम से कम 3 घंटे का समय चाहते हैं अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए प्रशासन हमें सुबह 3 घंटे सब्जी बेचने की अनुमति दें हम अपनी रोजी-रोटी की व्यवस्था कर लेंगे , लेकिन प्रशासन हमें समय देने को तैयार नहीं है यह हमारे साथ अन्याय है ।

सभी सब्जी व्यवसाईयों ने बताया कि प्रशासन जल्द उन्हें व्यवसाय हेतु समय नहीं देती है तो मजबूरन उन्हें बाजार में सब्जी मंगाना बंद करना पड़ेगा क्योंकि नुकसान सहकर वे व्यापार नहीं कर सकते हैं जिसका सीधा असर आम जन पर पड़ेगा सब्जियां महंगी होंगी और इस लाक डाउन में के समय में उन्हें महंगी सब्जियां खरीदने पड़ेंगे प्रशासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए सब्जी विक्रेताओं को सुबह कम से कम 3 घंटे का समय दिए जाने की मांग सब्जी विक्रेताओं द्वारा की गई।

# कार्यक्रम अधिकारी ने किया कोरोना संक्रमित गांवों का सघन दौरा

■ सुरक्षा के लिए सभी पात्र लोग टीका लगवाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप ने कसडोल विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में कोरोना संक्रमित आधा दर्जन गांवों का सघन दौरा किया। उन्होंने ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों की बैठक लेकर कोरोना की रोक-थाम के संबंध में कलेक्टर सुनील कुमार जैन के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और इनका पालन कर जिले को कोरोना मुक्त करने में अपनी भागीदारी निभाने का आव्हान किया। उन्होंने प्रमुख रूप से ग्राम कुरमाझर, छाता, बिलारी, कुशभांठा, सोनपुर, बरपानी, नगरदा आदि अंदरूनी गांवों का तूफानी दौरा किया। श्री कच्छप ने बैठक में कहा कि कलेक्टर साहब ने निगरानी समिति के सदस्यों पर कोरोना रोकने में विशेष भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि कोरोना बीमारी के लक्षणों को छुपाएं नहीं, बल्कि समय पर जांच और इलाज कराएं। इसका इलाज आसान है। अपने गांव के निकट सरकारी अस्पताल से इसकी जानकारी ले सकते हैं। सरकार ने अब ग्राम स्तर पर मितानिनों के पास भी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करा दी है।लक्षण आने पर इन दवाइयों का उपयोग करें। झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में न फसें। उन्होंने सभी पात्र लोगों को कोरोना टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने इस संबंध में सुनी-सुनाई अथवा अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं टीका लगवा चुका हूँ। मुझे कोई परेशानी नहीं हुई।

# कोविशिल्ड का दूसरा टीका अब 12 सप्ताह बाद



**भाटापारा।** कोरोना से बचाव के लिए कोविशिल्ड वैक्सीन लगाने वालों को इसका दूसरा टीका अब 12 से 16 सप्ताह के बीच लगाया जायेगा। इसके पहले यह दूसरा टीका 6 से 8 सप्ताह के बीच लगाई जा रही थी। कोविड के लिए गठित राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति की अनुशंसा पर दो टीकों के बीच की अवधि को भारत सरकार द्वारा बढ़ा दिया गया है। लेकिन यह वृद्धि कोविड की दूसरी टीका कोवेक्सिन लगाने वालों पर लागू नहीं होगी। उन्हें पूर्व की तरह पहले टीका लगाने के 28 दिन बाद दूसरा टीका लगाना होगा। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि बढ़ी हुई अवधि के अनुरूप कोविन एप्प में संशोधन 14 मई से कर दिया गया है। जिसके अनुसार अब पहला टीका लगने के 12 सप्ताह अर्थात 84 दिन बाद ही दूसरे टीके के लिए ऑनलाइन पंजीयन हो सकेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी का चलित दूरभाष नम्बर (86021 46650) है। टीकाकरण के संबंध में और ज्यादा विस्तृत जानकारी उनसे संपर्क कर ली जा सकती है।

# वैक्सीन लगाएं अपना जीवन बचाएं : सुशील शर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा विधानसभा के ग्रामीण अंचल मे दौरा करते हुए प्रदेश सचिव सुशील शर्मा एल्डरमेन गिरीश पारप्यानी ने सुरखी मोपका व धनेली ग्राम मे पंच सरपंच व ग्रामीण वरिष्ठजनों से सोशल डिस्टेंस नियमों का पालन करते हुए भेंट की एवं सभी से कोविड संक्रमण रोकथाम हेतू वैक्सीन लगवाने अपील की व वैक्सीन के प्रति अफवाह फैलाने वालों से दुर रहने निवेदन किया.. ग्रामवासियों की समस्याओं से अवगत होते हुए निराकरण हेतु एवं संक्रमण रोकथाम के लिए शासकीय चिकित्सक के मोबाइल फोन नंबर सार्वजनिक करने अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए, एवं रोजगार गारंटी को कोविड-19 के नियम के तहत सरपंच एवं सचिव को निर्देश दिए एवं ग्रामीणों से चर्चा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा कोविड संक्रमण रोकथाम हेतू किए जा रहे कार्यों को एवं सभी योजनाओं को ग्रामवासियों को बताया। इस अवसर पर श्रीराम ध्रुव वेद बाई धृतलहरे पूनम बघेल भागीरथी ध्रुव वैशाखू धृतलहरे हेमन नौरंगे बुधारू धृतलहरे विजय साहु सोनी साहु राज कपूर केसरवानी दीपक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कोविड में सिर्फ ग्राम पंचायत में स्थापित कोरोटाइन सेंटर का ही काम करने को लेकर पंचायत सचिव संघ ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश पंचायत संचिव संघ के निर्देश पर पंचायत सचिव संघ फिंगेश्वर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फिंगेश्वर को ज्ञापन सौंपा कर कोविड-19 के तहत सिर्फ ग्राम पंचायत में स्थापित कोरोटाइन सेंटर का ही काम करने और बाकी कोविड19 के अंतर्गत अन्य काम जैसे कोरोना टेस्ट में डयूटी, टीकाकरण में डयूटी, संक्रमिक हुए शव की ब्यवस्था, कोरोना टिका पंजीयन, नहीं करने का निर्णय सचिवों ने एक ज्ञापन सीईओ को सौंपा ।

ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद साहू ने बताया आज तक सारे काम पंचायत सचिवों के द्वारा किया जा रहा था मगर उसका श्रेय अन्य कर्मचारी को दिया जा रहा हैं। प्रदेश में कोविड - 19 में कार्यरत 20 से 25 पंचायत सचिव की मृत्यु भी हो गई है , जिसमे मृतक सचिव के परिवार का कोई भी लाभ नही मिला।इस कारण पंचायत सचिव का मनोबल टूटता जा रहा है, जबकि हम लोगों द्वारा प्रान्त स्तर में पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव जी को 50 - 50 लाख का बीमा की मांग किया गया मगर आज तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ इसी कारण अपने जान की सुरक्षा और अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है अगर सरकार सचिवों का 50 - 50 लाख का बीमा का आदेश अगर करता है तो निश्चित रूप से अन्य काम कोविड-19 का करने के लिए विचार किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने में जिसमे अध्यक्ष सचिव संघ फिंगेश्वर गोविंद साहू, उपाध्यक्ष रेवा साहू, सचिव झम्मन पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, उपाध्यक्ष जिला सचिब संघ गरियाबंद मनी राम साहू, पीला राम साहू, कन्हैया सिन्हा, भैया राम साहू,चेतन साहू, उगेश मेश्राम उपस्थित थे ।

# शहरी क्षेत्र के होटल ढाबा व्यवसायियों को व्यवसाय करने अनुमति की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शहर के अंदर होटल ढाबा व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों को किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दी गई है जबकि शासन की गाइडलाइन कहती है की जमेटो और स्विगी एप्लिकेशन के जरिए होटल ढाबा वाले पार्सल सर्विस दे सकते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए होटल ढाबा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरदीप सिंह रैना ने बताया की अरबों खरबों की कंपनी स्विग्गी और जोमैटो की सिफारिश प्रशासन क्यों कर रहा है यह जिला प्रशासन के आदेश से हम होटल व्यवसाई नहीं समझ पाए हैं जबकि इन कंपनियों का कोई नामोनिशान हमारे जिले में नहीं है होटल ढाबा व्यवसाई अपनी प्रतिष्ठान बंद रखकर पिछले 1 महीने से सरकार के हर दिशा निर्देश का पालन कर रहे है ऐसे में जब सरकार द्वारा व्यवसाय करने में छूट दी जा रही है तो होटल ढाबा व्यवसायियों के साथ अन्याय प्रशासन द्वारा क्यों किया जा रहा है, हरदीप सिंह रैना ने कहा प्रशासन द्वारा जिस प्रकार बाकी व्यवसायियों को व्यवसाय करने की छूट दी गई होटल ढाबा व्यवसायियों को भी गाइडलाइन के तहत छूट दी जानी चाहिए होटल ढाबा व्यवसाय के साथ बहुत से लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी होती है जिसका ख्याल रखना भी जरूरी है और प्रशासन को भी इस और ध्यान देना चाहिए !

# अभाविप का संकल्प कोरोना मुक्त गरियाबंद जिला

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गरियाबंद के चंद्रशेखर आजाद डोली के कार्यकताओं द्वारा गाँवों में स्वास्थ सर्वेक्षण किया जा रहा है जिसमें शरीर के तापमान की जाँच, ऑक्सिजन की जाँच, वैक्सीनेशन की जानकारी, कोरोना से कैसे बचा जा सकता है व कोई भी लक्षण दिखने पर कोरोना की जाँच कराना व सही दवायी लेना जैसे बातें बतायी जा रही है अभाविप का कहना है कि बस्तियों में रहने वाले व्यक्तियों को अबतक कोरोना से बचाव के उपाय की जानकारी नहीं है इसीलिए अभावपि के कार्यकताओं ने उनकी स्वास्थ ठीक रहे इस उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें कोरोना से बचाव की जानकारी और कोरोना हो जाने पर क्या क्या एहतियात बरतना है यह बता रहे है अभाविप के कार्यकर्ता अलग-अलग टोली में बंट कर अलग-अलग बस्तियों में जा रही है व लोगों को कोरोना को लेकर वैक्सीन को लेकर जागरूक कर रही है,अभाविप का मानना है की समाज के प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ की चिंता करना भी हमारी जिम्मेदारी है अभाविप हमेशा समाजहित में काम करती है और आगे भी करेगी। अभियान के विषय में जानकारी देते हुए गरियाबंद ईकाई के अभियान प्रमुख शुभम वर्मा ने बताया कि हम गरियाबंद के आसपास के सभी गांव एवं गरियाबंद के सभी वार्डो तक पहुंचने का कार्य करेंगे।

# टीकाकरण कार्यकम में समाज अध्यक्षों को जोड़ने की पहल का स्वागत : टेसूलाल धुरंधर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष व विधानसभा चुनाव में भाजपा विधायक प्रत्याशी रहे टेसूलाल धुरंधर ने कोरोना महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने जिला में निवासरत सभी समाज अध्यक्षों को कलेक्टर सुनील जैन जी की पहल पर जनपद मुख्यालयों में आहूत कर वर्चुअल माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग मांगे जाने का स्वागत करते हुए सराहनीय प्रयास बताया है उन्होंने वर्चुअल माध्यम से अपना सुझाव रखते हुए कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम को जिला में सफलता दिलाने हेतु सभी समाज प्रमुखों का जिला, विकासखंड तथा ग्राम स्तर पर प्रशासन के साथ समन्वय समिति बनाना उचित होगा। प्रत्येक स्तर की समिति में ग्राम पंचायत के पंच, शहरों में पार्षदों तथा समाज प्रमुखों को सदस्य के रूप में रखकर टीकाकरण कार्यक्रम को जमीनी स्तर तक पहुंचाकर टीका के प्रति बने नकारात्मकता को खत्म करते हुए लोगों में टीका के प्रति विश्वास पैदा कर प्रभावी तरीके से काम करते हुए जिला को टीकाकरण कार्यक्रम में सफलता के मुकाम तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महामारी से निपटने सरकारी कार्यक्रम में समाज को जोड़ने मात्र से सफलता मिलने में कोई संदेह नहीं रहेगा और कार्यक्रम असरकारी बन जाएगा। इस पहल का पूरे प्रदेश में विस्तार होना चाहिए।

## राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा : जोगी कांग्रेस

# राज्य में आर्थिक आपातकाल घोषित करने की मांग : जेसीसी जे

पायनियर संवाददाता ◄ पलारी
www.dailypioneer.com





जनता कांग्रेस छत्तीसगढ जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमीत जोगी के निर्देश पर आज जोगी कांग्रेस के जिलाअध्यक्षों ने छत्तीसगढ के सभी जिलों में जिला कलेक्टरों को भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी के नाम पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में आर्थिक ङ्क आपातकाल घोषित करने का मांग किया गया, बलौदा बाजार में भी जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष तरुण वर्मा ने ज्ञापन सौंपा कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को लिखे पत्र का विवरण कारण सहित बताते हुवे कहा कि कोरोना की दूसरी लहर की चुनौती का सामना करने में छत्तीसगढ़ शासन पूरी तरह से विफल रहा है। नियमतः प्रदेश के चुनाव आयोग द्वारा एकमात्र मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दल होने के नाते, हम आपसे आग्रह करते हैं कि संविधान के अनुच्छेद 360 में आपको प्रदाय शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य में आर्थिक-आपातकाल घोषित करें ताकि घोर प्रशासनिक लापरवाही के कारण लाखों छत्तीसगढियों के जीवन को बचाया जा सके।

राज्य सरकार की इस लापरवाही का सबसे पुख्ता प्रमाण यह है कि जहाँ अप्रेल 2021 में भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 45 साल के अधिक आयु वर्ग, स्वास्थ्य कर्मियों और प्रथम-पंक्ति कर्मचारियों के लक्षित समूहों को 70 लाख टीके की खुराक लगाई गई थी, लेकिन मई 2021 में राज्य शासन प्रदेश के 1.51 करोड़ 18-44 वर्षीय आयु वर्ग के लक्षित समूह को इसका मात्र 3.6त्न- 2.50 लाख- टीके की खुराक ही लगा पाई है, वह भी राज्य सरकार द्वारा निम्नस्तरीय वोट-बैंक की राजनीति के आधार पर लगाया गया,,संविधान के अनुच्छेद 14 और 21, जिनके अंतर्गत भारत के हर नागिरक को जीने का सामान मौलिक अधिकार प्राप्त है, के विपरीत प्रदेश सरकार ने भेदभाव की नीति अपनाई थी जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने हमारे दल के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अमीत जोगी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए भेदभाव की नीति को रद्द कर दिया ।

छत्तीसगढ़ में कोरोना की दूसरी लहर के प्रकोप का प्रमुख कारण राज्य शासन द्वारा राजधानी रायपुर में मार्च 2021 में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन करने और कोरोना-संक्रमित पड़ोसी राज्यों के साथ बॉर्डर सील न करने के ग़ैर-वैज्ञानिक निर्णय हैं जिसके कारण प्रदेश के लाखों लोग कोरोना के घातक क्क1.617 स्ट्रेन से संक्रमित हो गए हैं। राज्य सरकार का माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष दिया गया तर्क कि उसके पास टीके की खुराक का अभाव है,यह छत्तीसगढ सरकार की नीति और नियत दोनों पर गम्भीर सवाल खड़ा करता है, छत्तीसगढ़ के डेढ़ करोड़ युवाओं के लिए 3 करोड़ टीके की खुराक ख़रीदने की लागत मात्र 900 करोड़ है, जिसमें से अभी तक मात्र 12.50 करोड़- का ही टीका ख़रीदने में व्यय किया गया है,, जबकि राज्य शासन केवल शराब की बिक्री से ही सालाना इससे 7 गुना अधिक 7000 करोड़ राशि आबकारी शुक्ल के रूप में प्राप्त करता है ।

जोगी कांग्रेस के युवा नेता सुशील बंजारे ने कहा कि कोरोना के संक्रमण के फैलाव को रोकने में भी राज्य सरकार पूरी तरह नाकाम है, पहली लहर की अपेक्षा दूसरी लहर से अधिकांश गरीब और ग्रामीण तबके के लोग, जो कि प्रदेश की 75त्न जनसंख्या हैं, संक्रमित हो रहे हैं। जहाँ आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, केरल और तमिल नाडु जैसे क्षेत्रीय-दल शासित राज्यों ने स्वयं के संसाधनों से सभी वर्गों के कोरोना-संक्रमितों का निशुल्क उपचार कराने की घोषणा कर दी है, वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐसी सुविधा न देना प्रदेश के लाखों ग़रीबों और ग्रामीणों को सही और सामयिक उपचार के अधिकार से वंचित कर रहा है।छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में 80त्न से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों के पद रिक्त हैं और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किसी भी प्राथमिक अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना संक्रमण की जाँच और उपचार की कोई व्यवस्था नहीं है । जिलाध्यक्ष तरुण वर्मा ने बताया कि इन्हीं परिपेक्ष्य में जोगी कांग्रेस ने भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी के नाम पाँच-सूत्रिय माँग पत्र प्रेषित किये हैं-

1. बिना किसी भेदभाव और अभाव के 18-44 आयु के लक्षित समूह के टीकाकरण की सम्पूर्ण जवाबदारी भारत सरकार ले। 2. 'आयुष्मान भारत योजना' के अंतर्गत सभी नागरिकों का अपनी पसंद के उपचार केंद्रों में कोरोना का निशुल्क इलाज कराने की व्यवस्था की जाए। 3. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य-कर्मियों के अभाव की पूर्ति हेतु पुनः स्वर्गीय श्री अजीत जोगी द्वारा शुरू किए गए त्रिवर्षीय ग्रामीण चिकित्सक पाट्यक्रम को प्रारम्भ करके 'जोगी डॉक्टरों' और आशा (मितानिन) कर्मियों को नियमित करके पूर्ति की जाए। 4. समस्त स्वास्थ्य एवं प्रथम-पंक्ति कर्मियों का 1 करोड़ का जीवन बीमा तथा 15000 मासिक प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जाए। 5. प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में AIIMS की तर्ज़ पर भारत सरकार द्वारा सर्व-सुविधा पूर्ण तृतीय स्वास्थ्य-उपचार एवं RTPCR और Gene-sequencing परीक्षण केंद्र स्थापित किए जाएँ।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़- जोगी आपने उपरोक्त पाचों माँगों की समायिक पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ में संविधान के अनुच्छेद 360 के अंतर्गत आर्थिक-आपातकाल लागू करने का अध्यादेश अविलंब जारी करने का निवेदन राष्ट्रपति व राज्यपाल से किया । वही प्रमुख रूप से पलारी ब्लॉक अध्यक्ष अजय मानिकपुरी, राजेश जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### शातिर चोर गिरफ्तार




**मुंगेली।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हो रही चोरी के प्रकरणों अंकुश लगाने बीते कई दिनो से मुखबीर लगाया गया था, जिसमें मुखबीर की सूचना पर ग्राम देवरी संगवा में आरोपी मंजित पुर्ले पिता खामन पुर्ले उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम देवरी संगवा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के कब्जे से चोरी के केबल तार करीब 150 मीटर जुमला कीमती 15000 रूपये को जप्ती किया गया जिस पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के अप.क. 342/20 धारा 379 भादवि, अप.क. 412/20 धारा 379 भादवि एवं अप.क. 416/20 धारा 379 भादवि के प्रकरण की मशरूका चोरी करना अपराध धारा सदर का घटित करना सबूत पाये जाने से दिनांक 15 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है।

### कोरोना से जागरूक करने के लिए डिजिटल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

**मुंगेली।** आगर साहित्य समिति द्वारा गुरूवार और रविवार अध्यक्ष देवेंद्र परिहार के निर्देशन में डिजिटल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जाता है।चौथे एपिसोड में कमल किशोर शर्मा( प्रांतीय समन्वय मंत्री,राष्ट्रीय कवि संगम) बेमेतरा, तेजराम नायक (रायगढ़) और जिला से श्रीमती कल्पना कौशिक,ज्वाला कश्यप के काव्यपाठ से आनन्द अनुभूति प्राप्त करने हेतू महेश कुमार शर्मा (राष्ट्रीय सह महामंत्री,राष्ट्रीय कवि संगम) रायपुर, राम वनगमन स्थल में अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की प्रांतीय प्रभारी मल्लिका रुद्र,कवयित्री वीरांगना और सपन सिन्हा( प्रांतीय उपाध्यक्ष रा.क.सं.) मनेन्द्रगढ़ शामिल हुये।रायगढ़ से भुवनेश्वर पटेल( केंद्रीय अध्यक्ष अघरिया पटेल समाज),चंद्रभान पटेल,दिलीप पटेल, प्रदीप पटेल बेमेतरा से पंकज शर्मा और संयोजक आगर साहित्य समिति से डॉ. अजीज रफीक, राकेश गुप्त निर्मल, महेंद्र यादव, चन्द्रेश चंद्राकर, देव गोस्वामी, नागेश कश्यप, हेमंत कश्यप, रामा साहू, रघुवंश परिहार, सुधारानी शर्मा, अविनाश श्रीवास उपस्थित हुए।आभार प्रदर्शन राकेश गुप्त निर्मल ने किया।

### फ्रंटलाइन वर्कर के रूप मे शामिल पत्रकारों एवं उनके परिजनों ने लगवाया कोविड-19 का टीका

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर में शामिल करते हुए टीकाकरण की सुविधा दिलायी है। इसके साथ ही परिवार के सदस्यों को भी टीकाकरण का सुविधा प्राथमिकता के आधार पर दिलायी गई है। जिसका पत्रकार जगत में स्वागत किया गया है। सोमवार व मंगलवार दो दिनों में पत्रकारों ने उत्साह पूर्वक उपस्थिति देकर टीके लगवाये है और लोगो को संदेश दिये है कि कोरोना से जंग जीतने के लिए टीकाकरण आवश्यक है प्रत्येक पत्रकार टीके लगवा कर जंग जीतने के दिशा में एक कदम आगे बढ़ाये।

# कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए निर्माण और विकास कार्यो को सतत् रूप से जारी रखने के निर्देश धान उपार्जन केंद्रो से धान का उठाव 5 जून तक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास और निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होने कहा कि विकास और निर्माण कार्यो से जिले की प्रगति परिलक्षित होती है। उन्होने निर्माण और विकास कार्य की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने पर अपनी गहरी नराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए निर्माण और विकास कार्यो को सतत् रूप से जारी रखने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने धान उपार्जन केंद्रो से धान की उठाव की प्रगति की भी समीक्षा की। धान उपार्जन केंद्रो से लक्ष्य के अनुरूप धान के उठाव नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया और खाद्य और सहकारी विपणन संघ के अधिकारियों को धान का उठाव हर हाल में 5 जून तक करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गोधन न्याय योजना राज्य शासन



की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होने किसानों और महिला स्व सहायता समूह की समृद्धि के लिए वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन में वृद्धि करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने ग्राम गोठान समिति द्वारा की जा रही गोबर खरीदी, वर्मी टाका और वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं को की जा रही भुगतान के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने गोठान के समीप डबरी एवं तालाब निर्माण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि गोठान के समीप निर्मित डबरी और तालाब में मछली पालन का कार्य किया जाएगा। मछली पालन कार्य के लिए निर्मित डबरी और तालाब को स्व सहायता समूह की महिलाओं को आमंत्रित करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होने पशुधन के लिए निर्मित गोठानों में स्थापित सोलर पंप और चारागाह के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और मातृत्व वंदना योजना की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि जिले में 1 हजार 80 आंगनबाडी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इनमें से मात्र 18 आंगनबाडी केंद्रो में ही सुपोषण वाटिका का निर्माण किया गया है। जिस पर उन्होने अपना असंतोष व्यक्त करते हुए सुविधा युक्त प्रत्येंक आंगनबाडी केंद्रों में सुपोषण वाटिका निर्माण करने की निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने आंगनबाडी केंद्रो में विद्युत व्यवस्था, पेयजल, पहुँच मार्ग के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने जल जीवन मिशन की समीक्षा की और उन्होने स्कूलों, आंगनबाडी केंद्रो, पंचायतों तथा कोविड सेंटर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों के लिए जारी जाति और निवास प्रमाण पत्र की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और जाति और निवास प्रमाण पत्र के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। अस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास ने भी विकास और निर्माण कार्यो के लक्ष्य की पूर्ति के संबंध में अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्य पालन अभियंता पी.के. शर्मा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य पालन अभियंता एस एल डहरियां, जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज, कृषि विभाग के उपसंचालक डी.के. व्यौहार, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कश्यप, जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे, पशु पालन विभाग के उपसंचालक डॉ. ए.के मरकाम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री सोनी, जनपद पंचायत पथरिया के मुख्य कार्य पालन अधिकारी नारायण बंजारा, चिप्स के ईडीएम सुश्री सोनम तिवारी, नगर पालिका मुंगेली के मुख्य कार्य पालन अधिकारी और नगर पंचायत लोरमी के मुख्य कार्य पालन अधिकारी उपस्थित थे।

## तुकाराम चन्द्रवंशी ग्राम लड्डुवा और लाडंगपुर पहुंचकर लोगों को वैक्सिनेशन लगवाने जागरूक किया



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के बीच वैक्सिनेशन को लेकर शासन प्रशासन लोगों को जागरूक करने पूरी कोशिश कर रही है, लेकिन दूरस्थ इलाके के ग्रामीण वैक्सीन को लेकर अभी भी पूर्णरूप से जागरूक नहीं हुए हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 के सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी आज प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम लड्डुवा और लाडंगपुर पहुंचकर लोगों को वैक्सिनेशन लगवाने जागरूक किया,इस दौरान तहसीलदार और जिला पंचायत सदस्य ने पैदल दोनों गांव का भ्रमण करते हुए लाऊडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते नजर आए और ग्रामीणों को निःशुल्क मास्क का भी वितरण किये। इस दौरान प्रशासनिक टीम और जनप्रतिनिधी भी मौजूद रहे। प्रशासन और जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी के अपील पर ग्रामीणो ने वैक्सीन लगवाने की बात कही है। तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया कि ग्राम लाडंगपुर,और लड्डुवा में 2 बार वैक्सीन के लिए शिवीर लगाया गया था मगर उसमें गिनती मात्र के लोग ही टीका लगवाए है ऐसे में सभी ग्रामीणों में टीका न लगवाना बेहद निराशाजनक था इस पर तुकाराम ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैसला लिया और ग्रामीणों के बीच जाकर अपील कर रहे है और छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णचन्द्र कोको पाढ़ी द्वारा मास्क पहनों छत्तीसगढ़ अभियान चलाया रहा है उस तुकाराम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मास्क का वितरण किया साथ ही तुकाराम ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव व जिला के मंत्री मोहम्मद अकबर का छत्तीसगढ़ वासियों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाने के लिए आभार जताया।

## कोविशील्ड के प्रथम डोज व द्वितीय डोज के मध्य 12 -16 सप्ताह के अंतराल में लगाया जाएगा टीका


पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार ग्रुप आन प्रतिरक्षा के अनुसार कोविशील्ड के प्रथम डोज व द्वितीय डोज के मध्य 12-16 सप्ताह का अंतराल में टीका लगाया जाने की अनुशंसा की गई है। कोवैक्सीन का टीका पूर्वानुसार निर्धारित अंतराल में टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों में टीकों के आबंटन का अनुपात निर्धारित की गई है, यथा- फ्रंटलाईन वर्कर (भोजन प्रदाय करने वाले एवं सब्जी विक्रेता, बस एवं ट्रक के ड्राइवर एवं कंडक्टर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, पंचायत सचिवध्कर्मी, पीडीएस दुकान प्रबंधक और विक्रेता, इन्सटीट्यूशनल केयर में रहने वाली महिलाएं, गांव के कोटवार एवं पटेल, राज्य सरकार के कर्मचारी, राज्य सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम के कर्मचारी, वृद्धाश्रम, महिला देखभाल केन्द्रों एवं बाल देखभाल केन्द्रों में कार्यरत व्यक्ति, शमसानध्कब्रिस्तान में कार्यरत व्यक्ति, दिव्यांग व्यक्ति, आवश्यक सेवायें प्रदान करने वाली अर्धशासकीय संस्थाओं जैसे प्राथमिक कृषि सहकारी समिति/मार्कफेड/ सहकारी बैंक में कार्यरत कर्मचारी, कलेक्टर द्वारा कोरोना ड्यूटी पर लगाये गये व्यक्ति, वकील एवं पत्रकार, उपरोक्त के प्उउमकपंजम परिवार के सदस्य, बंदी, राज्य शासन द्वारा परिभाषित किसी अन्य श्रेणी के व्यक्ति, हृदय रोग, मधुमेह, किडनी रोग, उच्च रक्त चाप, सिकल सेल एवं थेलेसीमिया, कैंसर, एड्स रोगी) कुल उपलब्ध वैक्सीन डोज का 20, अंत्योदय राशन कार्ड, निराश्रित राशन कार्ड।

## जिले में कोविड-19 से अब तक 4911 मरीज हुए स्वस्थ


पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में वैश्विक कोविड महामारी की रोकथाम, बचाव एवं उपचार की समुचित व्यवस्था के फलस्वरूप अब तक 4911 मरीज स्वस्थ हुए हैं। जिसमें होम आइसोलेशन के माध्यम से उपचार प्राप्त कर 2079 मरीजों ने कोरोना को मात दी है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने बताया कि जिले में कोविड-19 संक्रमण काल में अभी तक कुल 5367 धनात्मक प्रकरण मिले हैं, जिसमें 4911 मरीज उपचार के पश्चात स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में कुल 413 सक्रिय मामले हैं। जिले में 2370 मरीजों का होम आइसोलेशन में उपचार किया गया, जिसमें 2079 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अभी 290 एक्टिव केस होम आइसोलेशन में उपचारार्थ हैं।



सीएमएचओ डॉ पुजारी ने बताया कि कोविड-19 के आरंभिक लक्षण वाले मरीजों को मेडिसिन किट प्रदान करने सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दी जा रही है और स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं मितानिनों के माध्यम से उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। जिससे उन्हें आरंभिक स्थिति में ही स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस दिशा में अब तक 9754 मेडिसिन किट का वितरण स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं मितानिनों के माध्यम से किया गया है। वर्तमान में जिले के सभी मितानिनों के पास पांच-पांच मेडिसिन किट और हरेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पच्चीस-पच्चीस मेडिसिन किट उपलब्ध है, इसे आवश्यकता के अनुरूप रिफलिंग किये जाने सहित मितानिनों को उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में मेडिसिन किट उपलब्धता की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। वहीं मितानिनों द्वारा मेडिसिन किट का वितरण नियमित तौर पर किया जा रहा है और होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य का हाल भी नियमित रूप से लिया जा रहा है।

## दंतेवाड़ा जिले में वेक्सिनेशन हुआ आरम्भ



पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले में 18 से 44 वर्ष के आयुसीमा वालों का कोविड से बचाव हेतु वेक्सिनेशन आरम्भ हो गया है। इसके पंजीयन हेतु जाकर पंजीयन कराना अनिवार्य है, जिसके लिए अंत्योदय कार्ड, बीपीएल कार्ड अथवा एपीएल या फ्रंट वारियर में से इसके पश्चात एक पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा तथा कोई एक पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, वोटर कार्ड में से किसी एक विकल्प को चुनना है, जिसे टीकाकरण के समय साथ ले जाना है। इसके पश्चात अगले पर क्लिक करना है और दिख रहे टीकाकरण केंद्र में से कोई एक चुनना है। वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले में नकुलनार, कटेकल्याण और जावंगा में टीकाकरण हो रहा है, इनमें से कोई एक विकल्प और तिथि चुनकर नियत समय पर वेक्सीन लगवाया जा सकता है।

## 'ऑनलाइन सेल्फी विद फैमिली प्रतियोगिता के विजेता घोषित'

**मुक्तिधाम स्वच्छता टीम का आयोजन**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली/लोरमी
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन टैलेंट कांप्टीशन का आयोजन मुक्तिधाम स्वच्छता टीम लोरमी के द्वारा किया गया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ 6 तस्वीरों को विश्व परिवार दिवस के अवसर पर सम्मानित करने हेतु घोषित किया गया है। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन 13 मई तक किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ 6 सैल्फी को सम्मानित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन सेल्फी विद फैमिली प्रतियोगिता का आयोजन मुंगेली जिले के प्रतिभागियों के लिए किया गया, जिसमें 80 से अधिक तक प्रतिभागियों ने भाग लिया । इसमें आयोजक मुक्तिधाम स्वच्छता टीम एवं प्रायोजक गुरुनानक ज्वेलर्स लोरमी रहा।

प्रतियोगिता में विजेता के रूप में युगल अर्जुन राजपूत, गुलाम नबी लोरमी, कमलेश यादव न्यूयॉर्क, जया गुप्ता मुंगेली, अवधेश वैष्णव एवं रूपेंद्र सिंह परिहार को चयनित किया गया है। इस प्रतियोगिता में प्रेरणादायक तस्वीर हेतु अंशिका दुबे, सलूजा फैमिली लोरमी,आकाश सलूजा, नरेंद्र मीना राठौर, पूजा प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सावन डड़सेना को चयनित किया गया है। विजेता प्रतिभागी जया गुप्ता ने कहा किविश्वव्यापी कोरोना महामारी लॉकडाउन की इस विकट परिस्थितियों में भी सदैव जनहित कार्यो में अग्रणी लोरमी मुक्तिधाम स्वच्छता टीम के द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी लॉकडाउन में वर्चुअल प्रतियोगिता का आयोजन परिवारों को संबल प्रदान करता है। न्यूयॉर्क से कमलेश यादव ने कहा कि देश से दूर रहकर भी देश की माटी से जुड़ने का बढ़िया अवसर मिला। मुक्तिधाम टीम के द्वारा किए जा रहे कार्यो से हम सदैव प्रभावित रहते हैं। प्रतिभागी गुलाम नबी ने कहा कि लॉकडाउन में प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। सभी विजेताओं मुक्तिधाम स्वच्छता टीम के द्वारा आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष जायसवाल,शरद डड़सेना, पवन अग्रवाल, सोहन डड़सेना, जितेंद्र पाठक, निखिल मौर्य, कृष्णा यादव, रितेश सलूजा, दिलीप जायसवाल सहित अन्य सदस्यों का सहयोग है।

## कोविड वैक्सीन टीका लगवाने युवा प्रकोष्ठ डडसेना कलार समाज के युवा साथी में दिखा उत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली/'जरहागॉव
www.dailypioneer.com

कोरोना के इस लहर से अपने को सुरक्षित रखना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और मास्क लगाते रहना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और पात्र सभी व्यक्ति को वैक्सीन का डोज लगना भी है। इसी कड़ी में युवा प्रकोष्ठ डडसेना कलार समाज के युवा साथीयों ने कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण केंद्र जाकर कोरोना वैक्सीन का पहला टिका लगवाया। वैक्सिनेशन के बाद उन्हें आधे घंटे निगरानी में रखने के बाद घर जाने की इजाजत दी गई। वैक्सीन के पहला टिका लगवाने के बाद अशोक जायसवाल जिला संयोजक युवा कांग्रेस मुंगेली ने जिले और राज्य भर के युवाओं से अपील की है कि वे सभी पात्र युवा जिनकी आयु 18 से 44 तक है वैक्सिनेशन सेंटर पहुंचे और कोरोना बचाव के लिए टीकाकरण जरूर कराएं। यह टिका बहुत सुरक्षित है अपने मन में किसी प्रकार का भय और भ्रम न पालें। कोरोना के दूसरी लहर बहुत अक्रामकता के साथ लोगों को संक्रमित कर रहे हैं। जिसको रोकने राज्यभर में लॉक डाउन लगा हुआ है, उसके बावजूद भी राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति में बहुत ज्यादा सुधार नहीं हुवा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार इसे रोकने केंद्र से 75 लाख वैक्सीन डोज के लिए ऑर्डर कर दिया है। उपलब्धता के आधार पर वैक्सिनेशन का काम जारी भी है, सबको संयमित रहकर वैक्सिनेशन लगवाने व्यवस्था बनाये रखने की आवश्यकता है। आम लोगों को कोरोना के टिका लगने का कार्य तीसरे चरण में 02 मई से प्रारंभ की गई जिसके शुरुवाती दिनों में लोगों के द्वारा टिका लगवाने काफी निष्क्रिय दिखे तो ग्राम पंचायत कुकुसदा के युवा प्रकोष्ठ डडसेना कलार समाज के युवा साथियों गौकरण, अशोक, दरबे, महेंद्र, राजू, दानेश्वर, मुकेश गिरजशकर, बबला, नवीन आदि ने लोगों को इसके बारे में लगातार जागरूक करना प्रारंभ किया। और सफलता भी मिल रही है। इस पर जिला संयोजक युवा कांग्रेस मुंगेली अशोक जायसवाल ने कहा हमारे क्षेत्र में शुरुवाती दिनों में लोगों का रुझान कम था लेकिन जैसे जैसे हम सभी मिलकर लोगों को इसके बारे में जानकारी दे रहे हैं तो लोगों में रुचि जागृत हो रही है और पात्र सभी हितग्राही टीकाकरण केंद्र आकर टिका लगवा रहे हैं। आगे मां शीतला विद्या मंदिर के प्राचार्य गौकरण जायसवाल ने कहा की प्रदेश के सभी युवाओं और सभी नागरिकों वैक्सीन लगवाने के लिए अपील की किसी प्रकार के भ्रमित बातों से दूर रहने अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की बात की और । जैसे व्यवस्था होती जाएगी उस आधार पर सभी पात्र हितग्राही को वैक्सिनेट किया जाएगा।



**चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 360 के अंतर्गत प्रदाय शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य में आर्थिक-आपातकाल घोषित करे : सुनील**

# छत्तीसगढ़ में आर्थिक आपातकाल लगाने हेतु, जोगी कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी कबीरधाम के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कोरोना की दूसरी लहर की चुनौती का सामना करने में छत्तीसगढ़ शासन पूरी तरह से विफल है। अतः प्रदेश के चुनाव आयोग द्वारा एकमात्र मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दल होने के नाते, हम आपसे आग्रह करते हैं कि संविधान के अनुच्छेद 360 के अंतर्गत आपको प्रदाय शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य में आर्थिक-आपातकाल घोषित करने की असीम कृपा करें ताकि घोर प्रशासनिक लापरवाही के कारण लाखों प्रदेश वासियों के जीवन को बचाया जा सके। साथ ही राज्य सरकार की इस लापरवाही का सबसे पुख्ता प्रमाण यह है कि जहाँ अप्रेल 2021 में भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 45 साल के अधिक आयु वर्ग, स्वास्थ्य कर्मियों और प्रथम-पंक्ति कर्मचारियों के लक्षित समूहों को 70 लाख टीके की खुराक लगाई गई थी, वहीं मई 2021 में राज्य शासन प्रदेश के 1.51 करोड़ 18-44 वर्षीय आयु वर्ग के लक्षित समूह को इसका मात्र 3.6त्न-2.50 लाख- टीके की खुराक ही लगा पाई है। इसमें भी राज्य सरकार द्वारा निम्नस्तरीय वोट-बैंक की राजनीति के आधार पर, संविधान के अनुच्छेद 14 और 21, जिनके अंतर्गत भारत के हर नागरिक को जीने का सामान मौलिक अधिकार प्राप्त है, के विपरीत भेदभाव की नीति अपनाई गई थी जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने हमारे दल के अध्यक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए रद्द कर दिया है। शहर अध्यक्ष बोड़ला से वसीम सिद्क्की ने बताया कि



छत्तीसगढ़ में कोरोना की दूसरी लहर के प्रकोप का प्रमुख कारण राज्य शासन द्वारा राजधानी रायपुर में मार्च 2021 में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन करने और कोरोना-संक्रमित पड़ोसी राज्यों के साथ बॉर्डर सील न करने के ग़ैर-वैज्ञानिक निर्णय हैं जिसके कारण प्रदेश के लाखों लोग कोरोना के घातक क्र1.617 स्ट्रेन से संक्रमित हो गए हैं। राज्य सरकार का माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष दिया गया तर्क कि उसके पास टीके की खुराक का अभाव है, उसकी नीति और नियत दोनों पर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। जेसीसीजे कवर्धा नगरपालिका अध्यक्ष हिमांशु महोबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के डेढ़ करोड़ युवाओं के लिए 3 करोड़ टीके की खुराक ख़रीदने की लागत मात्र 900 करोड़ है जबकि राज्य शासन मात्र शराब की बिक्री से सालाना इससे 6 गुना अधिक 7000 करोड़ राशि आबकारी शुक्ल के रूप में प्राप्त करता है। इसमें से अभी तक मात्र 0.17 प्रतिशत 12.50 करोड़- का ही उसके द्वारा टीका ख़रीदने में व्यय किया गया है। जोगी छात्र संघ जिलाध्यक्ष रंजीत वर्मा ने बताया कि कोरोना के संक्रमण के फैलाव को रोकने में भी राज्य सरकार पूरी तरह नाकाम है। पहली लहर की अपेक्षा दूसरी लहर से अधिकांश गरीब और ग्रामीण तबके के लोग, जो कि प्रदेश की 75त्न जनसंख्या हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**// द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्रं./406/लो.क.वि./न.पा./2021 कुम्हारी, दिनांक 13.05.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनु.ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 76913 | कुगदा में उद्यान निर्माण कार्य। | 31.09 | 05.06.2021 |
| 76984 | वार्ड क्र.-06 सतनाम भवन के पास विभिन्न विकास कार्य। (तृतीय निविदा) | 31.32 | 25.05.2021 |
| 76985 | जंजगिरी में पौनी पसारी बाजार निर्माण कार्य। | 30.00 | 05.06.2021 |
| 76986 | रामपुर (चोरहा) अटल आवास में मरम्मत संधारण कार्य। | 35.22 | 05.06.2021 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कुम्हारी**

## संपादकीय

# टीकाकरण अभियान सुधार की आवश्यकता

**कोरोनावायरस** संक्रमण से जनता को बचाने के लिए हर्ड इम्युनिटी प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, पर अभी इसमें काफी समय लगेगा और इसके पहले भारत को अपनी जनता की महामारी से सुरक्षा के लिए बहुत कुछ करना होगा। भारत में कोविड-19 टीकाकरण एक प्रकार से हवा में तैर रहा है। हालांकि, वायरस की तीसरी लहर से बचने के लिए लगभग एक अरब जनता का टीकाकरण कभी आसान काम नहीं है, पर टीकाकरण कार्यक्रम उस दिशा में तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। निश्चित नहीं है कि यह कार्यक्रम टीकाकरण की व्यापक प्रकृति की दिशा में है अथवा टीकाकरण प्रबंधन योअना में बिखराव प्रदर्शित कर रहा है। तथ्य यह है कि वैश्विक महामारी को ज्यादा से ज्यादा इस साल के अंत तक नियंत्रित करना है। वैज्ञानिकों का विश्वास है कि भारत में हर्ड इम्युनिटी प्राप्त करने के लिए जनसंख्या के कम से कम 70 प्रतिशत का टीकाकरण होना चाहिए। इसका अर्थ है कि यदि लगभग 94 करोड़ लोग वैक्सीन की दोनों खूराकें प्राप्त करें तो हर्ड इम्युनिटी मिल सकती है। इतने लोगों को दो खूराकें देने के लिए 188 करोड़ खूराकें चाहिए। यह बहुत कठिन काम है। यदि इस अनुमान से टीकाकरण को केवल एक खूराक तक सीमित कर दिया जाए कि कुछ लोगों को पूर्ण सुरक्षा न दे पाने के बजाय सबको आधी सुरक्षा देना बेहतर होगा तो भी 100 करोड़ खूराकों की जरूरत होगी। इस बारे में अनेक सवाल स्वाभाविक रूप से पैदा होते हैं। टीकों की इतनी खुराकें कहां से आएंगी? इनको प्राप्त करने में कितना समय लगेगा? टीकाकरण प्रक्रिया पूरा करने में कितना समय लगेगा? आखिरकार यदि केवल एक खूराक दी जाती है तो देश के सामने दूसरी खूराक देने का सवाल बना रहेगा।

ध्यान रखें कि यह सब केवल 70 प्रतिशत जनसंख्या के टीकाकरण के लिए है। इसका अर्थ है कि लगभग एक तिहाई जनसंख्या बिना टीकों के रह जाएगी जिसमें ज्यादातर बच्चे होंगे जिनको अभी टीकाकरण के दायरे में लाया जाना है। सीरम इंस्टीट्यूट आफइंडिया ने कहा है कि वह जुलाई के बाद हर महीने 10 करोड़ खूराकें तैयार करने की स्थिति में होगा। अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत बायोटेक भी जुलाई के बाद प्रति माह पांच से छः करोड़ खूराकें तैयार कर सकेगा। जाइडस कैडिला व डा. रेड्डीज़ लैब प्रति माह तीन करोड़ खूराकें तैयार कर लेंगे। इससे प्रति माह खूराकों का कुल आंकड़ा अगस्त, 2021 तक 20 करोड़ प्रति माह तक पहुंच जाएगा। इस प्रकार दिसंबर तक टीकाकरण का काम पूरा करने के लिए लगभग 100 करोड़ खूराकों की अतिरिक्त जरूरत होगी। हालांकि, कुछ आधी अधूरी खबरों के अनुसार वास्तव में टीकाकरण का यह काम पूरा करने में दो से तीन साल का समय लगेगा। यदि यह मान लिया जाए कि यह लक्ष्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा तो 94 करोड़ जनसंख्या को एक प्रभावी खूराक या उनमें से आधे लोगों को दो खूराकें मिल जाएंगी। इसका नतीजा सबके सामने होगा। कुल मिला कर देखें तो इस प्रकार 2021 के अंत तक हर्ड इम्युनिटी प्राप्त करना लगभग असंभव होगा क्योंकि इसके लिए 188 करोड़ खूराकों की और जरूरत होगी। पांच महीनों में टीकाकरण की इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय अभियान को अभूतपूर्व, संगठित व सुव्यवस्थित बनाना होगा। लेकिन सवाल है कि क्या केन्द्र इस दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसकी योजना कहां है?

# इस्राइल-फिलिस्तीन युद्ध के बीच निशाने पर ईरान

**विश्लेषकों की नजर में तुर्की की यह प्रतिबद्धता एस-400 मिसाइल सिस्टम को लेकर है, जिसे वह वेस्ट बैंक में स्थापित कर इस्राएल को डराना चाहता है, और इसी कड़ी में एर्दोगान ने पुतिन से अनुमति मांगने के लिए उन्हें कॉल किया था।**



कुमार रमेश
अपराधशास्त्री



इस्राइल में जो कुछ हो रहा है उसकी शुरुआत यकीनन ऐसी नहीं थी और ना ही किसी ने यह अंदाजा लगाया था कि विश्व जहां कोरोना महामारी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफ़ इस्राइल-फिलिस्तीन युद्ध की तरफ बढ़ जाएंगे। हालांकि यह युद्ध रोका जा सकता था, यदि येरूशलम के अल-अक्सा मस्जिद में कुछ फिलिस्तीनी असामाजिक तत्वों ने बाहर खड़े इस्राइली सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी न किया होता, तब किसी ने नहीं सोचा था कि इस्राइली सुरक्षाबल मस्जिद के अंदर घुसकर क्रैकडाउन कर देंगे। यकीनन सैकड़ों घायल हुए, लेकिन तब भी युद्ध कि कोई गुंजाइश नहीं थी। मगर जिस तरह फिलिस्तीन के गाजा पट्टी से हमास उग्रवादियों ने इस्राएल और येरूशलम पर 1800 से ज्यादा रॉकेट दागा है, उसने प्रारंभ होने वाले इस युद्ध को निर्णायक मोड़ तक पहुंचा दिया है, बदले में इस्राएल भी 600 से 'यादा एयरस्ट्राइक कर चुका है। अब तक की घटना में 143 जानें जा चुकी हैं और 980 घायल हुए हैं, लेकिन यह आंकड़ा अब निरंतर बढ़ने वाला है।

हालांकि होने वाले इस युद्ध को एक बार फिर से रोका जा सकता था, यदि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने राजनीतिक हितों में ना फंस जाते। देखा जाए तो इस युद्ध को निर्णायक मोड़ पर अगर किसी एक व्यक्ति ने पहुंचाया है, तो वह जो बाइडेन हैं। जिन्होंने इस्राएल द्वारा हमास को दिए जा रहे प्रतिउत्तर को, आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताकर अपना प्रत्यक्ष समर्थन दे दिया। साथ ही चीन द्वारा सुरक्षा परिषद में बुलाए गए विशेष बैठक को भी ब्लॉक कर दिया। दरअसल, दुनियाभर के विश्लेषकों में एकसमान राय है कि राष्ट्रपति बाइडेन का कार्यकाल इस्राएल के लिए सबसे मुश्किल दौर होगा, लेकिन इसके उलट उन्होंने इस्राएल एवं ईरान पर एकसाथ दबाव, ईवेंजेलिकल ईसाइयों का वोट, ट्रंप को राजनितिक जवाब और अपनी लोकप्रियता बढ़ाकर एक ही तीर से एकसाथ 5 शिकार कर लिया। इन सबके बीच सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस्राएल किस हद तक हमास को तोड देना चाहता है क्योंकि फिलिस्तीन को कमज़ोर करने के लिए कभी खुद इस्राएल ने ही तो इसे बनाया था, और क्या ईरान इस युद्ध में प्रत्यक्ष भाग लेगा। चूंकि दुनिया जानती है कि इस्राएल और ईरान कट्टर प्रतिद्वंदी है, जो एक दूसरे को मिटा देना चाहते हैं। इसी का परिणाम है कि आज ईरान ही गाज़ा स्ट्रिप में राज करने वाले हमास और लेबनान में हिजबुल्ला उग्रवादियों को पुरा लॉजिस्टिक और तकनीक मुहैया कराता है। बहरहाल, वर्तमान घटनाक्रम के बीच जो बदलाव हुआ है, उसकी उम्मीद इस्राइली खुद प्रधानमंत्री नेतन्याहू को कम से कम 4 वर्षों तक तो बिल्कुल भी नहीं थी, लेकिन अब के परिदृश्य में इस्राएल के साथ सिर्फ अमेरिका ही नहीं बल्कि फ्रांस और जर्मनी भी आ गए हैं, हैरानी तो तब हुई जब ऑस्ट्रिया के चांसलर सेबेस्टियन कर्ज़ ने अपने आधिकारिक कार्यालय की इमारत के ऊपर ऑस्ट्रिया, यूरोपियन यूनियन के समकक्ष इस्राएल का झंडा लगाकर समर्थन की प्रतिबद्धता जताई।

बहरहाल, ओआईसी के सदस्य देशों ने पहले की ही तरह इस मुद्दे पर इजराइल की कड़ी निंदा की है, विशेषकर तुर्की ने। राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगान ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात करते हुए इसराइल को कड़ा सबक सिखाने की प्रतिबद्धता जाहिर की है ताकि फिलिस्तीनियों को उनकी ज़मीन वापस दिलाई जा सके। विश्लेषकों की नजर में तुर्की की यह प्रतिबद्धता एस-400 मिसाइल सिस्टम को लेकर है, जिसे वह वेस्ट बैंक में स्थापित कर इस्राएल को डराना चाहता है, और इसी कड़ी में एर्दोगान ने पुतिन से अनुमति मांगने के लिए उन्हें कॉल किया था। हालांकि, तुर्की सिर्फ दिखावा कर रहा है क्योंकि वह सऊदी अरब को हटाकर खुद मुस्लिम वर्ल्ड का लीडर बनाना चाहता है और राष्ट्रपति एर्दोगान पूर्वी येरूशलम के शेख़ ज़र्राह ज़मीन मामले में खुद को ऑटोमन साम्राज्य का खलीफा के तौर पर पेश कर रहे हैं बस इसीलिए वह इतनी सख्त भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वरना जब पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ जायेगा तो सबसे पहले भागने वालों में यही देश आगे होंगे। देखा जाए तो सबसे 'यादा नुकसान सिर्फ आम नागरिकों को ही होगा, पहले भी गाज़ा में रहने वाले कई नागरिकों ने हमास द्वारा रॉकेट लॉन्चिंग का विरोध किया लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी। दरअसल दुनियाभर की सरकारें बनती तो नागरिकों के द्वारा है, लेकिन फिर उन्हीं की ही नहीं सुनतीं। चूंकि अब जब परमाणु संपन्न देश ने मिलिट्री इन्फोर्समेंट कानून लागू कर सैन्य प्रशिक्षण ले चुके अपने सभी आम नागरिकों को युद्ध के लिए तैयार रहने का फरमान जारी करने के साथ भारी भरकम टैंकों के द्वारा तीन तरफ से गाज़ा पट्टी को घेर लिया है। तब भी सबसे 'यादा फिक्र उन आम नागरिकों को ही है, कि उनका अब क्या होगा। क्या उन्हे मेडिटेरेनियन सागर में कूद के मर जाना पड़ेगा या वो घर के अंदर ही इस्राइली बॉम्बिंग का शिकार हो जाएंगे। दोनों तरफ के लोग दहशत में हैं सायरन बजते ही 45 सेकेंड के अंदर लोगों को सेफ बंकर में छुपने जाना पड़ता है, आसमान में लगातार फाइटर जेट्स उड़ाने भर रहे हैं। उधर अमेरिकी ग्रीन सिग्नल के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शांति वार्ता दरकिनार करते हुए हमास नेताओं को बड़ी क़ीमत चुकाने के लिए तैयार रहने को कहा है। इस तरह एक बार फिर इस्राएल बहुत बड़ा हिस्सा कब्जाने निकल पड़ा है, जैसा कि उसने 1967, 1983 और 2000 में किया था।

निष्कर्ष तो फिलहाल बेईमानी है, क्योंकि इसपर लगातार अपडेट आता रहेगा लेकिन बड़ी ताकतों के समर्थन मिल जाने से यह निश्चित हो गया है कि इजरायल अब हमले नहीं रोकेगा। दिलचस्प बात यह है, कि अबकी युद्ध में मुख्य प्रतिद्वंदी फिलिस्तीन नहीं, बल्कि ईरान है। और यह लड़ाई अब सिर्फ इस्राएल-फिलीस्तीन ही, बल्कि इनकी आड़ में कई देश अपने हितों के लिए लड़ने लगे हैं। चूँकि 2 सालों में इजरायल में 4 आम चुनाव कराये जा चुके हैं लेकिन किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया। हाल ही के चुनाव में भी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चुनावी घोषणापत्र में वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के हिस्से को कब्जा लेने का वादा किया था फिर भी उन्हें बहुमत नहीं मिल सका। अब इस लड़ाई के द्वारा उन्हे अपने एजेंडे को पूरा करने का मौका मिल गया है, ताकि वह इजराइल में एक स्थाई सरकार देने के साथ खुद पर चल रहे भ्रष्टाचार की जांच को भी रोक सकें। इसके साथ ही इस्राएल किसी भी कीमत पर ईरान को एक न्यूक्लियर पावर नहीं बनने देना चाहता, इसलिए वह हमास को तोड़कर पर्दे के पीछे से ईरान को बाहर निकालना चाहता है ताकि उसके साथ आर-पार की लड़ाई की जा सके और अमेरिका के साथ होने वाली न्यूक्लियर डील कई सालों तक के लिए पीछे धकेल दी जाए। रही बात अमेरिका और ईयू की, तो वे इस्राएल का समर्थन इसलिए कर रहे हैं ताकि एक कमज़ोर ईरान को आसानी से न्यूक्लियर डील की टेबल पर लाया जा सके। चूंकि राष्ट्रपति बाइडेन ने अपनी चुनावी घोषणापत्र में ईरान न्यूक्लियर डील को पुनः प्रारंभ करने का वादा किया था, इसलिए अब ईरान बड़ी चालाकी से सौदे में लेटलातिफी कर इसे अपना मुख्य हथियार बना रहा है जिससे उसका परमाणु कार्यक्रम निर्बाध चलता रहे, और महाशक्तियों के साथ अंतिम नेगोसिएशन में उसे बढ़त मिल सके। इसीलिए अमेरिका और इयू आज इस्राएल के साथ खड़े हैं। उन्हे यह भी पता है कि जैसे ही ईरान खुलकर इस्राएल के साथ लड़ाई में कूदेगा, तत्काल प्रभाव से ही सऊदी अरब, यूएई और अब्राहम एकॉर्ड में शामिल मुस्लिम देश खुद इस्राएल के समर्थन में आ जाएंगे, जो अभी फिलिस्तीन की पैरवी कर रहे हैं। क्योंकि शिया-सुन्नी के खेल में ये खुद भी एकदुसरे को मिटा देना चाहते हैं। इसलिए खेल जारी है, लेकिन नुकसान यकीनन आम नागरिकों का ही होगा जिसमें इस्राएल भी अछूता नहीं रह सकेगा। हाल ही में इस्राएल के लॉड शहर में दंगे प्रारंभ हो गए हैं जिससे देश में गृहयुद्ध छिड़ जाने की सम्भावना जताई जा रही है इसलिए प्रधानमन्त्री नेतनयाहू के लिए निश्चित रूप से यह भी एक प्राथमिक चिंता का विषय होना चाहिए।

# सत्ता हुंकार सुनती है, आवाज नहीं



डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक : अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)

देश कोरोना की भयावह दूसरी लहर से हलाकान है। अब क्या शहर और क्या गांव हर कहीं त्राहिमाम व्याप्त है. श्मशान तथा कब्रिस्तानों में जगहें नहीं बची सो मुर्दे नदियों में पनाह ले रहे हैं। लेकिन मौत के इस तांडव में भी जिंदा 'पापी पेट' कहां मानता है। इसलिए मंडराती मौत के साए में आज भी, गांवों में एक दृश्य आम रहा है. गांव की जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर सरकार द्वारा निःशुल्क वितरण किये जाने वाले अन्न के लिए कतारबद्ध वे लोग दिखाई दिये हैं, जिनकी बदौलत सबका पेट भरता है. निःसंदेह, अभी इस पंक्ति में कोई बड़ा किसान नहीं है, लेकिन कम जोत वाले बहुसंख्य अन्नदाता किसान स्वयं अन्न के लिए सरकारी खैरात के भरोसे कतार में खड़ा है. यह दृश्य है 21वीं सदी के उभरते भारत की. ऐसे में सवाल उठता है कि आजादी के 7 दशक बाद भी देश का अन्नदाता सबल नहीं हो पाया तो इसके क्या कारण रहे हैं. क्या सरकारी नीतियां जिम्मेवार है? क्या किसान अपनी स्थिति के लिए स्वयं जिम्मेवार है? या फिर कोई तीसरा कारण भी है?

अगर गहराई से देखें तो ये तीन चीजें समान रूप से जिम्मेवार है. देश की लगभग सत्तर फीसदी आबादी आज के दौर में भी आजीविका के लिए परोक्ष अपरोक्ष रुप से खेती-किसानी पर ही निर्भर है. लेकिन सरकारें इस बहुसंख्यक आबादी के कल्याण के लिए कभी पर्याप्त गंभीर नहीं दिखीं। ऐसा नहीं है कि सरकारों ने किसानों के हित के लिए नीतियां नहीं बनायी, आधारभूत ढांचे का सृजन नहीं किया, नये नवोन्मेष को प्रोत्साहित नहीं किया। यह सबकुछ हुआ लेकिन सिर्फ कागजों पर। जिसकी वजह से किसान आज भी फटेहाल है।

एक बानगी पेश है, इसी अक्षय तृतीया के दिन,जबकि किसान मानसून की खेती का शुभारंभ बीजपूजन तथा बीजारोपण प्रारंभ करते हैं, और संयोग से ईद का त्यौहार भी था, सो मौके और दस्तूर के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विशिष्ट शैली में तामझाम व भाषण के साथ किसान सम्मान निधि की 8 वीं किस्त, रुपए 2000 (दो हजार) की दर से 915 करोड़ (साढ़े नौ करोड़) किसानों के लिए जारी किया। एक बार फिर सोशल मीडिया में तथाकथित टैक्सदाताओं, कार्पोरेट के दलालों ने किसानों पर तंज कसने शुरू कर दिए कि हमारी गाढ़ी पसीने की कमाई निकम्मे किसानों पर लुटाई जा रही है, बेवजह खैरात बांटी जा रही है वगैरा-वगैरा। जबकि इसी बीच डीएपी की बोरी 1200 रूपए से बढ़कर 1800 रूपए की हो गई है तथा यूरिया व अन्य खाद के दामों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। वही खेती के लिए बेहद जरूरी डीजल रू. 100 प्रति लीटर पहुंच गया है। इसके अलावा बीज तथा खेती की दवाइयों के भावों में भी भारी वृद्धि के कारण प्रति एकड़ खेती की लागत सीधे सीधे 6 -7 हजार बढ़ गई है। अर्थात देश के 84त्न सीमांत किसान , जो कि 3- 4 एकड़ की खेती करते हैं, खेती की उपरोक्त जिंसों की कीमत बढ़ने के कारण उनकी खेती की लागत में एक झटके में 25 हजार प्रति किसान बढ़ोतरी हुई है। जबकि कृषि उत्पादों के समर्थन मूल्य में कोई राहतप्रद बढ़ोतरी भी नहीं हुई है, वैसे भी यह समर्थन मूल्य देश के किसानों के लगभग 7 फीसदी उत्पादन को ही मिलते हैं, 93 फीसदी उत्पादन, किसानों को मजबूरी में औने पौने दाम पर ही बेचना पड़ता है।

किसानों की जेब में 'सम्मान निधि' की तीनों किस्त मिलने के बावजूद किसानों की जेब में तामझाम और बैंड बाजे के साथ कुल मिलाकर 6000 आएंगे जबकि हर सीमांत किसानों की जेब और गर्दन बड़ी ख़ामोशी और शाइस्तगी से औसतन लगभग 25000/ (पच्चीस हजार रूपए) से काटी जा रही है।अब ऐसी दुर्वस्था में किसानों की आय को दुगने करने की बात मात्र लफ्फाजी ही मानी जाएगी। अभी एक और गणित समझना भी जरूरी है,वह यह कि देश में कुल मिलाकर लगभग 16 करोड़ किसान हैं, जबकि यह सम्मान निधि केवल 9.5 करोड़ किसानों को ही दी जाती है, अर्थात देश के , 6.5 करोड़ किसान, यानी कि, लगमग 40 फीसदी किसान इस इस 'सम्मान-निधि' दान के दायरे से यत्नपूर्वक बाहर कर दिए गए हैं। यह अभागे किसान वोट के गणित में फिट नहीं बैठते, सो वैसे भी सरकार की अधिकांश योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, जबकि देश के सकल कृषि उत्पादन में इनका योगदान लगभग 61 फीसदी है । इनकी गंभीर समस्याओं की एक अलग महागाथा है, (इस पर फिर कभी विस्तार से )।

दरअसल आजादी के बाद से ही सरकारें देश की विकासगाथा का गुणगान करते हुए जीडीपी समझाने में लगी रहीं और किसान अपनी फसलों को सड़ते-गलते देखने को मजबूर होता रहा। फसल नहीं हुई तो मुसीबत, और अगर फसल अच्छी हुई तो भी मुसीबत। हालांकि इन सभी चीजों से हुक्मरान भलीभांति परिचित रहे हैं बावजूद इसके किसानों के लिए आज भी खाद-बीज-मंडी, सिंचाई, बिजली आदि बुनियादी समस्याओं का भी समाधान नहीं हो सका। हाल ही में कृषि सुधार के नाम पर केंद्र सरकार ने चुपके से तीन नये कृषि कानून पास किये जो कि पूरी तरह से कारपोरेट के पक्ष में भरे गए हैं तथा जिनमें गंभीर खामियां हैं, इसे लेकर किसान सड़क पर उतर गये। बीते छह माह से दिल्ली की सीमा पर किसान डटे हैं, तो कई किसान कोविड-19 प्रोटोकॉल को मैनेज करते हुए, जहां हैं, वहीं से आंदोलन का बिगुल फूंके हुए हैं।

वक्त है कि देश के किसानों को बचाने और उनकी आवाज को तेज करने के लिए किसानों को उनके ही मुद्दों को समझाने की और संगठित करने की। किसानों को इतना जागरूक किया जाए कि देश का किसान भी बगैर किसी नेतृत्व के अपनी बात स्वयं सत्ता के शीर्ष तक पहुंचा सके। जब-जब हम किसान आंदोलन को लेकर बातें करते हैं, जेहन में 25 अक्टूबर 1988 का दृश्य घूमने लगता है, जब चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान दिल्ली के वोट क्लब पर पहुंच गए। तब उन्होंने कहा था - खबरदार इंडिया वालों, दिल्ली में भारत आ गया है। तब दिल्ली थम सी गई थी। राजीव गांधी सरकार को उनकी मांगें मानने पर मजबूर होना पड़ा था। इसकी वजह थी कि तब सारे किसान और किसान संगठन टिकैत के नेतृत्व में एक छतरी के नीचे एकजुट थे। लेकिन वर्तमान में तीन नये कृषि कानूनों को लेकर किसान आंदोलित तो है, लेकिन एकजुट है। यह दावे से कहना फिलहाल संभव नहीं है। लगभग हर संगठन की निष्ठा किसी न किसी राजनीतिक दल या नेता के साथ जुड़ी है, और जो राजनीतिक दलों के दल-दल में नहीं है, उनकी कोई पूछ नहीं है। महामारी से परे भी, आज किसान अभूतपूर्व कठिन काल खण्ड से गुजर रहे हैं। ऐसे समय में किसान नेता तथा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को याद करना प्रासंगिक हो जाता है।पंद्रह मई उनकी पुण्यतिथि है। वे आज भी किसान नेताओं के लिए प्रेरक बने हुए हैं। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के आंदोलन में न कोई नेता था, न कोई पदाधिकारी, हर कोई किसान था। चौधरी टिकैत भी कभी मंच से किसानों को संबोधित नहीं करते थे। वे किसानों के बीच, किसानों से सीधे संवाद करते थे। लेकिन आज बस कुछ किसानों के हुजुम को लेकर बहुतेरे किसान नेता खड़े हैं। इस प्रकार अगर किसान कुनबो-खेमों में बंटा रहा तो किसानों की आवाज कभी भी सत्ता को सुनाई नहीं देगी। इतिहास गवाह है कि सत्ता हुंकार सुनती है। आवाज नहीं। कुनबो-खेमों में बंटे समुदाय की हुंकार नहीं होती।

मोदी सरकार तीनों कानून को कृषि सुधार में अहम कदम बता रही है, लेकिन देश के किसान संगठन इसके खिलाफ हैं। सरकार का कहना है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद जारी रहेगी, लेकिन किसानों को इस आजमाए झूठ पर भला कैसे विश्वास होगा? किसानों को लग रहा है कि सरकार उनकी कृषि भूमि कृषि मंडियों को छीन कर चुनिंदा कारपोरेट को देगी। आखिर सरकार और किसानों के बीच इतना अविश्वास का रिश्ता क्यों है? जाहिर है कि किसान अतीत में ऐसे कई सरकारी वादों और नीतियों से नुकसान उठा चुका है। अब आवश्यकता है कि सरकार सिर्फ कानून और वादों तक स्वयं को न रखें बल्कि जमीनी स्तर पर काम कर किसानों की स्थिति में सुधार लाने का यत्न करें। दूसरी ओर किसान नेता अपनी निजी महत्वकांक्षा को त्याग कर सामुहिक हित को आगे रखें और देशके तमाम छिटके छोटे बड़े सभी किसान संगठनों को सप्रयास एकजुट कर, अपने मोर्चे को और ठोस तथा मजबूत बनाएं। सरकार से सुनिश्चित एजेंडे पर ठोस वार्तालाप करें,और किसानों की मांगे मानने पर मजबूर करें। किसान भी अपने स्वाभिमान को मरने ना दें और एकजुट हो कर अपनी आने वाली पीढ़ियों के हितों के लिए अभी से कमर कस लें। चौधरी टिकैत की पुण्यतिथि पर आज देश के किसानों को पुनः उनकी गौरवशाली परंपरा के तहत एक छतरी के नीचे लाने के लिए चौधरी टिकैत की विरासत को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। पर यह जिम्मेदारी केवल नरेश टिकैत व राकेश टिकैत की ही नहीं है, बल्कि आज देश के सभी किसान नेताओं के कंधों पर इस विरासत की जिम्मेदारी है ,और इसे आगे बढ़ाने के लिए सभी को, एक दूसरे को समुचित सम्मान देते हुए, मिलकर नये सिरे से काम करना होगा। अतीत की गलतियों से सीख लेते हुए, देश भर के किसानों को एकजुट करना होगा। यह भी सच है कि अगल-अलग राज्य के किसानों की अलग-अलग प्राथमिकताएं है। लेकिन सभी किसानों की एक प्राथमिकता है कि उनकी उपज बढ़े, उपज का उचित मूल्य मिले, कृषि के आधारभूत ढांचा का विकास हो, नवोन्मेष को प्रोत्साहन मिले, कृषि सामग्री और उपकरणों तक सहज पहुंच सुनिश्चत हो। यह सब तभी होगा जब सत्ता को लगेगा कि किसान एक बड़ा वोटबैंक है। अब तक राजनीतिक दलों को जाति-धर्म आधारित वोटबैंक ही दिखते रहे हैं, उन्हें देश का सबसे बड़ा %वोट बैंक% किसानों का %वोटबैंक% भी दिखाना होगा। किसानों को हिंदू-मुस्लिम, अगड़े-पिछड़े, दलित-सवर्ण के मकड़जाल से निकल कर किसान होने के गर्व से गर्वान्वित होते हुए अपनी एक नई जमात तैयार करनी होगी। तभी चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को हम किसान अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देने के हकदार माने जाएंगे।

## आप की बात




इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## टीकों का अभाव

**आज** देश के हालात कोरोना की वजह से महफूज नहीं है और घंटों लाइन में लगकर भी लोग टीके का जुगाड़ नहीं कर पा रहे हैं। जैसे-जैसे महामारी का कहर जोर पकड़ता जा रहा है लाइन में लंबी होती जा रही है। 18 प्लस को टीकों की जब से घोषणा हुई है इसके लिए जद्दोजहद काफी तेज होती जा रही है। ऐसे में वैक्सीन की कमी अखरने वाली है। सरकार जब पर्याप्त टीको की व्यवस्था हो तभी टीकाकरण शुरू करें। फिलहाल दूसरे डोज वालों की ही सुध ले। एक समय था जब लोग टीके के नाम से डर रहे थे और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जाकर समझाइश के बाद भी लोग केंद्रों पर नहीं पहुंचे लेकिन महामारी का जो तांडव चला उससे टीकाकरण केंद्रों पर अपार भीड़ उमड़ने लगी और देखते-देखते सारा स्टॉक खत्म हो गया। यहां सरकार का दावा है कि अभी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास पर्याप्त स्टॉक है तो फिर राज्य सरकारे टीकाकरण में आनाकानी क्यों कर रही है? सरकार को लोगों को इस मामले में वस्तु स्थिति से अवगत कराना चाहिए वही जब तक पर्याप्त स्टाक ना हो नया टीकाकरण शुरू नहीं करना चाहिए। अब तक के स्टाक को देखते हुए 45 प्लस वालों को प्राथमिकता के साथ पहला या दूसरा डोज लगाया जाना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

# व्यंग: मुनाफाखोरों के लिए यमदूतों की भर्ती



विजय मिश्रा 'अमित'
अति. महाप्रबंधक (जनसंपर्क)

भूलोक पर कोरोना वायरस का तांडव भोलेनाथ के तांडव को भी मात दे रहा है। इससे मृत्यु दर इतनी बढ़ गई है कि यमलोक में जगह कम पड़ने लगी है। वहां हाहाकार मच गया है। कोरोना मरीजों की देखरेख के लिए जैसे चिकित्सालययों की कमी हो गई है। उसी तरह बढ़ती मौतों के कारण यमलोक में यमदूतों की भी कमी हो गयी है। भूलोक में मनुष्यों की बढ़ती मृत्युदर एवं कोरोना वायरस की तीसरे लहर का पूर्वानुमान लगाकर यमराज ने दूरदृष्टि का परिचय देते हुए अविलंब विशेष यमदूतों की भर्ती करने का विज्ञापन जारी किया है।

खास बात यह है कि यमदूतों की भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता का बंधन नहीं है। बैंक ड्राफ्ट ,पोस्टल आर्डर भेजने की भी आवश्यकता नहीं है। लेकिन आवेदक की कद काठी राक्षसों की तरह भयानक होना अनिवार्य है। साथ ही ''भैंसा वाहन'' उड़ाने का वैध लाइसेंस भी होना चाहिए। दहेज के नाम पर बहुओं को प्रताड़ित करने, कन्याभ्रूण हत्या में लिप्त महिलाओं के लिए महिला यमदूतों के पद आरक्षित हैं। इसी तरह चिकित्सालयों में मृत मरीजों के जेवर नकदी पार करने में माहिर अधर्मी लोगों को भी प्राथमिकता दी जावेगी। दयालुजनों को आवेदन न करने की सलाह दी गई।

चयनित यमदूतों को मास्क, सेनिटाइजर, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्यूपमेंट कीट (पी पी ई किट), प्रदान किया जाएगा। कोरोना संक्रमण जानवरों में होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए भैंस के लिए भी विशेष पी पी किट देने का प्रावधान है। यमदूतों की नियुक्ति कोरोना संक्रमण काल तक के लिए की जावेगी। यद्यपि मानव समुदाय की गलती से उपजे कोरोना वायरस के निकट भविष्य में समाप्त होने की संभावना नहीं है। वैज्ञानिकों के मुताबिक जिस बेरहमी से पर्यावरण और भौगोलिक व्यवस्था को मनुष्य चूर-चूर करने पर तुला है, उससे कोरोना से भी भयानक वायरसों की उत्पत्ति की प्रबल संभावना है।अतः महामारी के बढ़ने की स्थिति में नवनियुक्त यमदूतों की सेवा अवधि में भी वृद्धि की जा सकेगी।

महामारी पीड़ितों को महंगे दामों पर सामग्री बेचकर मुनाफा कमाने वालों, और नकली जीवन रक्षक दवाईयों के गोरखधंधे में लिप्त इंसानियत के दुश्मनों तथा आक्सीजन, रेमडेसिविर की कालाबाजारी, जीवन रक्षक दवाओं का कृत्रिम संकट पैदा करने वाले मानव रुपी दानवों को चुन चुन कर यमलोक ले जाने की जवाबदारी नवनियुक्त यमदूतों की होगी।

विदित हो कि यमदूत का पद एक निष्कपट, निश्चल ''मजिस्ट्रेट'' के पद की तरह है, अतःकिसी भी प्रकार से राजनैतिक दबाव, पहुंच, पैसा का दम दिखाने वाले आवेदक को यमदूत पद हेतु अपात्र घोषित किया जावेगा। ऐसी ऊंची पहुंच का रूतबा दिखाने वाले को सूचित किया जाता है कि बड़े-बड़े नेता ,मंत्री, संतरी, साधु-संत और समाज के दो मुंहे, दोहरे चरित्र वाले कु-कमिर्यो से नर्क पहले ही ''ओव्हरक्राउडेड'' है। ऐसे कु-कर्मियों से सिफारिश करवाने के पहले इनकी असलियत को जान लें। यह ऐसे बहूरूपिए लोग हैं जो जीवन भर बड़े पैमाने पर व्यभिचार में लिप्त होते हैं,और बेहतर छवि बनाने हेतु जनता जनार्दन के सामने दान देने का ढोंग करते हैं। हकीकत में ये चोरी तो ''सब्बल'' की करते हैं और दान ''सुई'' की कर गरीबों के मसीहा के रुप में स्वयं को प्रचारित करते हैं। ऐसे झूठे ,मक्कार ,घूसखोर, मुनाफाखोरों का सत्यानाश करने कोरोना वायरस ने जन्म लिया है।

पृथ्वी की पवित्रता को बनाए रखने हेतु ऐसे कुकर्मियों को जल्द से जल्द भूलोक से यमलोक पहुंचाने का सुनहरा अवसर नव नियुक्त यमदूतों को मिलेगा। इस पुण्य कार्य में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता यमदूतों को ''आउट आफ टर्न प्रमोशन पॉलिसी'' का लाभ देते हुए यमदूत से देवदूत के पद पर पदोन्नति दी जावेगी।

# कोरोना संक्रमण जड़ से समाप्त करने की दिशा में करें काम, कलेक्टर एवं एसपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

खतरा कम हुआ लेकिन थोड़ी सी ढिलाई से भी स्थिति बिगड़ने का अंदेशा, लॉकडाउन का प्रभावी पालन जरूरी संक्रमण कम हुआ पर पूरी तरह थमने तक प्रभावी मॉनिटरिंग बेहद जरूरी जिले की सीमा 31 मई तक सील रहेगी रियायतों के साथ मिलेगी छूट, प्रतिबंधों के पालन की होगी सख्त मॉनिटरिंग जिले में कोरोना संक्रमण घटा है लेकिन गंभीर खतरा अभी बना हुआ है। इसे पूरी तरह समाप्त करने पूर्व की तरह ही लॉकडाउन का पालन सुनिश्चित कराएं ताकि संक्रमण को पूरी तरह पर नियंत्रित किया जा सके। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने बैठक में जिले में 31 मई तक लगाए जा रहे लॉक डाउन के संबंध में जारी गाईड लाईन के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में पूर्व में किये गए लॉक डाउन के परिणामस्वरूप कोरोना के खिलाफ ल?ाई में अपेक्षाकृत सफलता मिली है। पूर्व के लॉक




डाउन से जिले में कोरोना संक्रमण की गति में कमी आयी है। एक समय चिंताजनक स्थिति निर्मित हो गयी थी, सख्ती से लॉक डाउन किये जाने से कोरोना को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को जड़ से समाप्त करने तक लगातार सघन मॉनिटरिंग की जाएगी जिससे पूर्णरूप से इसे खत्म किया जा सके। नई गाइड लाइन के अनुसार जिन प्रतिष्ठानों में रियायत दी गई है। उसका संचालन निर्धारित मापदंड के साथ किया जाएगा। साथ ही जिन व्यवसाय को प्रतिबंधित किया गया है उसका संचालन न हो, अधिकारी इसकी सख्त मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 मई तक जिले की सीमा सील रहेगी। अनावश्यक आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अब तक आप सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का बहुत कुशलता से निर्वाह किया है। आगे भी इसी तरह से निर्वहन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। सभी ने महती जवाबदारी के साथ कार्य किया है। आगे भी इसी तरह से अपने अपने क्षेत्रों में कार्य करें। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अनुविभागीय अधिकारी नगरीय निकाय के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि सभी सुपर मार्केट, सुपर बाजार, सब्जी बाजार, मॉल, शोरूम, मैरिज हॉल, स्विमिंग पूल, क्लब, सिनेमा हॉल, सैलून, ब्यूटी पार्लर, स्पा जिम तथा अन्य सार्वजनिक स्थल बंद रहेंगे। जिला अंतर्गत संचालित शराब दुकानें एवं बार दुकानें बंद रहेंगे किंतु ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी। सभी पार्क, रिसॉर्ट एवं समूह उपस्थिति वाले सभी धार्मिक स्थल, सांस्कृतिक एवं पर्यटन इत्यादि आम जनता हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। दुर्ग जिला अंतर्गत सभी कार्यालय विशेष को छोड़कर सामान्यतः आम जनता हेतु बंद रहेंगे परंतु 50 प्रतिशत रोटेशन के साथ कार्य एवं आम जनता विषयक आदि आवश्यक प्रयोजन हेतु सभी कार्यालय खोले जाएंगे। पंजीयक कार्यालय, आवश्यक स्टाफ सहित पूर्ववत टोकन व ऑनलाइन सिस्टम के साथ संचालित होंगे। टेलीकॉम, रेलवे वर्कशॉप से जुड़े कार्यालय/वर्कशॉप, रेक पॉइंट पर लोडिंग अनलोडिंग का कार्य जारी रहेगा। धरना, प्रदर्शन व सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु विवाह कार्यक्रम वर अथवा वधु के निवास गृह में आयोजित करने तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल का क?ाई से पालन की शर्त के अधीन आयोजन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या पूर्ववतः 10 रहेगी। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 रहेगी। सभी प्रकार की मंडियों एवं सब्जी बाजार इत्यादि आम जनता हेतु बंद रहेंगे किंतु आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु गोडाउन/मंडियों में थोक माल कार्गो पर सब्जी लोडिंग अनलोडिंग लोडिंग के अनुमति रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक रहेगी। फल एवं सब्जी थोक बाजार की समयावधि रात्रि 12:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ही संचालित होगा। सभी पान, सिगरेट, ठेला, चैपाटी, चाट, समोसा, गुपचुप इत्यादि के विक्रय हेतु ठेलों का संचालन पूर्व प्रतिबंधित रहेगा। होटल एवं रेस्टोरेंट इत्यादि ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से डिलिवरी पूवतः रहेगी। ग्राहकों के लिए इन हाउस डाइनिंग और टेक अवे प्रतिबंधित रहेगा। डिलीवरी का समय प्रातः 6 से रात्रि 9 तक रहेगा तथा आम जनता हेतु होम डिलीवरी रात्रि 10:00 बजे तक की जा सकेगी निर्देशों का उल्लंघन होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक सेवा केंद्र व चॉइस सेंटर शाम 5 बजे तक खोले जाएंगे। बाजारों में दुकानें रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में इस प्रकार संचालित रहेंगी। वाहन मरम्मत, पंचर सुधार दुकानें सोमवार से शनिवार प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक। फल, सब्जी अंडा, मांस मटन, मछली, पोल्ट्री आटा चक्की सोमवार से शनिवार प्रातः 6:00 बजे से 11:00 बजे तक। सराफा, कपड़ा, बर्तन फुटवियर, कॉस्मेटिक एंड गिफ्ट आइटम, स्टेशनरी शॉप, लॉन्ड्री सर्विसेज, पैकेजिंग मैटेरियल सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रात 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होंगी। अनाज किराना, मनिहारी डिस्पोजल इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल संबंधित निर्माण सामग्री मोबाइल शॉप एंड एससेरीज संबंधित दुकानें-मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को प्रात 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संचालित होंगी।

## क्विक न्यूज

### भारतीय जीवन बीमा निगम, जनरल इंश्योरेंश, डाकघर व बैंक को कार्यालयीन समय में संचालन की दी गई अनुमति




**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर बालोद जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 31 मई 2021 प्रातः 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम और सभी जनरल इंश्योरेंश के कार्यालय को अपने कार्यालयीन समय में खोलने की अनुमति दी गई है। डाकघर/बैंक में अधिकतम 50 प्रतिशत स्टाफ के साथ अपने कार्यालयीन समय पर टोकन व्यवस्था तथा मास्क व फिजिकल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन के अधीन समस्त प्रकार के लेन-देन सहित कार्यालय संचालन की अनुमति होगी।

# अर्थव्यवस्था और आर्थिक गतिविधियां निश्चित प्रारंभ हो हमारी कोशिश, लेकिन कोविड के केसेस पर भी हमारी नजर, जो जरूरत की चीजे हैं उसे हम छूट देते जाएंगे : महोबे

**लॉकडाउन के पांचवें चरण में सभी दुकानों को खोलने की छूट प्रदान करने व्यापारियों द्वारा की जा रही मांग**

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच जिले में पांचवें चरण का लॉक डाउन सोमवार 17 मई से चालू हो गया है। जो कि अब 31 मई तक रहेगा। जहां पहले की तरह बालोद जिला पूरी तरह कंटेनमेंट जोन में रहेगा। जिले की सीमाएं सील रहेगी। पांचवें चरण के इस लॉक डाउन में जिला प्रशासन ने स्थानीय व्यापारियों को थोड़ी सी राहत दी है। जिसमें एकल किराना दुकान, डेली नीड्स, स्टेशनरी, कृषि संबंधित दुकान, गैरेज, आटा चक्की दोपहर 3 बजे तक ही खुलेंगे। फल, सब्जी, मटन, अंडा इलेक्ट्रॉनिक शॉप इनको होम डिलिवरी की अनुमति मिली है। वही बैंक सेवा भी 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ सभी लोगो के लिए खुलने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। अब लोगों को जो छूट मिला है। उस पर कड़ाई से पालन करना होगा। श्री महोबे ने आगे कहा कि दुकानदार भी मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग करके ही दुकान संचालित करें। किसी तरह से भीड़-भाड़ या लॉकडाउन उलंघन पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। वही



कलेक्टर ने आगे कहा कि पांचवें चरण के इस लॉकडाउन में कई व्यापारियों के फोन लगातार आ रहे है और व्यापारी संघ की तरफ से आवेदन भी आए है, कि अन्य दुकानों को भी खोलने की अनुमति वह छूट प्रदान की जाए। व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। जिस पर प्रशासन स्तर पर एक बैठक करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। वही बढ़ते संक्रमण को देखते हुए दुकान खोलने की अनुमति देनी है या नहीं इस पर भी विचार किया जाएगा। श्री महोबे ने कहा कि अर्थव्यवस्था और आर्थिक गतिविधियां निश्चित प्रारंभ हो हमारी कोशिश है। लेकिन कोविड के केसेस पर भी हमारी नजर है। जो जरूरत की चीजे हैं उसे हम छूट देते जाएंगे। आपको बता दे कि कई व्यापारी कलेक्टर को फोन के माध्यम से दुकान को खोलने की छूट प्रदान करने की मांग कर रहे हैं तो वही व्यापारी संगठन के द्वारा आवेदन भी दिया जा रहा है। व्यापारी संघ गुंडरदेही के प्रतिनिधियों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम से एडिशनल कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग की है कि जिस प्रकार से रायपुर, दुर्ग-भिलाई और धमतरी एवं अन्य जिलों में व्यापारियों को लॉकडाउन के समय जो छूट दी जा रही है। उसी प्रकार बालोद जिले में भी सभी दुकानों को खोलने की छूट प्रदान की जाए।

# जिले में अब तक एक लाख 22 हजार 575 लोगों का किया गया टीकाकरण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



**जिले में 18 वर्ष से अधिक 10943 युवाओं ने लगवाया टीका**

जिला बेमेतरा जिले मे 16 मई 2021 तक एक लाख 22 हजार 575 लोगों को प्रथम एवं द्वितीय खुराक कोविड टीकाकरण किया गया है। जिसमे हेल्थ केयर वर्कर (एचसीडब्ल्यू) और फंट लाईन वर्कर (एफएलडब्ल्यू) को प्रथम डोज 8324 व दुसरा डोज 7125 लगाया जा चुका है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि 45 से 59 वर्ष आयु समुह के लोगों को प्रथम डोज 51253 एवं 60 वर्ष से उपर प्रथम डोज 35218 लोगो को लगाया जा चुका है। कोरोना टीका का दुसरा डोज 45 से 59 वर्ष आयु समुह के लोगों को 3768 एवं 60 वर्ष से उपर के आयु समुह के लोगों की संख्या 5081 है। जिले मे 01 मई से प्रारंभ 18 वर्ष से उपर आयु समुह के 10943 युवाओं को 16 मई तक प्रथम डोज लगाई गई। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने लोगों से अपील की है कि सोशल डिस्टेंस का पालन करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों में न जायें, दो गज की दूरी मास्क है जरुरी नियम का पालन करें। समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहें, सनेटाईसर का उपयोग करें। ताकि कोरोना का संक्रमण एवं फैलाव को रोका जा सकें। डॉ. शर्मा ने कहा कि कोरोना से बचने के लिए हमें और अधिक ऐहतियात बरतने की जरुरत है। लोग यह न समझें कि कोरोना टीका लगने के बाद हम सुरक्षित हैं बल्कि टीका के बाद हमें और अधिक सावधानी बरतने की जरुरत है।

## निधन

### देवन्तीन बन्छोर



**कुम्हारी।** देवन्तीन बन्छोर (70 वर्ष) का निधन दिनॉक 17/05/2021 को ग्राम ओटेबन्द में हो गया है। जिनका अन्तिम संस्कार कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए गॉव के मुक्ति धाम में किया गया। धार्मिक विचारों वाली धर्मपरायणी अपने पीछे शोकाकुल परिवार में पुत्र सुशील, सुदेश, सुनील, बहुओं तथा पोते पोतियों को छोड़ गई है।

### निजामुद्दीन खान

**भिलाई।** सेक्टर-6 निवासी निजामुद्दीन खान का निधन हो गया। वे मरहूम अमीरुद्दीन खान के



सुपुत्र और हरिभूमि दुर्ग भिलाई के प्रसार प्रभारी हसीब खान (सब्बू), मुजीब खान, मोहिद खान व एजाज खान के भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, बेटा-बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उन्हें कब्रिस्तान हैदरगंज में सुपुर्द खाक किया गया।

# ठीक होते ही आयुक्त पहुँचें एसएलआरएम सेंटर सफाई कर्मचारी ही असली कोरोना योद्धा : आयुक्त

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

निगम आयुक्त हरेश मंडावी होम क्वारंटाइजन में रहने के बाद आज ठीक होते ही निगम के कार्यो में जुट गये। शहर की सफाई के तहत् वे आज धमधा नाका स्थित कचरा पृथक्करण सेंटर पहुँचें। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, पीयूआई शेखर वर्मा के साथ स्वच्छता दीदीयों से कार्यो का जायजा लिये। उन्होंने कहा सफाई कर्मचारी ही असली कोरोना योद्धा है। जो अपने कार्य को निरंतर कर शहर को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।



**सेग्रीकेशन के साथ घर-घर से उठायें कचरा-** आयुक्त मंडावी आज स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य के साथ धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर पहुँचकर घर-घर कचरा कलेक्शन करने वाली महिला समूह की महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। स्वास्थ्य अधिकारी गुप्ता को समस्याओं का निराकरण करने निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक घर से सेग्रीकेशन के साथ कचरा लेने के निर्देश दिये।

**स्वच्छता दिदीयों को किया प्रोत्साहित-** कोरोना काल में भी शहर की स्वच्छता को बनाये रखने निरंतर अपने कार्यो को पूरी ईमानदारी से करते रहें हैं। आयुक्त मंडावी ने उनका उत्साहवर्धन किये। उन्होंने उनके कार्यो की जानकारी लिये तथा प्रशंसा कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कोविड काल में भी आप लोगों ने शहर की स्वच्छता को बनाये रखा है यह हिम्मत की बात है। आप लोग प्रत्येक घर से सेग्रीकेशन कर कचरा लेवें। किसी के द्वारा कचरा नहीं दिये जाने पर अपने स्वच्छता निरीक्षक को सूचित करें।

# कलेक्टर की अपील पर एल्डरमेन ने जरूरतमंदों के लिए 120 ऑक्सीमीटर किया प्रदान

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा कोरोना के संक्रमण से निपटने एवं राहत उपाय के लिए स्वेच्छा से सहयोग करने की अपील पर नगर पालिका परिषद बालोद के एल्डरमेन विपीन दीवान द्वारा 120 ऑक्सीमीटर जिला प्रशासन को प्रदान किया गया। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार बालोद रश्मि वर्मा ने ऑक्सीमीटर प्राप्त की। तहसीलदार ने बताया कि उक्त ऑक्सीमीटर को मितानिनों के माध्यम से जरूरतमंदों को वितरित किया जा रहा है।



## भारतीय जीवन बीमा निगम, जनरल इंश्योरेंश, डाकघर व बैंक को कार्यालयीन समय में संचालन की दी गई अनुमति

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर बालोद जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 31 मई 2021 प्रातः 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम और सभी जनरल इंश्योरेंश के कार्यालय को अपने कार्यालयीन समय में खोलने की अनुमति दी गई है। डाकघर/बैंक में अधिकतम 50 प्रतिशत स्टाफ के साथ अपने कार्यालयीन समय पर टोकन व्यवस्था तथा मास्क व फिजिकल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन के अधीन समस्त प्रकार के लेन-देन सहित कार्यालय संचालन की अनुमति होगी।

**भिलाई विधायक द्वारा इस मुहिम की शुरुआत की गई**

# प्लाज्मा एक्सप्रेस मुहिम में विधायक देवेंन्द्र ने भी डोनेट किया प्लाज्मा

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई विधायक देवेंन्द्र यादव द्वारा चलाये जा रहे प्लाज्मा एक्सप्रेस मुहिम में आज उन्होंने खुद भी बालाजी ब्लड बैंक पहुँच प्लाज्मा डोनेट किया। ज्ञात हो कि पिछले माह देवेंन्द्र यादव कोरोना की चपेट में आये थे जिसके बाद विशेषज्ञों द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए आज उन्होंने भी अपना प्लाज्मा डोनेट किया।

**संजीवनी बनी है रिकवर पेशेंट की प्लाज्मा-** कोरोना के दूसरे वेव में नए स्ट्रेन जितना अधिक घातक सिद्ध हुआ जिसकी कल्पना भी नहीं की गई थी। इस बीच कोविड पेशेंट के इलाज हेतु अपनाए जा रहे विभिन्न थेरेपी में प्लाज्मा थेरेपी की डिमांड भी बढ़ी। डॉक्टरों के प्लाज्मा थैरेपी पर बल दिए जाने के कारण भिलाई दुर्ग समेत प्रदेशभर में प्लाज्मा की मांग बढ़ी जिसे ध्यान में रखते हुए भिलाई विधायक द्वारा इस मुहिम की शुरुआत की गई और मरीजों को प्लाज्मा उपलब्ध कराए जाने का बीड़ा उठाया।

**प्लाज्मा डोनर को घर तक लेने पहुंचती है प्लाज्मा एक्सप्रेस-** इस अभियान में शामिल प्लाज्मा एक्सप्रेस वाहन इक्छुक डोनर को घर तक लेने पहुंचती है, वहीं जरूरतमंद पेशेंट तक प्लाज्मा पहुंचाने का काम करती है। देवेंन्द्र यादव की इस मुहिम में प्रदेशभर से सैकड़ों युवाओं को आपस में जोड़ा जिससे मरीज के परिजनों को प्लाज्मा ढूंढने किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा।

**इस कठिन दौर में युवाओं के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी-** प्लाज्मा डोनेट करने के बाद विधायक ने मीडिया से कहा इस कठिन दौर में युवाओं के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है।




आज जिस प्रकार से देशभर में भयावह स्थिति निर्मित हुई है, उसकी अपेक्षा छत्तीसगढ़ प्रदेश ने खुद को बहुत बेहतर ढंग से सम्हाला है। जिसमें शासन प्रशासन की महती भूमिका के साथ ही युवाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही, वे सभी बधाई के पात्र हैं। प्लाज्मा एक्सप्रेस मुहिम से प्रदेशभर से युवा जुड़ रहे हैं, सामने आ रहे हैं और डोनर से मरीज को आपस में जोड़ रहे हैं। जिसमें प्रदेशभर के मरीजों को प्लाज्मा उपलब्ध कराए जाने का काम चल रहा है। मैं सभी रिकवर मरीजों से अपील करता हूँ यदि आपकी उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच है तो विशेषज्ञ की सलाह लेकर प्लाज्मा जरूर डोनेट करें, आस पास अन्य लोगों को भी प्रेरित करें जिससे किसी अन्य कोविड मरीज को भी कोरोना से लड़ने सहायता मिल सके।

# ऑल मुस्लिम वेल्फेयर फाउंडेशन कवर्धा का हुआ विस्तार

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




ऑल मुस्लिम वेल्फेयर फाउंडेशन कवर्धा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ खान ने कवर्धा जिले में संगठन को विस्तार देते हुए जिले के उपाध्यक्ष पद पर बिलाल गांधी, और अफजल खान को नियुक्त किया। वही सचिव के पद पर मोहम्मद गुलबशर को और विधिक सलाहकार की जिम्मेदारी युवा वकील शोबा खान जी को दिया गया,जिले के मीडिया प्रभारी के पद पर रियाज अत्तारी को नियुक्त किया गया इन सभी को अध्यक्ष हनीफ खान ने उज्ज्वल भविष्य और निरन्तर लोगों की सहयोग करते रहने की आशा करते हुए मुबारकबाद पेश की वही सभी फाउंडेसन के सदस्यों ने मुबारकबाद पेश किया।वही जिले के सरंक्षक गण शमीम खान, शुभान हाशमी, अब्दुल सईद, इस्माइल खान ने और संभाग अध्यक्ष तौसीफ खान ने सभी को मुबारकबाद दिया और सभी को समाज के भलाई के लिए हमेशा हर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए प्रयास करते रहेंगे। सरंक्षक शमीम खान जी ने कहा कि जिला अध्यक्ष हनीफ खान के नेतृत्व में निश्चित ही यह फाउंडेसन समाज की हित मे बेहतर से बेहतर कार्य करता रहेगा।

# हाथियों ने किया किसानों का फसल चौपट

■ छाल वन परिक्षेत्र के हाटी का मामला, हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत, हाथी से बचाव के लिए बताए जा रहे उपाए

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की लगभग साल भर मौजूदगी रहती है। यहां हाथियों के कारण लोगों को काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। हर रात लोगों के बीच किसी बड़ी घटना का डर भी बना रहता है। जहां बीती रात हाथियों के दल ने छाल रेंज के हाटी बीट में किसानों के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। घटना के बाद सुबह नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात छाल रेंज के ग्राम हाटी के जंगल में लगभग 17 से 18 हाथी का दल विचरण कर रहा था। जहां बताया जा रहा है कि रात होने के बाद हाथी जंगल से निकलकर गांव के करीब तक पहुंच गए। इसके बाद किसानों के फसल को हाथी ने रौंद डाला। ग्रामीणों ने बताया कि लालजीत राठिया, गोवर्धन राठिया, धनीराम सहित पांच किसानों के फसल को हाथियों ने रौंद डाला। रात के दौरान उसे भगाने के लिए होहल्ला करने के बाद भी हाथी वहां से नहीं हटे फिर देर रात जंगल की ओर चले गए। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम को भी गांव के करीब जंगल में हाथियों की मौजूदगी की जानकारी मिल रही है। फिलहाल हाथियों के कारण लोगों के बीच दहशत का माहौल निर्मित है और रात में हाथियों की एक चिंघाड़ के बाद ग्रामीणों को रतजगा करने की मजबूरी बन जाती है।

### 54 हाथियों का दल कर रहा विचरण

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि धरमजयगढ़ वन मंडल में सोमवार की स्थिति में 54 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें छाल, धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में अधिक हाथी हैं, जो दिन भर जंगल में विचरण करते हैं और रात होने के बाद गांव के करीब तक पहुंच जाते हैं।

बीती रात छाल रेंज के हाटी ग्राम में हाथियों ने फसल नुकसान किया है। जिसका आंकलन कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वर्तमान में धरमजयगढ़ वन मंडल में 54 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। ग्रामीणों को हाथी प्रभावित जंगल में अकेले जाने से मना किया गया है।

**बीएस सरोटे,** एसडीओ, धरमजयगढ़ वन मंडल

## क्विक न्यूज

### जांजगीर-चांपा जिले में लॉकडाउन का हो रहा सख्ती से पालन: सांसद



**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिले के जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-बसंतपुर में जिला प्रशासन द्वारा बेरिकेट लगाया गया है, पुलिस विभाग के जवान, स्वास्थ्य विभाग के स्टाप,एवं शिक्षा विभाग के शिक्षक, के साथ कोटवार, तैनात है, जिले के सीमा के आखरी छोर के बेरिकेट होने के कारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंटीजेन टेस्ट किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है,कोरोना महासंकट के इस दौर में तेज गर्मी का सामना करते हुये कोरोना वारियर्स को जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगळे ने धन्यवाद दिया, और कहा कि आप लोगो के सेवा कार्य से कोविड 19 के संक्रमण के नियंत्रण में जिला प्रशासन सफलता की दिशा में अग्रसर है। ज्ञात हो कि सांसद द्वारा निरंतर जांजगीर-चांपा संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए लॉकडाउन की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है एवं इस लॉकडाउन को सफल बनाने में अपनी सेवाएं दे रहे शासन प्रशासन के सभी अधिकारी कर्मचारियों का भी मनोबल बढ़ाने की दिशा में उत्साह वर्धन किया जा रहा है।

### कंटेनमेंट अवधि में 31 तक समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकान रहेंगी बंद

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 31 मई 2021 रात 12 बजे तक कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर भीम सिंह ने 31 मई तक जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकानें, सी.एस.2 एवं एफ.एल.3 होटल बार को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेश जारी किया है। इस दौरान जिले की एकमात्र भण्डारण भाण्डारगार, रायगढ़ चालू रहेगी तथा मदिरा की ऑनलाईन होम डिलीवरी पूर्ववत संपूर्ण लॉकडाउन के दौरान भी चालू रहेगी।

### कलेक्टर से छग चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने की एक वर्चुअल मीटिंग

**रायगढ़।** जिले के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर गत 16 मई को जिले कलेक्टर भीम सिंह से छग चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की एक वर्चुअल मीटिंग आयोजित की गयाी। जिसमें चौम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास अग्रवाल, प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल एवं राजेश अग्रवाल शामिल हुए। उपरोक्त मीटिंग में सभी ने एक स्वर में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। सीमित समय के लिए व्यापार खोलने की मांग को लेकर तथा लॉकडाउन से होने वाली तकलीफों से विस्तार से अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने बताया कि रायगढ़ जिले में कोरोना का पाजिटिविटी रेट प्रदेश में सबसे ज्यादा होने के कारण तत्काल में इससे ज्यादा छूट देना संभव नहीं है।

# महुआ शराब पर पूंजीपथरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ आईटेन कार में हो रही शराब तस्करी की विफल, 65 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा लॉकडाउन दौरान महुआ शराब की अवैध बिक्री को लेकर सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों पर मुखबिर लगाकर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आज बड़ी कार्यवाही की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को मोबाईल पर पूंजीपथरा बस्ती के रंजीत गुप्ता को कार में छर्राटांगर की ओर शराब लेने जाने की सूचना उनके सक्रिय मुखबिर द्वारा दिया गया। सूचना पर कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा थाने के उपनिरीक्षक एमडी जायसवाल के हमराह सहायक उपनिरीक्षक विजय एक?का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक भूपेश राठिया, प्रबंध राठिया को नाकेबंदी कर कार्यवाही के लिए पूंजीपथरा बस्ती की ओर भेजा गया । शाम करीब साढ़े चार बजे स्टाफ द्वारा संदेही रंजीत गुप्ता को पूंजीपथरा बस्ती जाने के पहले पकड़े। उसकी हुंडोई आई कार क्रमांक 10 सीजी 13 यूसी 9802 के अंदर एक जूट के बोरी जिसके अंदर एक और प्लास्टिक की बोरी जिसमें एक-एक लीटर वाली 65 पैकेट पॉलीथिन के महुआ शराब रखा हुआ था। आरोपी रंजीत गुप्ता पिता मिश्री साव उम्र 34 वर्ष निवासी पूंजीपथरा बस्ती महुआ शराब को बस्ती में अवैध रूप से बेचना स्वीकार किया। आरोपी से महुआ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त कार की जब्ती कर आरोपी के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## विधि उल्लंघनकारी बालक पर नाबालिग बालिका को भगा ले जाने का आरोप


■ जूटमिल पुलिस बालिका को ओडिशा से की दस्तयाब, अपचारी बालक न्यायिक अभिरक्षा में

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को जूटमिल पुलिस चौकी ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 14 मई को पुलिस चौकी जूटमिल में नाबालिग बालिका के परिजन बालिका को बरगढ़ ओड़िसा में रहने वाला उसके हम उम्र का बालक बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराए। बालिका के पिता ने बताया कि बालक के रिस्तेदार गांव में रहते हैं। जिनके घर बालक का आना जाना था। उसी बालक पर बालिका को साथ ले जाने का संदेह व्यक्त किए। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली (चौकी जूटमिल) में धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा चौकी से उप निरीक्षक थानूराम नायक के हमराह महिला स्टाफ के साथ संदेही एवं बालिका की पतासाजी के लिए बरगढ़ ओड़िसा रवाना किया गया। संदेही के घर से बालिका को दस्तयाब कर चौकी लाया गया। बालिका का चाईल्ड लाईन व महिला पुलिस अधिकारी के पास कथन कराया गया पश्चात डॉक्टरी मुलाहिजा पर प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 366, 376 भादवि 6 पास्को एक्ट जोड़ी गई। उल्लंघनकारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है तथा बालिका उसके परिजनों के सुपुर्द की गई है।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक 16 मई की रात्रि संगठन के राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई,कार्यक्रम का मंच संचालन अग्रवाल संगठन के प्रांतीय महामंत्री कन्हैया अग्रवाल रायपुर ने करते हुए विस्तारपूर्वक अग्रवाल संगठन के कार्यों पर जानकारी दी इस बैठक में अग्रवाल संगठन के अंतर्गत महिला इकाई तथा युवा इकाई के पदाधिकारी सदस्य भी शामिल रहे, तथा प्रमुख रूप से अग्रवाल संगठन की इस वर्चुअल बैठक में संगठन के चेयरपर्सन अशोक अग्रवाल रायपुर, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, महेंद्र सेक्सरिया दुर्ग जयदेव सिंघल दुर्ग अशोक मोदी कोरबा, संतोष अग्रवाल भिलाई, मनोज अग्रवाल दुर्ग, महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती गंगा अग्रवाल रायपुर,महिला विंग की महामंत्री श्रीमती डॉ अनीता अग्रवाल, अग्र अलंकरण के संयोजक डॉ निर्मल कुमार अग्रवाल रायपुर, युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया दुर्ग, विनोद अग्रवाल तर्रा,श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सुनील रामदास अग्रवाल रायपुर, सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य भी रहे, बैठक के दौरान अग्रवाल संगठन द्वारा प्रदेश में संचालित कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए विभिन्न सेवाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रुप से प्लाज्मा थेरेपी का कार्य, मोहल्ला क्लीनिक, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सेवाएं, सहित विभिन्न सेवा प्रकल्प पर चर्चा की गई तथा बैठक को राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, अशोक मोदी कोरबा ने संबोधित करते हुए कहा आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल संगठन ने कोरोनावायरस की दूसरी लहर में भी पूरी सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है।

## चंद्रपुर विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने किया चंद्रपुर के प्रस्तावित 100 बिस्तर वाले कोविड-19 अस्पताल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार चंद्रपुर शहर के सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्री गोपाल जी महाप्रभु सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर द्वारा प्रस्तावित 100 बिस्तरों वाले कोविड-19 अस्पताल को लेकर आवश्यक तैयारियों के संबंध में चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव ने 16 मई को ट्रस्ट के सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारी/ कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया, इस दौरान विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि चंद्रपुर क्षेत्र के लिए यह कोविड-19 अस्पताल आने वाले दिनों में एक बेहतर सुविधा प्रदान करेगा साथ ही इस कार्य के लिए ट्रस्ट के भी सभी पदाधिकारी सदस्य साधुवाद के पात्र हैं, जो उन्होंने यह नेक कार्य करने के लिए स्वीकृति दी है,इस दौरान मालखरौदा विधायक रामकुमार यादव के साथ श्री गोपाल जी महाप्रभु सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर के ट्रस्टी चेयरमैन गोविंद चंद्रपुरिहा, सदस्य पूनमचंद्र अग्रवाल, रणजीत वैष्णव, शरद अग्रवाल,श्यामसुंदर देवांगन, नीलांबर देवांगन, विधायक प्रतिनिधि सुनील चंद्रा, रामेश्वर माली, नगर पंचायत चंद्रपुर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नायब तहसीलदार सिदार मैडम, सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ के मध्यमवर्गीय नागरिक संगठन ने निजी स्कूलों द्वारा वसूली जा रही फीस को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के मध्यमवर्गीय नागरिक संगठन द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया अग्रवाल रायपुर के नेतृत्व में 17 मई को वर्ष 2020-21 के शैक्षणिक सत्र एवम नए सत्र को लेकर कोविड-19 के संक्रमण एवम विद्यालयों के बंद रहने के बावजूद निजी स्कूलों द्वारा फीस वसूली के लिए अभिभावकों पर लगातार प्रताड़ित किए जाने की शिकायतों के बाद एवं अभिभावक तथा स्कूल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका पर उच्च न्यायालय द्वारा ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए जाने एवं केवल ट्यूशन फीस लिए जाने के आदेश के परिपेक्ष में ज्ञापन दिया गया है, तथा इस संबंध में मध्यम वर्गीय नागरिक संगठन की ओर से कन्हैया अग्रवाल रायपुर ने बताया है कि पिछले वर्ष भी इस निर्देश की आड़ में निजी स्कूलों द्वारा संपूर्ण फीस को ट्यूशन फीस बताकर अभिभावकों से जबरदस्ती वसूली की गई, एवं बहुत से विद्यालयों में ऐसे मामले भी सामने आए तथा कई जगह बच्चों को उनके परीक्षा परिणामों से वंचित करते हुए रिजल्ट रोक देने की धमकी भी दी गई, इस संबंध में कन्हैया अग्रवाल ने बताया है कि नया शैक्षणिक सत्र 2021- 22 के प्रारंभ होने की स्थिति में पुनः निजी स्कूलों से इस तरह की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है,एवं कोरोना की महामारी के चलते मध्यमवर्गीय एवं निम्न मध्यमवर्गीय परिवार कर्ज से दबा हुआ है, तथा निजी स्कूलों के द्वारा जितनी फीस 2019-20 के शिक्षण सत्र में ली गई थी, उससे कहीं ज्यादा फीस न्यायालय के आदेश के बावजूद सत्र 2020- 21 एवं सत्र 2021- 22 में वसूलने की तैयारियां की जा रही है, तथा छत्तीसगढ़ मध्यम वर्गीय नागरिक संगठन ने अपने लिखित ज्ञापन में बताया है कि न्यायालय के आदेश सिर्फ ट्यूशन फीस लिए जाने को लेकर है किंतु निजी स्कूलों द्वारा इस आदेश के आड़ में सभी प्रकार के शुल्क जैसे वाहन, लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर ,स्पोर्ट्स, फंक्शन आदि भी जोड़कर ट्यूशन फीस के हिस्से के रूप में लिया जा रहा है।

# पुलिस थाना सक्ति के अंतर्गत बंटी और बबली की तर्ज पर चोरी को अंजाम देने वाले चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सपनईपाली के आश्रित ग्राम चारापारा में बंटी और बबली की तर्ज पर चोरी करने वाले को गिरफ्तार पुलिस ने किया है, उनके पास लगभग साढ़े छह लाख का सामान बरामद किया गया। इस मामले में सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी संतोष कुमार पटेल पिता दामोदर प्रसाद पटेल उम्र 28 वर्ष साकिन चारपारा थाना सक्ती हाल मुकाम सोंठी थाना सक्ती तथा प्रमिला साहू पिता स्व. राजेश साहू उम्र 20 वर्ष साकिन चारपारा थाना सक्ती को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके द्वारा दर्जनों चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, हालांकि इस संबंध सक्ती पुलिस आरोपियों को रिमाण्ड में लेकर पुछताछ कर रही है।आपकों बतादें कि थाना सक्ती, मालखरौदा व डभरा के विभिन्न क्षेत्रों में हुए चोरी में खुलासा करते हुए उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पूर्व में थाना सक्ती में अपराध क्रमांक 31/21, 38/21 86/21, 92/21, धारा 457, 380 भादवि के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसमें आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई निम्न माल मशरूका 01 सीपीयू, 01 नग कम्प्यूटर मॉनिटर, 01 नग इन्वाइटर, 01 नग बैठरी, 01 नग कैमरा, 01 नग स्टेप्लाईजर, 07 नग मोबाईल फोन, लेमिनेशन मशीन, प्रिंटर, मोबाईल एसेसरिस, कटर मशीन, हॉटगन मशीन व अन्य समाग्री, नगदी 50500 / रू. के सिक्के जिसे आरोपियों द्वारा जमीन में गड़ा कर रखे थे, एक नग मोटर सायकल कीमती 50000 / रू. जुमला करीबन 06 लाख रूपया को बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य चोरी की समाग्रियां भी बरामद की गई है जिसे धारा 41 (1-4) जा.फौ. के तहत् जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। जप्त समाग्री निम्नांकित है -03 नग लैपटॉप . 01 नग डेस्कटॉप , 02 मॉनिटर , 01 नग गैस कटर, 02 नग इलेक्ट्रानिक तराजू, 09 बंडल वायर, 01 नग ऑसीजन सलैण्डर, 01 नग रेफिजेटर, 11 नग लक्ष्मी - गणेश का मूर्ति, 10 नग चांदी का सिक्का, एलईडी टीवी, चांदी का मूर्तियां भी बरामद की गई है। उपरोक्त मशरूका थाना मालखरौदा के अपराध कमांक 08/21, 28/21, 42/21/69/21, 92 /21, 95 /21 तथा थाना डभरा के अपराध कमांक 64/21, 79/21, 80/21, 81 / 21, 99 / 21, 152/21 से संबंधित होना पाया गया है।

# बिना निर्माण सामग्री गांव में कैसे होगा मनरेगा का कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विगत दिनों प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए प्रत्येक जिलों में लगाए गए लॉकडाउन के बाद जांजगीर-चांपा जिले में भी लाक डाउन लगाया गया तथा लॉकडाउन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाने मनरेगा इत्यादि के कार्यों को भी बंद कर दिया गया था, तथा पुनः अब विगत सप्ताह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायतों के रोजगार सहायकों को पत्र जारी कर मनरेगा के काम पुनः चालू करवाने आदेश दिए जाने की चर्चाएं हैं, तथा इस संबंध में शक्ति विकासखंड के सरपंच संघ शक्ति के अध्यक्ष डंमरुधर साहू ने बताया कि जनपद पंचायत द्वारा गांव में मनरेगा का कार्य कराने के लिए आदेश दिया गया है, किंतु वर्तमान में लॉकडाउन के चलते सभी निर्माण सामग्रियों की दुकानें बंद है, एवं रेत इत्यादि भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, तथा ऐसी स्थिति में भला मनरेगा के तहत होने वाले निर्माण कार्य कैसे हो सकेंगे,इस बात को लेकर सवालिया निशान लग गया है, सरपंच संघ के अध्यक्ष डमरुधर साहू का कहना है कि शासन को सर्वप्रथम पंचायतों को मटेरियल संबंधी व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए प्रावधान करना चाहिए तब कहीं जाकर मनरेगा का कार्य पंचायतों में बेहतर ढंग से हो सकेगा तथा वहीं दूसरी ओर शक्ति विकासखंड के सभी पंचायतों में इस बात को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है कि आखिर में मनरेगा का कार्य बिना निर्माण सामग्री एवं रेत के कैसे हो पाएगा एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष डमरूधर साहू का कहना है कि हम सभी सरपंच पंचायतों में कार्य करने के लिए तैयार हैं, किंतु शासन हमारे लिए उचित व्यवस्था उपलब्ध करवाएं तथा तब कहीं जाकर सोशल डिस्टेंसिंग इत्यादि का पालन करते हुए मनरेगा के कार्य बेहतर ढंग से संपन्न करवाए जा सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों से लॉकडाउन में मिली छूट का लाभ सावधानी के साथ लेने की अपील की

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का सतत रूप से पालन करते रहने की अपील की है, श्री बघेल ने कहा है कि हम सभी ने बहुत मुश्किलें झेलकर कोरोना की दूसरी लहर को नियंत्रित किया है, हमें हर हाल में तीसरी लहर की आशंका को समाप्त करना है। इस दूसरी लहर में न केवल हमें बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया, बल्कि बहुत से करीबियों को भी हमसे छीन लिया है,उन्होंने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से कोरोना संक्रमण दर को हम 30 प्रतिशत से 9 प्रतिशत तक लाने में कामयाब हुए हैं। कोरोना की स्थिति में तेजी से हो रहे सुधार को देखते हुए राज्य शासन ने लाकडाउन के प्रतिबंधों में थोड़ी छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट जन-सामान्य की मुश्किलों को थोड़ा आसान करने के लिए दी जा रही है, इस छूट के दौरान भी बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनेटाइजिंग का पालन करते रहना होगा, अन्यथा निकट भविष्य में हमें और भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है, मुख्यमंत्री ने लोगों से यह भी अपील की है कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए अपनी बारी आने पर टीका जरूर लगवाएं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रं./63/न.पा.नि./जलप्रदाय शाखा/2021-22 — बीरगांव, दिनांक 13.05.2021

**वार्षिक निविदा 2021-22 मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण Ist Call**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत ट्यूब वेल में नया सबमर्सिबल पम्प डालना तथा पुराना सबमर्सिबल पम्प मरम्मत हेतु खोलना/डालना कार्य (लेबर वर्क) तथा प्लेटफार्म निर्माण कार्य (सामग्री एवं लेबर सहित) हेतु निविदा प्रपत्र ''बी'' में पात्र फर्मों से मुहरबंद निविदाएं, तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 27.05.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 27.05.2021 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 03.06.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 03.06.2021 सायं 4.00 बजे।

| कार्य समूह क्र. | कार्य क्षेत्र | अनुमानित लागत राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | उरला वार्ड 01 से 05 | 6.00 |
| 2 | अछोली वार्ड 06 से 08 | 4.50 |
| 3 | रावांभांठा वार्ड 09 से 15 | 10.00 |
| 4 | उरकुरा वार्ड 16 से 19 | 4.50 |
| 5 | बीरगांव वार्ड 20 से 27 | 15.00 |
| 6 | बीरगांव वार्ड 28 से 36 | 19.00 |
| 7 | सरोरा वार्ड 37 से 40 | 7.00 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने कंटेनमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी.एस. एल्मा ने जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम चंदियाभांठा एवं विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पड़ियाईन के जोन क्रमांक 02 में जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को देखते हुए ग्राम चंदियाभांठा एवं ग्राम पड़ियाईन के जोन क्रमांक 02 को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। घोषित कंटेनेमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु आधिकारियो को दायित्व सौंपे है। जारी आदेश के अनुसार कंटेनेमेंट जोन मे केवल एक प्रवेश एवं एक निकास हेतु बैरिकेटिंग के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्य पालन अभियंता, आवश्यक वस्तुओ की आपूर्ति एवं सेनेटाइज व्यवस्था के लिए संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को दायित्व दिया है। इसी तरह एक्टिव सर्विलेंस, स्वास्थ्य टीम को एस.पी.ओ. अनुसार दवा, मास्क इत्यादि उपलब्ध कराने और बॉयो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिम्मेदारी दी है।

### जिले को 18 से 44 वर्ष के लोगो के लिए टीकाकरण हेतु 2380 डोज प्राप्त

**मुंगेली।** कोविड 19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाओ के लिए चिन्हांकित टीकाकरण केंद्रों में किए जा रहे टीकाकरण के प्रति 18 से 44 वर्ष के लोगो में जबरदस्त उत्साह है। लोगो द्वारा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कतारबद्ध होकर टीका लगवाया जा रहा है। जिले में 18 से 44 वर्ष के लोगो के लिए आज स्वास्थ विभाग को 2380 डोज प्राप्त हुए। प्राप्त टीकाकरण डोज को अति गरीब अन्त्योदय राशन कार्ड में पंजीकृत, बी पी एल राशन कार्ड धारक, ए पी एल राशन कार्ड धारक और फ्रंटलाइन वर्करों को लगाया जाएगा। कलेक्टर पी एस एल्मा ने कहा है कि कोरोना को हराने का मात्र उपाय टीकाकरण है। टीका लगवाने से किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या नही हुई है और टीकाकृत समस्त व्यक्ति सामान्य जीवन जी रहे हैं।

# शिक्षकों की सराहनीय पहल से कसडोल कोविड सेंटर को मिला 5 जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

कोरोना संकट के दौर में जंहा चिकित्सक दिन रात मरीजों की सेवा में जुटे हुए हैं।ताकि उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराकर जल्दी स्वस्थ बना सके।और अविलंब स्वास्थ्य लाभ लेकर अपने घर वापस हो सके इसी सकारात्मक विचारों के साथ अस्पतालों में सेवा दे रहे चिकित्सक, नर्स, ड्रेसर, एवं पूरे स्वास्थ्य अमला दिन रात एक कर दिये हैं।बलौदाबाजार जिला प्रशासन की भी सराहनीय भूमिका नजर आ रहा है जिसके चलते संक्रमण में नकेल कसने में सकारात्मक सफलता प्राप्त हो रहा है।जहां स्वास्थ्य अमला एवं जिला प्रशासन कोरोना रोकथाम एवं कोरोना मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर जल्दी स्वस्थ बनाने में दिन रात जुटे हुए हैं वहीं शिक्षा विभाग में पदस्थ बलौदाबाजार जिले के कसडोल



विकास खंड के शिक्षकों ने मानवता धर्म निभाते हुए कोरोना मरीजों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके इसके लिए शिक्षा विभाग कमर कसते हुए मरीजों को राहत पहुचांने के लोगों सामने आकर मदद के लिए हाथ बटा रहे हैं।जो वाकई में काबिले तारीफ हैं।शिक्षकों के द्वारा जिला शिक्षक संघ अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विगत दिनों कसडोल अस्पताल को बी एम ओ संवेदनशील वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सी एस पैकरा की मौजूदगी में 05 जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर भेंट किये गए हैं। जिससे कोरोना मरीजों को ऑक्सीजन सम्बंधित समस्याओं के लिए निजात मिल सके और मरीजों की समय रहते जान बचाया जा सके।शिक्षकों के सार्थक पहल पर कसडोल अस्पताल के बी एम ओ सी एस पैकरा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षको के प्रति आभार जताया।बी एम ओ डॉ सी एस पैकरा ने कसडोल विधानसभा के वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए बताया कि कसडोल अस्पताल को शिक्षकों के सहयोग से 05 जंम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर मिलने से मरीजों के लिए वरदान से कम नहीं है जो जरूरत प?ने पर मरीजों की सेवा में उपयोग होगा।आगे बताया कि इसी तरह यदि समाज का हर वर्ग सामने आकर सार्थक पहल पर योगदान देते रहें तो निश्चित ही हमारा बलौदाबाजार जिला एवं छत्तीसग? प्रदेश बहुत जल्द कोरोना मुक्त होगा।डॉ पैकरा ने टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन पर भी प्रकाश डालते हुए लोगों से अपील किये की अधिक से अधिक कोरोना जांच पर रुचि दिखाए एवं वैक्सीन लगवाने में सामने आए ताकि समय रहते कोरोना से जंग जितने में कामयाबी हासिल कर सके।जंम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर भेंट करने वाले शिक्षकों में चितेश्वर प्रसाद वर्मा, योगेंद्र श्रीवास,मूरित राम श्रीवास, दीनू घृतलहरे,रामजी रजक,श्रीमती किरण डॉ सी एस पैकरा,एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ तिरिथ पैकरा सहित सभी का सराहनीय एवं उत्कृष्ट योगदान रहा।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में पेयजल की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि निविदा हो चुके कार्यो को प्रारंभ किया जाये तथा पेयजल की बेहतर व्यवस्था की जाये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कतलाम ने बताया कि जिले में 9772 स्थापित हैंडपंप में से 9751 हैण्डपंप चालू है। जल स्तर गिरने से केवल 21 हैंडपंप बंद है। इसी तरह वर्ष 2020-21 में 357 नलकूप खनन का लक्ष्य है जिसमें से 295 नलकूप खनन का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह लौह युक्त संयंत्र 52 में सभी पूर्ण हो गये है। फ्लोराइड और आर्सेनिक संयंत्र के 3-3 संयंत्र चालू है। सोलर पंप स्थापना हेतु 340 कार्य स्वीकृत है जिसमें से 99 पूर्ण होकर प्रारंभ हो गया है। राजिम आवर्धन जल प्रदाय योजना का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा परीक्षण स्टेज पर है। जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत 219 नल सोलर पंप स्थापित किया जाना है। मिशन अंतर्गत ग्राम बसाहटों में सोलर आधारित निविदा आमंत्रित दर की स्वीकृत प्राप्त हो चुका है। साथ ही मिशन अंतर्गत संचालित नल जल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य,सिंगल विलेज, देवभोग के 38 शालाओं में सोलर आधारित फ्लोराइड रिमूवल प्लांट की चर्चा की गई।

# कोरोना संक्रमण घटते क्रम में, 174 केस मिले

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना के संक्रमण दिनो-दिन घट रहा है रविवार को 174 केस संक्रमित मिले। कोरोना का संक्रमण के दर घटा। रविवार को 1457 सेम्पल के रिपोर्ट में से 11.9 प्रतिशत के दर से संक्रमण पर 174 केस संक्रमित पाये गए। कुल संक्रमण की संख्या 21483 पहुच गई। राहत की बात है कि रविवार को सबसे ज्यादा 298 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए है जिनकी कुल संख्या 17440 हो गई है। रविवार को 174 में से 68 प्रकरण मुंगेली विकास खण्ड में, 37 लोरमी विकास खण्ड के तथा 69 पथरिया विकास खण्ड के है। रविवार को कोरोना से 1 व्यक्ति की मौत हुई है कुल 146 लोगो की मौत हो गई है। रविवार को कुल एक्टिव केस की संख्या घट कर 3897 हो गई है। कुल 1457 सेम्पल के रिपोर्ट आये है जिनमें से आरटीपीसीआर के 74,






टू नाट के 30, रैपिड एंटीजेन के 70 सहित कुल 174 केस संक्रमित मिले है।

जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम चंदियाभांठा एवं विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पड़ियाईन के जोन क्रमांक 02 कंटेनमेंट जोन घोषित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एल्मा ने आदेश जारी कर दायित्व अधिकारियों को सौप दिया है और उसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये है।

- सकारात्मक सोच और दृढ़ इच्छा शक्ति एवं चिकित्सकों के समर्पित सहयोग के फ्लस्वरूप 16 मई तक 17 हजार 440 मरीजों ने कोरोना को दी मात।

- जिले के चिन्हाकित टीकाकरण केंद्रो में 16 जनवरी से 16 मई तक 1 लाख 58 हजार 404 लोगों ने लगवाया कोविड-19 का टीका।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीगीपुर निवासी प्रार्थी ने 31 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिक लडकी को अज्ञात आरोपी के द्वारा बहलाफुसला कर भगाकर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध कमांक 42/21 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना किया जा रहा था। प्रकरण महिला संबंधी अपराध होने से पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार कुजूर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी एवं एसडीओपी मुंगेली तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में 15.मई को बालिका को बरामद किया जाकर प्रकरण में धारा 366,376 भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट जोडी गई एवं आरोपी डोमेश पुरी गोस्वामी पिता रघुनंदन पुरी गोस्वामी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम टिंगीपुर को 16 मई को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है। एवं अपराध कमांक 143/21 धारा 363 भादवि के नाबालिक अपहृता को दस्तयाब किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह, उप निरीक्षक अमित कौशिक, सउनि चितगोविंद दुबे, आरक्षक दिलीप साहू, दयाल गावस्कर, संजय यादव, गिरीराज परिहार का विशेष योगदान रहा।

## जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम चंदियाभांठा एवं विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पड़ियाईन के जोन क्रमांक 2 कंटेनमेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी. एस. एल्मा ने कहा है कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे है। जिले के संदिग्ध मरीजों का सैंपल जांच नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी कडी में विकास खण्ड लोरमी के ग्राम चंदियाभांठा एवं विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पड़ियाईन के जोन क्रमांक 02 में संदिग्ध मरीज की जांच की गई। जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये गये। जिसके कारण विकास खण्ड लोरमी के ग्राम चंदियाभांठा एवं विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पड़ियाईन के जोन क्रमांक 02 को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। विकास खण्ड लोरमी के ग्राम चंदियाभांठा के पूर्व दिशा में नवागांव दयाली (खेत), पश्चिम में नहर, उत्तर में नहर और दक्षिण में नवागांव दयाली (खेत)एवं ग्राम पडियाईन के जोन क्रमांक 02 के पूर्व दिशा में यादव एवं बदईपारा , पश्चिम में मुंडादेवरी मार्ग, उत्तर में सतनामी पारा और दक्षिण में महामाया पारा स्थित है। घोषित कंटेनमेंट जोन मे सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बंद रहेंगे। कंटेनमेंट जोन मे प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुँच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओ की आपूर्ति उचित दरो पर की जाएगी। सभी प्रकार के वाहनो का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । मेडिकल इमरजेंसी को छोड़ कर अन्य किन्ही भी कारणो से घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## बच्चों के हिस्से की वैक्सीन मोदी ने निर्यात क्यों की : राजा ठाकुर

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर ने वैक्सीन के अन्य देशों को निर्यात के मसले पर केंद्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचने देश की मात्र दो कम्पनियां वैक्सीन का निर्माण कर रही हैं जिनकी



उत्पादन क्षमता देश की वैक्सीन की जरूरत के मुताबिक फिलहाल काफी सीमित है।इसके बावजूद संसार भर के 93 देशों को वैक्सीन के 6.5 करो? डो? का निर्यात किया गया। जिनमें अमेरिका और जापान जैसे ऐसे देश भी शामिल हैं जो आर्थिक,वैज्ञानिक दृष्टि से सम्पन्न देश हैं।इन देशों में मोदी जी की फोटो के साथ धन्यवाद ज्ञापित करने वाले बड़े-बड़े होर्डिंग भी लगे। वैक्सीन का निर्यात इसी वर्ष के मार्च, अप्रैल महीने में किया गया।ये वही दौर था जब देश भर को पता चल गया था कि कोरोना की दूसरी लहर शुरू हो चुकि है और इस बार का डबल म्यूटेंट कोरोना वायरस पहले के मुकाबले ज्यादा तेजी से फैल रहा है और कई गुणा ज्यादा घातक है फिर भी केंद्र सरकार ने वैक्सीन का निर्यात जारी रखा। जब निर्यात के मसले पर सवाल खड़े होने लगे तो मोदी सरकार ने देश की जनता को आश्वस्त किया था कि हमने वैक्सीन का उत्पादन शुरू कर दिया है और देश की सम्पूर्ण आबादी का टीकाकरण मुफ्त में किया जाएगा।

# व्यापारियों ने लॉकडाउन को शिथिल करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में 17 मई से 31 मई तक बढ़ाए गए लॉकडाउन के संबंध में गरियाबंद व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय दासवानी उपाध्यक्ष विकास रोहरा ललित पारख एवं जलाराम ठक्कर ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला मंत्री अरेंद्र पहाड़िया के नेतृत्व में जिला के जिलाधीश निलेश क्षीरसागर से सौजन्य भेंट कर घोषित लॉकडाउन को शिथिल करते हुए जिले के सभी व्यापारियों को एक टाइम लिमिट में व्यापार खोलने की अनुमति प्रदान करें मांग रखी, जिलाधीश को सौंपे गए ज्ञापन में इन दिनों कोरोनावायरस संक्रमण के मरीज की प्रतिशत संख्या में कमी आना साथ ही लगातार टेस्टिंग



एवं वैक्सीन की प्रक्रिया तेजी से जारी होने से क्षेत्र में पॉजिटिव हितग्राही में कमी आई है साथ ही मृत्यु दर भी कम हुई पूरे गरियाबंद जिले में अन्य जिलों की अपेक्षा शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए काफी सुधार देखने को मिला है इन्हीं कारणों से व्यापारी एक टाइम लिमिट में सभी व्यापार खोलने के लिए मांग की गई है जिस पर जिलाधीश ने जिले के विकासखंड एवं अन्य जिलों के निर्णय एवं सुझाव प्रस्ताव परामर्श पर विशेष रूप से गंभीरता से ध्यान देकर आगामी दो-तीन दिनों में व्यापारियों के हित में निर्णय की बात का आश्वासन दिया है संघ के सदस्यों ने जिलाधीश का आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही सभी व्यापार खोलने के आदेश जारी करने की मांग की है .उल्लेखनीय है की कई दुकाने किराए से संचलित हो रही है वही उन दुकानदारो के ऊपर किराए का बोझ चढ़ते जा रहाँ है . वही मज़दूर तपके के लोगों के पर रोज़ी रोटी का संकट खड़ा हो गया है वह आर्थिक बोझ से कुचले जा रहे है लम्बे समय से दुकान बंद होने का ख़ामियाज़ा उन्हें भुगतना पड़ रहा है इन्ही सब समस्याओं के चलते व्यापारियों ने कलेक्टर से लाकड़ाऊन को थिथिल करने की गुहार लगाई । वही फिंगेश्वर नवनिर्मित अस्पताल में डॉक्टर की कमी एवं अन्य सुविधाओं के प्रति ध्यान आकृष्ट करवाते हुए जैसे कि डिजिटल एक्सरा मशीन आईसीयू वार्ड सिस्टर कंपाउंडर संसाधन की व्यवस्था अगर हो जावे तो 30 बिस्तर अस्पताल की उपयोगिता सार्थक हो जाएगी एवं क्षेत्र में 50 गांव की जनता कोस का सर्वाधिक लाभ मिलेगा घटना दुर्घटना से इलाज के अभाव में लोगों को रायपुर रिफर नहीं होना पड़ेगा और एक बहुत ही अच्छी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लोगों को मिलेगी उक्त मांगों पर भी गौर करने जिलाधीश से आग्रह किया गया उन्होंने आश्वासन दिया है डॉक्टर की व्यवस्था जल्द की जाएगी।

**बलौदाबाजार के अंतर्गत 187 शिक्षकों, अन्य विभाग के कर्मचारियों एवं कुछ समाज के जुड़े हुए लोगों के द्वारा सहयोग प्रदान किया**

# जिला कोविड हास्पिटल बलौदाबाजार को शिक्षक समुदाय द्वारा एसी, वाटर कूलर, इंडक्शन, मास्क, सेनेटाइजर आदि दिया गया

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के द्वारा आपसी सहयोग से जिला कोविड हास्पिटल बलौदाबाजार में सहयोग के लिए राशि का संकलन किया गया था। जिसमें विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत कार्यरत 187 शिक्षकों, अन्य विभाग के कर्मचारियों एवं कुछ समाज के जुड़े हुए लोगों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया था। संकलित राशि से शिक्षकों के द्वारा जिला कोविड अस्पताल बलौदाबाजार में जिला कोविड हास्पिटल प्रभारी डॉ शैलेन्द्र साहू को 2 एयर कंडिशनर, 1 वाटर कूलर, 2 इंडक्शन हीटर, मास्क, सेनेटाईजर एवं पेसेन्ट्स के लिए बिस्किट आदि प्रदान किया गया। डॉ. शैलेन्द्र साहू द्वारा विकासखण्ड के शिक्षकों के द्वारा किये जा रहें इस प्रयास के लिए हास्पिटल परिवार की ओर से धन्यवाद दिया गया। उन्होनें उपस्थित शिक्षकों को हास्पिटल में कोविड पेंसेंट के इलाज और उनको मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। उपस्थित शिक्षकों के द्वारा सामग्री प्रदान करने के पश्चात बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत कार्यरत समस्त को धन्यवाद दिया गया जो विभिन्न संगठन से होते हुए भी इस पुनित कार्य के लिए एक मंच पर आये और



सभी ने मिलकर सहयोग राशि एकत्रित किया। शिक्षक समुदाय द्वारा सहयोग राशि से सामग्री प्रदान करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश शिक्षक एल.बी. संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेतन बघेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष मून्ना लाल मनहरे, जिला कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, जिला प्रवक्ता हेमलाल साहू, बलौदाबाजार ब्लाक अध्यक्ष कैलाश चौधरी, बेनीराम साहू, रमेश कुमार नेगी, पैकरा सर, टिकेश्वर कनौजे, अभिषेक मोहबे, श्रीराम मरकाम, किसन बघेल, भानुमति बघेल, पलारी विकासखण्ड अध्यक्ष अभिषेक मोहबे, लोकनाथ सेन आदि उपस्थित थे।

## नाई दुकान को खोलने की अनुमति नहीं तो सरकार सेन समजा वालो को दे आर्थिक पैकेज : लख्कू सेन

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं सेन समाज के लोग इस कोरोनो महामारी के चलते सेन नाई समाज बहुत पिछड़ गया है।सरकार ने बहुत सी दुकानों को खोलने की अनुमति दी है।लेकिन नाई दुकान को खोलने की अनुमति नहीं दी है। तिल्दा नेवरा के जाने माने कारीगर लख्कु सेन ने कहा है की



महीने भर से दुकाने बंद रहने से समाज के लोगों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।समाज का 95 फीसदी लोग अपने पुश्तैनी नाई कार्य को करके परिवार चलाते है।हालत यह है की सेलून दुकान का किराया तक नहीं दे पा रहे है।गांव में पौनी पसारी का काम करने वालो की हालत भी बहुत दयनीय है।लोग कर्ज के बोझ में दबते जा रहे हैं।उन्होंने नाई दुकानों को खोलने की अनुमति देने या समाज के लोगों को राहत राशि देने की मांग की है। आज स्थिति बहुत गभीर हो गई है।इस विकट संकट काल में भी समाज के लोग जरूरत पड़ने पर हर समाज के सुख दुख में जाकर सहयोग कर रहे है।क्यों जन्म से मृत्यु तक हर संस्कार में नाई की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।दुभाग्य है की इसके बाद भी नाई समाज की उपेक्षा की जाती है।

# ये भीड़ पड़ेगी भारी : लाकडाउन में छूट के पहले दिन ही बाजार में उमड़ी जानलेवा भीड़






पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तकरीबन महिने भर बाद दुकानों के दरवाजे खुल गए। घटते संक्रमण और व्यापारियों की मांग को देखते हुए प्रशासन ने सप्ताह में तीन दिन तीन बजे तक दुकानों को खोलने की सशर्त अनुमति दी है। इस अनुमति के साथ ही यह हिदायत भी दी गई कि सिर्फ जरुरतमंद लोग ही बाजार का रुख करें। मगर बेसब्र आवाम ऐसी हिदायतों को मानती ही कहां हैं। अगर लोग पहले ही इन बचाव के उपायों को गंभीरता से लेते तो बीते एक महिने में जो परिस्थितियां शहर को देखनी पड़ी वैसे हालात कभी आते ही नहीं।

बहरहाल, प्रशासन का राहत देने का फैसला अपनी जगह सही है लेकिन लोगों की आदतें सुधरने का नाम नहीं ले रही। शहर के संकरे रास्तों वाले बाजार में खूब भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर छूट के समय तक गुड़ाखू लाईन, हमाल पारा, जूनी हटरी, गोलबाजार, सिनेमा लाईन में लोग एक दूसरे को धक्के मारते हुए आगे बढ़ते रहे। कई जगहों पर पैर रखने की जगह नहीं थी। लोगों में अजब आपाधापी देखने को मिली। बीते 37 दिनों से सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करने की कोशिश करता रहा प्रशासनिक अमला अनलॉक के पहले ही दिन भीड़ देखकर सकपका गया। सारे किए कराए पर पानी फिर गया। घटते संक्रमण को देखकर लोग दोबारा भ्रम पालने लगे हैं कि अब कोरोना खत्म हो चुका है। दूसरी लहर की चपेट से वे बाहर आ चुके हैं। लेकिन न ही अभी दूसरी लहर खत्म हुई है और न ही कोरोना महामारी का संक्रमण समाप्त हुआ है। अलबत्ता तीसरी लहर की गंभीरता को लेकर चेतावनियां जरुर जारी हो रही है। शहर ने दूसरी लेहर में तीन सौ से ज्यादा मौतें देखी हैं। अगर हालात अब भी नहीं सुधरे, लोगों ने हाय-तौबा मचाने की आदत नहीं छोड़ी तो स्थिति और बिगड़ेगी।

# 32 लाख के हेरफेर में शामिल बैंक कर्मी ने की आत्महत्या, गिरफ्तार न किए जाने को लेकर कठघरे में पुलिस

## शासकीय शराब दुकान से इकट्ठा की गई रकम ब्याज पर बाजार में करण ने ही बांटा था

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/खैरागढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय शराब दुकान की 32 लाख की नगद रकम में हेरफेर के मामले में एक आरोपी खैरागढ़ के ही बैंक कर्मी करण वालमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है। खैरागढ़ थाना प्रभारी नासिर बाठी ने बताया कि शराब दुकानों से पैसा इकठ्ठा कर उसे बैंक में जमा करने वाले सीएमसी फर्म के एरिया मैनेजर अखिलेश सोनी इस मामले में मुख्य आरोपी है। बताया जा रहा है कि अखिलेश ने ये रकम करण को ही दी थी जिसने यह रकम लोगों को ब्याज पर बांट दी थी।

शासकीय शराब दुकान की रकम में हेरफेर का मामला उलझता ही जा रहा है। पुलिस अधिकारियों को कहना है कि उन्होंने इस रकम के हेरफेर की सभी कड़ियां जोड़ ली हैं। लेकिन इस दावे में काफी कुछ संदिग्ध नज़र आता है। करण वाल्मिक की आत्महत्या के बाद यह मामला और उलझ सकता है। थाना प्रभारी नासिर बाठी ने बताया कि करण ने रकम लिए जाने की बात कबूल की थी। उसने एक लाख 70 हजार रुपए की रकम जब्त भी करवाई थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर करण ने अपना अपराध कबूल कर लिया था तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार क्यूं नहीं किया जबकि अखिलेश सोनी को पिछले हफ्ते ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि अखिलेश के कब्जे से भी 4 लाख 20 हजार रुपए जब्त किए जा चुके हैं।



### ड्यूटी ज्वाईन करने वाला था करण

बताया गया कि सुबह 10 बजे के आसपास नया बस स्टैंड वार्ड नंबर 18 अंबेडकर वार्ड खैरागढ़ निवासी स्टेट बैंक के संविदा कर्मी करण कुमार वाल्मीक (30) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी के बयान के मुताबिक इससे पहले वह बिल्कुल ठीक था और अपनी दिनचर्या से निवृत्त होने के बाद बैंक में ड्यूटी ज्वाईन करने जाने की तैयारी में था। इसी बीच जब उसकी पत्नी मंदिर जाकर वापस लौटी तो करण फंदे पर झूलता मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया है कि मृतक के पास से किसी तरह का सुसाईड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### पूछताछ के दौरान कबूला था अपराध

बताया जा रहा है कि खैरागढ़ पुलिस ने करण से कई बार रकम में हेरफेर के मामले में पूछताछ की थी। इस दौरान वह डर और घबराहट के चलते बेहोश भी हुआ था। उसने पुलिस को जानकारी दी थी कि अखिलेश ने अपने पास शराब दुकानों की रकम रखी होने की बात बताई थी जो कि उसने ले ली थी। इस रकम को उसने लोगों को ब्याज पर बांटा था। जब कंपनी ने रकम की मांग की तो अखिलेश उससे रकम वापस लेने पहुंचा लेकिन जिन्हें पैसे बांटे गए थे वह रकम लौटा नहीं सके। बताया जाता है कि इसके बाद ही यह मामला सीएमसी फर्म ने रकम में हेरफेर का मामला पुलिस में दर्ज कराया था।

### क्यूं नहीं हो रही गिरफ्तारियां

खबरें निकलकर आ रही है कि शासकीय शराब दुकान की रकम में हेरफेर के बाद जिन्हें-जिन्हें दी गई है पुलिस के पास उन सभी के नाम है। यहां तक कि पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। पुख्ता जानकारी के बावजूद भी पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ न ही मामला दर्ज किया है और न ही किसी दूसरे तरह की कार्रवाई की गई है। करण वाल्मीक द्वारा रकम को बाजार में इधर-ऊधर करने की पुख्ता जानकारी के बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया था। इस बीच करण के आत्महत्या कर लेने से पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।

# 4 कर्मियों की बर्खास्तगी की आड़ में खुद को बचा रहे सहायक आयुक्त तोमर

## अवैध शराब बिक्री के बाद चौक-चौराहों पर शराब बिकवाने के जिम्मेदार कार्रवाई से दूर क्यूं?



पर्दाफाश : अवैध शराब के कारोबार में हर पौव्वे के लिए 10 रुपए ले रहा आबकारी अमला ने दी एवज में तस्करी और बिक्री की खुली छूट

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चौराहों पर शराब की बिक्री किए जाने के मामले में जिम्मेदार अधिकारी खुद को बचाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। कलेक्टर टीके वर्मा के निर्देश के बाद होम डिलीवरी में लापरवाही और चौक-चौराहों पर शराब की बिक्री के मामले में 4 कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। यह कर्मी ठेकेदार फर्म की ओर से नियुक्त किए गए थे। इसके इतर जिम्मेदार विभागीय अमले को लेकर भी कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए कहा है, मगर ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

आबकारी विभाग की गतिविधियों ने सरकार की छवि खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। दीगर राज्यों से अवैध शराब की तस्करी, जिले भर में बिक रही अवैध शराब के मामलों में विभाग की मिलीभगत के मामले सुर्खियों में हैं। इस बीच राजनांदगांव शहर के चौक-चौराहों में शराब की पेटियां रख की जाने वाली बिक्री ने दोबारा आबकारी विभाग की लापरवाहियों को सामने ला दिया है।

कलेक्टर के निर्देश पर निजी फर्म के कर्मियों की बर्खास्तगी इस मामले में एक छोटी कार्रवाई समझी जा रही है। जबकि इसे लेकर अमले के जिम्मेदारों पर कार्रवाई बेहद जरुरी है। आबकारी के सहायक आयुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर के कार्यकाल में हो रही इन लापरवहियों का खामियाता सत्ता पक्ष को भी भोगना पड़ रहा है। विपक्ष भी अब दबी जुबान उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगा है। कई जिलों में ऐसी कार्रवाईयां हुई भी है लेकिन सहायक आयुक्त तोमर को लेकर अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ।

देखा जाए तो इन सभी मामलों में अब एक बड़ी कार्रवाई बेहद जरुरी है ताकि ये समझा जा सके कि सरकारें और जिम्मेदार ऐसी लापरवाहियों के खिफाल संवेदनशील हैं। अगर ऐसा नहीं होता है तो समझा जाएगा कि इन गड़बड़ियों के जिम्मेदार लापरवाह अफसरों को सता पक्ष का संरक्षण हासिल है। सहायक आयुक्त तोमर को लेकर माहौल काफी गर्म है और अब इंतजार सिर्फ कार्रवाई का है।

# धान की अंतर की संपूर्ण राशि एकमुश्त दे राज्य सरकार : विक्रांत सिंह

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के इस काल में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के द्वारा किसानो को धान की अंतर की राशि को किश्त में देकर राज्य सरकार किसानो के साथ अन्याय कर रही है। अभी इस संकट काल में किसानो के पास आय का कोई जरिया नही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानो के सम्मान में इस कोरोना काल मे भी किसानो का सम्मान किया है तथा उन्होने किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानो के खाते में राशि स्थानांतरित किया है। लेकिन छत्तीसगढ़ में विगत विधानसभा चुनाव में हाथ में गंगाजल लेकर झूठी कसम खाकर किसानो को बरगलाकर किसानो को 2500 रूपये प्रति क्विंटल धान की राशि देने का वादा किया था। जैसे ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी तब से किसानो के साथ कांग्रेस सरकार के द्वारा कृषि विभाग से मिलने वाले सब्सिडी को बंद कर दिया गया। साथ ही किसानो को किसान न्याय योजना के नाम पर अन्याय किया जा रहा है।

उन्होने कहा है कि राज्य सरकार किसानो को धान की अंतर की राशि किश्त में देकर किसान न्याय योजना के नाम से गुमराह कर रही है। अभी तक किसानो को खाद-बीज की उपलब्धता नही करायी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार शराब को घर-घर पहुंचाकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में अशांति का माहौल पैदा करना चाहती है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने आगे कहा है कि राज्य सरकार को वर्तमान में किसानो की चिंता करते हुए किसानो को उनके धान की अंतर की संपूर्ण राशि एकमुश्त देना चाहिए। अगर किसानो के साथ छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अन्याय करेगी तो भारतीय जनता पार्टी किसानो के हक की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य रहेगी।

# कृषि खाद डीएपी 1200 से बढ़कर 1900 प्रति बोरी

- खाद के दामों में वृद्धि का जिलेभर में चौतरफा विरोध

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी पीएल पुनिया, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारीमंत्री मोहम्मद अकबर, पीसीसी के प्रभारी महामंत्री एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, जिला प्रभारी पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पदम कोठारी के निदेर्शानुसार जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कृषि खाद के कीमत में वृद्धि को लेकर वर्चुअल धरना देकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सोनकर ने पायनियर को बताया कि जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगांव मदन साहू, किसान कांग्रेस के महामंत्री पुर्व जनपद सभापति डोंगरगांव महेंद्र साहू व ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस डोंगरगांव रोहित सोनकर सहित कार्यकताओं ने रासायनिक खाद के दामों में वृद्धि के विरोध में केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में अपने अपने घर में वर्चुअल धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम रासायनिक खाद के दामों को वापस लेने हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

**ये है कृषि खाद के बढे हुए कीमत :** रासायनिक खाद्य में विशेष कर डीएपी के दाम में प्रति बोरी 700 रू वृद्धि कर 1900 रूपये प्रति बोरी कर दिया गया है। जबकि रबी फसल सीजन 2020-21 में किसानों को प्रति बोरी 1200 की दर पर उपलब्ध होती थी, अब खरीफ फसल सीजन में डीएपी में एकाएक 58 प्रतिशत वृद्धि कर 1900 करके किसानो के साथ धोखा किया है। इसी प्रकार रासायनिक खाद्य एनपीके के दामों में भी 565 रूपये वृद्धि कर दी गई है।

# चाट गुपचुप और ठेले वालों सहित चौक चौराहों पर व्यवसाय करने वालों की क्या गलती है कलेक्टर साहब

शहरनामा

एक महीने के लम्बे अंतराल के बाद शहर को लगभग पूरा खोल दिया गया। तीन दिन की छूट के नाम पर बेतहाशा भीड़ ने आम जनता को फिर से चिंता में डाल दिया है। हालांकि यह भीड़ भी आम जनता की ही है। कुछ लोगों को छोड़कर प्रशासन ने लगभग सब को खुश करने का प्रयास किया है। लॉकडाउन के इस दौर में भी शहर की राजनीतिक फ़िज़ा ठंडी होने का नाम नहीं ले रही है और किसी ना किसी मुद्दे को लेकर राजनीतिक लोग आमने सामने हैं। शहर की इन्हीं तमाम बातों को एक लय में पिरोकर हर सप्ताह आपके समक्ष पेश किये जाने वाले शहरनामा की एक और कड़ी इस दफे ।

### कलेक्टर साहब का दोहरा मापदंड

बीते दिनों राजनाँदगाँव कलेक्टर ने नया आदेश जारी करते हुए सप्ताह में तीन दिन के लिए लगभग सभी दुकानों को खोलने के आदेश जारी कर दिए। हालांकि यह छूट केवल दोपहर तीन बजे तक के लिए दी गई लेकिन शहर के लोग मानते कहां हैं। इसलिए दुकानदारी बंद करते तक पांच बजा ही देते हैं और लगभग ग्यारह घंटों का धंधा हो ही जाता है। लेकिन कलेक्टर साहब को बाजार में होने वाली भीड़ से क्या मतलब उन्हें तो बस अपने चेंबर से आदेश जारी करना होता है। हर बार की तरह इस बार भी कलेक्टर साहब का दोहरा मापदंड आदेश में नजर आया। इस बार के आदेश में भी कलेक्टर ने ठेले खोमचे वालों के साथ बहुत नाइंसाफी की। फल सब्जी बेचने वाले तो अपनी रोजी निकाल लेंगे लेकिन उन चाट, गुपचुप, मोमोस और चाय वाले जैसे छोटे दुकानदारों का ख्याल ही नहीं रखा गया जो रोज कमा कर अपना जीवन यापन करते हैं। लगातार ऑनलाइन डिलीवरी को महत्त्व देने के चक्कर में जिलाधीश महोदय शायद यह भूल गए हैं कि छोटे छोटे ठेले खोमचे पर व्यवसाय करने वाले लोग यह कर ही नहीं सकते। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मंडी को भी बंद रखने के आदेश जारी किये गए हैं लेकिन अब जब मंडी ही बंद रहेगी तो ग्रामीण क्षेत्र के किसान अपने फल सब्जी को लाकर बेचेंगे कहां सड़क पर ठेला लगा के लगातार हुई बारिश से किसानों को जो फसल का नुकसान हुआ है और जो किसान अपनी फसल बेचना चाहते हैं वो ठेले में रखकर अपनी फसल बेचेंगे क्या क्षेत्र के राइस मीलों को सीधा फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के फैसलों का लिया जाना गलत जान पड़ता है लेकिन कलेक्टर साहब को इन सब मसलों से शायद कोई वास्ता ही नहीं है।

### क्यों गुप्त रखे जाने लगे हैं राजनांदगांव विधायक के दौरे

पिछले पंद्रह साल तक मुख्यमंत्री रहे मौजूदा विधायक डाक्टर रमन सिंह के राजनांदगांव दौरे को गुप्त रखे जाने को लेकर तरह तरह की बातें सामने आ रही हैं। जहाँ एक और पहले रमन सिंह के दौरे से एक दो दिन पहले से ही सोशल मिडिया व अखबारों में विज्ञप्तियों का दौर शुरू हो जाता था वही अब उनके दौरे को लेकर स्थानीय भाजपा नेता चुप्पी साधने लगे हैं। बीते दिनों संस्कारधानी की समाजसेवी संस्थाओं से मुलाक़ात को लेकर विधायक के बने दौरे को भाजपा नेताओं ने लगभग गुप्त रखा। हालांकि डाक्टर रमन सिंह का यह दौरा पूर्व से ही तय था और सारे संस्था के लोगों को तैयारी करने के लिए बोल दिया गया था। लेकिन उनके आने के पूर्व भी जिलाध्यक्ष या मंडल अध्यक्षों सहित मीडिया प्रभारी ने किसी भी प्रकार की विज्ञप्ति जारी नहीं की और ना ही नेता प्रतिपक्ष ने इस और ध्यान दिया। डाक्टर रमन सिंह के दौरे के बाद भी रात लगभग 09 बजे मिडिया प्रभारी द्वारा कार्यक्रमों की खबर दी गई और कुछ तस्वीरों के साथ ही इस दौरे को गुप्त रूप से ख़त्म कर दिया गया।

### मुक्तिधाम पर संग्राम

गरीब परिवार से मौत मिटटी के नाम पर मुक्तिधाम में 2100 रुपये लिए जाने के मामले में भाजपा कांग्रेस आमने सामने हो गए। हालांकि मामला दोनों ही और से स्पष्ट नहीं हो पाया और दोनों ही और से अमानवियता की बातें सामने आते रहीं। स्थानीय पार्षद ने इस मामले को लगभग 05 दिनों बाद मिडिया के सामने लाया लेकिन वो ये भी कहते रहे कि अंतिम संस्कार निःशुल्क करने को लेकर उन्होंने वहां के कर्मी से व कुछ भाजपा नेताओं से बात की लेकिन मुक्तिधाम के कर्ताधर्ता कहे जाने वाले खूबचंद पारख से उन्होंने बात नहीं की जबकि यदि इस मसले पर सीधे ही खूबचंद पारख से बात की जाती तो शायद मसला तुरंत ही खत्म हो जाता। लेकिन चूँकि इस मसले पर राजनीति तय थी इसलिए इसे तूल दिया जाना जरुरी था। सोशल मिडिया पर लम्बे महासंग्राम के बाद कांग्रेस के युवा नेताओं ने रविवार के सम्पूर्ण लाकडाउन में भी खूबचंद पारख के घर के सामने प्रदर्शन किया। हालांकि यह प्रदर्शन कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के बिना अनुमति के किया गया लेकिन सत्ता सरकार के रहते इतनी छूट के हकदार तो वो हैं ही। संस्कारधानी में प्रदर्शन के पहले व प्रदर्शन के बाद भी ये बातें चर्चा में प्रमुखता से रहीं कि किसी भी गरीब के अंतिम संस्कार में मदद नहीं किया जाना गलत है। जबकि किसी व्यक्ति विशेष के घर के सामने इस तरह के प्रदर्शन को भी लोगों ने नहीं सराहा। वैसे इस मसले पर हाय तौबा करने से बेहतर था कि नगर निगम को तत्काल सूचना देकर वहां से मिलने वाले 2000 रूपये की सहायता से गरीब परिवार को मदद की जाती।

# पूर्व नपंअध्यक्ष ने लगाया सेकेण्ड डोज

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के व्यवसायी व नगर पंचायत के पुर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने 15 मई को वैक्सिन का दूसरा डोज लगाया है। गुप्ता ने 5 सप्ताह पूर्व वैक्सीन का पहला डोज लगाया था। शनिवार को सेकेण्ड डोज लगाने के बाद उन्होंने वैक्सीन को आज के परिवेश की सबसे बड़ी आवश्यकता करार देते हुए नागरिकों से हर हाल वैक्सिनेशन कराने की अपील की। वरिष्ठ भाजपा नेता गुप्ता ने पायनियर को बताया कि देश में सम्पूर्ण मानव समाज कोविड के खतरे से जूझ रहा है। केंद्र की मोदी सरकार कोविड के प्रतिरोध के लिए प्रारंभ से सजग रहते हुए वैक्सीन को प्राथमिकता दे रही है। गुप्ता ने कहा कि हालिया दौर मानवता को बचाने की है। ऐसे दौर में राजनैतिक भावनाओं से ऊपर मानव समाज के हितार्थ कार्य करने देशभर की सभी राज्य सरकारों को सभी वर्ग के वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने की दरकार है।

## प्रदर्शनकारी युवा कांग्रेसियों के खिलाफ भाजपा ने की शिकायत

**राजनांदगांव।** युवा कांग्रेसियों के प्रदर्शन के खिलाफ जिला भाजपा ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने शिकायत करते हुए कहा कि सख्त संपूर्ण लॉकडाऊन के दिन युवा कांग्रेसियों द्वारा गंज लाईन में प्रदर्शन किए जाने की भाजपा निंदा करती है। दुनिया को महामारी से सुरक्षित रखने जब पूरा शहर अपने घरों में था तब कुछ युवक सरेआम कोविड प्रोटोकॉल और संपूर्ण लॉकडाईन की गाईडलाईन का उल्लंघन कर रहे थे। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में उक्त युवकों को चिन्हांकित करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने यह भी उल्लेखित किया कि इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद थी अतः अविलंब कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष यादव के साथ भाजपा नेता रविंद्र सिंह, उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह और नागेश यदु मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### ब्लैक फंगस के मरीज पहुंचे सिम्स, मरीजों का गहन उपचार जारी

**बिलासपुर।** ब्लैक फंगस लक्षण के तीन मरीजों को सिम्स में दाखिल कराया है जिनका उपचार जारी है, लोग कोरोना की दूसरी लहर से बाहर नहीं निकले हैं कोरोना संक्रमित होकर ठीक हो चुके लोग अब होने लगे है ब्लैक फंगस का शिकार। दरअसल सिम्स में सोमवार को ब्लैक फंगस के लक्षण के ही तीन मरीज एक साथ भर्ती हुए है जिनका सिम्स के नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तत्काल गहन उपचार शुरू कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तीन ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है जहां तीनों मरीजों को भर्ती कराया गया है फिलहाल उनका गहन उपचार जारी है। बताया गया तीनों मरीज अलग अलग क्षेत्र गौरेला पेंड्रा मरवाही, अकलतरा और रतनपुर ग्राम मोहदा निवासी है।

### लॉकडाउन में कुछ समय के लिए सभी व्यापारियों को दुकान खोलने की अनुमति दी जाए

**बिलासपुर।** कोरोना वायरस महामारी के इस कठिन दौर में शहर में लॉकडाउन बढ़ाने पर बिलासपुर के प्रमुख व्यवसायी अशोक बजाज, अमर बजाज, अजीत थावरानी, अमरजीत सिंह टुटेजा, मनोज सरवानी, मनीष गुरबानो, रमेश अग्रवाल, राजा ज़ंक्यानी, सोनू ज़ंक्यानी कृपाल सिंह भोगल, इत्यादि के नेतृत्व में कंवर राम कपड़ा बाजार, शनिचरी बाजार, राजीव प्लाजा, श्रीराम न्यू क्लॉथ मार्केट, तेलीपारा रोड, लिंक रोड, सदर बाजार, मुंगेली नाका, मंगला, बुधवारी बाजार, जूना बिलासपुर, सरकंडा इत्यादि शहर के सभी व्यवसाय केंद्रों के व्यापारियों ने बिलासपुर कलेक्टर को ज्ञापन दिया इस ज्ञापन में सभी ने एक स्वर से मांग की गई कि की कोरोना महामारी के इस दौर में समस्त व्यापारियों को अपना व्यवसाय करने की 6 -7 घंटों की अनुमति दी जाए क्योंकि लॉकडाउन के चलते जीवन यापन जीना कठिन हो गया है घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

# कलेक्टर ने मस्तूरी विकासखण्ड के टीकाकरण केंद्रों का लिया जायजा

■ **लोगों से टीका लगवाने की अपील की**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज मस्तूरी विकासखण्ड के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थित रूप से टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने कहा।

कलेक्टर ने सबसे पहले मल्हार के मंगल भवन टीकाकरण केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त से ग्रामीणों को टीकाकरण के संबंध में प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनसे भी टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने केंद्र में संधारित रजिस्टर का अवलोकन किया। सीजी टीका पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण करने के निर्देश दिए।



**पीएचसी मल्हार केंद्र का निरीक्षण** – कलेक्टर ने पीएचसी मल्हार के टीकाकरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण अधिकारी को निर्देश दिया कि टीकाकरण लगवाने के लिए आए लोगों को स्पष्ट बतायें कि उन्हें कौन सा टीका लगाया जा रहा हैं। कलेक्टर ने सभी अनिवार्य प्रविष्टियां सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण केंद्र में वैक्सीन को भी देखा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैरीश एस, एडीएम नुपूर राशि पन्ना, एसडीएम पंकज डाहिरे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रायगढ़ के लायन अजय रतेरिया को लायंस क्लब की वर्ष-2021-22 की माइक्रो कैबिनेट में किया गया शामिल

■ **पूरी सजगता के साथ करूंगा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन : अजय रतेरिया**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं रामस्वरूप दास रतेरिया धर्मादा ट्रस्ट के प्रमुख लायन अजय रतेरिया को लायंस क्लब की 2021-22 की माइक्रो कैबिनेट में शामिल किया गया है, तथा अजय रतेरिया को माइक्रो कैबिनेट में शामिल किए जाने पर लायन सदस्यों सहित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में लायंस क्लब के कार्यों को और अधिक सकारात्मक ऊर्जा मिलने की बात कही है, वही लायन अजय रतेरिया ने ने लायंस क्लब द्वारा उन्हें माइक्रो कैबिनेट में शामिल किए जाने पर कहा है कि लायंस क्लब के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है।

वह पूरी सक्रियता के साथ उसका निर्वहन करेंगे एवं लायंस क्लब के कार्यों को सर्वव्यापी बनाने की दिशा में पहल करेंगे, तथा लायन अजय रतेरिया प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. रामस्वरूप दास रतेरिया के सुपुत्र हैं एवं लायन सत्यप्रकाश रतेरिया बबलू के पिता हैं, तथा इस ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अविभाजित मध्यप्रदेश के भी विभिन्न शहरों में सेवा के प्रकल्प दशकों पूर्व स्थापित किए गए हैं, इसी श्रृंखला में जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति शहर में भी लगभग 3 दशक पूर्व रामस्वरूप दास रतेरिया धर्मादा ट्रस्ट द्वारा शहर में रतेरिया प्रसुति ग्रह की स्थापना कर चिकित्सा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल की गई थी।

# उम्मीद एक किरण संस्था ने किया बिलासपुर अंचल के कोविड-19 वारियर्स का सम्मान

■ **संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया वेबीनार का आयोजन**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

बिलासपुर शहर सहित पूरे अंचल में जनसेवा एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उम्मीद एक किरण संस्था द्वारा 17 मई को वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से अपनी सेवाएं दे रहे कोविड-19 वारियर्स लिए एक सम्मान समारोह रूपी वेबीनार का आयोजन किया गया, वेबीनार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के ऊर्जावान आईपीएस अफसर एआईजी आरिफ शेख रायपुर रहे, आईपीएस आरिफ शेख ने कहा कि आज कोरोनावायरस की



महामारी के बाद जहां लोगों में मानवता को लेकर एक अलग पहचान देखी जा रही है, एवं हर एक व्यक्ति किसी न किसी रूप में कोविड-19 महामारी से जरूरतमंदों की सेवा में लगा है, तो कोई किसी का सहयोग कर रहा है, तथा कोरोना की प्रथम लहर के बाद और अब दूसरी लहर से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में प्रभावित है, तथा उम्मीद एक किरण संस्था भी और उसकी पूरी टीम निश्चित रूप से पूरे क्षेत्र में सेवा के काम कर रही है एवं सभी सदस्य इसी तरह से सेवा के काम में जुटे रहें एवं अपने मानवता के धर्म को निभाते रहें तथा आज के इस समय में सबसे नितांत आवश्यक सेवा कार्यों की है, वेबीनार को मुंगेली एसडीएम श्रीमती प्रिया गोयल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी को इस कोविड-19 महामारी में अपने सभी कार्यों को छोड़कर लोगों की सेवा करनी चाहिए तथा लोगों को जागरूक करने से ही इस महामारी का अंत संभव है, अतः हम सभी इस कार्य में सक्रियता के साथ जुटे एवं स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपने परिवार को भी सुरक्षित रखें तथा लोगों को मास्क लगाने के प्रति एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें, वेबीनार का संचालन करते हुए उम्मीद एक किरण संस्था की अध्यक्ष पिंकी मनीष अग्रवाल ने बताया कि यह संस्था सभी लोगों के सहयोग से कार्य कर रही है, तथा संस्था के ऐसे- ऐसे सेवाभावी सदस्य हैं जो कि अपना सब कुछ समर्पण कर आज अपना समय दे रहे हैं, एवं लोगों को आवश्यकतानुसार उनकी मांग के अनुरूप सहयोग दे रहे हैं, साथ ही पिंकी मनीष अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर शहर में आज एक छोटा से छोटा व्यक्ति भी किसी न किसी रूप में इस संस्था के माध्यम से जुड़कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। एवं हमें गर्व है कि हमारी संस्था लोगों के काम आ रही है तथा इस संस्था के माध्यम से जरूरतमंदों को प्लाज्मा की व्यवस्था, रक्त की व्यवस्था, मरीजों को बेड की व्यवस्था, एंबुलेंस वाहन की व्यवस्था सहित विभिन्न प्रकार की जरूरतों को पूरा करने चौबीस घंटे की सहायता दी जा रही है।

# जिले मे दुकानों के संचालन हेतु समय निर्धारित मैरिज हॉल, स्विमिंग पूल, क्लब, सिनेमा हॉल, सैलून, ब्यूटी पार्लर बन्द रहेंगे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आज सोमवार को एक संशोधित आदेश जारी कर कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में बेमेतरा जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 17 मई से 31 मई 2021 प्रातः 06.00 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित कंटेनमेंट जोन (लॉकडाउन) लागू किया गया है। बेमेतरा जिला अंतर्गत सभी कार्यालय विशिष्ट आदेश को छो?कर सामान्यतः आम जनता हेतु बंद रहेंगे, शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों की पूर्ण उपस्थिति रहेगी। कार्यालयीन एवं आम जनता विषयक अति-आवश्यक प्रयोजन हेतु सभी कार्यालय खोले जायेंगे। इस अवधि में शासकीय कार्यालयों में आम जनता का प्रवेश निषेध रहेगा। उप पंजीयक कार्यालय आवश्यक स्टॉफ सहित पूर्ववत टोकन/ऑनलाईन सिस्टम के साथ संचालित होगे। जारी आदेश के संबंध में कतिपय व्यापारिक संगठनों तथा जनसामान्य द्वारा जारी किये गये उपरोक्त आदेश को और अधिक स्पष्ट करने एवं समय-सीमा के निर्धारण हेतु मांग की गई है, जिस पर समुचित रूप से विचारोपरांत जारी किये गये आदेश को पुनः स्पष्ट करते हुये यह आदेश (संशोधित) रूप से जारी किया गया है:-वाहन मरम्मत/पंक्चर सुधार दुकानें, फल,सब्जी, अंडा, मांस, मटन, मछली, पोल्ट्री, आटा-चक्की, सराफा, कप?ा (रेडिमेट), बर्तन (क्राकरी प्लास्टिक), फुट वियर, मोबाईल शॉप एंड एसेसरीज, कास्मेटिक एंड गिफ्ट आयटम, स्टेशनरी शॉप, लॉन्ड्री सर्विसेस, पैकेजिंग मटेरियल, अनाज, किराना/डेली निड्स, मनीहारी डिस्पोजल, इलेक्ट्रानिक्स एंड इलेक्ट्रकल, फ्लावर शॉप, आटो पंप, आटो पार्टस, दुग्ध/दुग्ध उत्पाद संबंधी दुकानें, हार्डवेयर प्लम्बिक व भवन निर्माण सामग्री संबंधी दुकानें सोमवार से शनिवार प्रातः 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक खुले रहेंगे। मात्र मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति को छो?कर अन्य सभी सेवायें (रविवार पूर्णतः लॉकडाउन रहेगा) बंद रहेंगी। सभी दुकान संचालकों द्वारा कोविड व्यवहार (मास्क, फिजिकल डिस्टेंसिंग व हैण्ड सेनेटाईजर) का उपयोग तथा उपलब्धता संबंधित संस्थानों सुनिश्चित की जावेगी।

# गूगल मीट पर वर्चुअल काव्य गोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रविवार को राष्ट्रीय कवि संगम की जिला इकाई द्वारा गूगल मीट पर वर्चुअल काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसमे अंचल के कवियों ने अपनी प्रतिनिधि रचना का पाठ किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में बेमेतरा जिला इकाई की सक्रियता एवं गतिविधियों की प्रशंसा की।उन्होंने कवि संगम के आगामी राम वनगमन काव्य यात्रा की सतत तैयारी करते रहने का आह्वान किया।जिला इकाई के अध्यक्ष सुनील झा ने वर्तमान संदर्भ में साहित्यकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया,उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए हमें अपनी रचनाओं के माध्यम से दायित्व का निर्वहन करना है।संस्था के संयोजक ईश्वर साहू ÷आरुग÷ ने अपनी रचना ÷आदमी सांप से जहरीले हो गए हैं÷ के माध्यम से आम जन मानस को सचेत किया।राष्ट्रीय



मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके थान खामहरिया के सुनील शर्मा÷नील÷ ने अपने ओजपुर्ण अंदाज में ÷कब तक सीमाओं पर बेटे हम खोएंगे÷जैसी रचना पढ़कर राष्ट प्रेम का जज्बा जगाने में सफल हुए।आमन्त्रित कवियों में तुकाराम तरुण एवं गिरिजा शंकर सिन्हा ने उत्कृष्ठ काव्य पाठ किया।आज की काव्य गोष्ठी का सफल संचालन प्रदेश समन्वय मंत्री कमल शर्मा ने किया।जिला इकाई के संरक्षक महेंद्र सिंह विरदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।आज की काव्य गोष्ठी में 25 से अधिक कवियों ने काव्य पाठ कर सबका मन मोह लिया।काव्य पाठ करने वाले कवि डॉ राजेंद्र पाटकर स्नेहिल ईश्वर साहू आरुग (ठेलका, साजा) बलराम ठाकुर बल्लू बल (थान खमरिया) हरीश पटेल हर (तोरन, थान खम्हारिया)मनीष वर्मा (कटई, नवागढ़) दिलीप टिकरिहा (पिरदा,बेरला) निधि साहू (देवरी,नवागढ़) पंकज शर्मा नवागांव कला विक्रम राजपूत (गाडाघाट, बेमेतरा) आशुतोष साहू (नारायणपुर, बेमेतरा) विकास कश्यप(बोहर डीह बेरला) कुलेश्वर जयसवाल (सेमरिया, कवर्धा) कुबेर पटेल, हथमुड़ी साजा वर्षा जैन (दुर्ग) ताकेश्वर साहू (सुरहोली, बेरला) विजया गुप्ता जी समिधा (दुर्ग) तीजन सिन्हा (दुर्ग) जलेश्वर दास मानिकपुरी (मोतिमपुर, नवागढ़) दिलीप कुमार पटेल, दिप, (टुरासेमरिया,, बेमेतरा,) पीके कमाल (पोषण वर्मा ) (हाड़ाहुली बेमेतरा) जगदीश सोनी लिलेश्वर देवांगन कमल शर्मा सुनील झा सुधा राजपूत प्रमुख थे।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन ने 23 वे दिन भी किया कोरोना मैं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को लेकर वेबीनार

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल संगठन की महिला इकाई द्वारा विगत 22 दिनों से निरंतर वर्चुअल वेबीनार के माध्यम से अलग-अलग विषयों पर लोगों को घर बैठे ही जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है, तथा प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन की अध्यक्ष गंगा अग्रवाल एवं महामंत्री प्रोफेसर डॉ. अनीता अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जहां प्रतिदिन इस वर्चुअल वेबीनार पर 100 से 200 की संख्या में महिलाएं तथा प्रदेश के विभिन्न वर्ग के लोग शामिल होकर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तो वहीं 16 मई को भी तेईसवे दिवस के कार्यक्रम में गंगा अग्रवाल अध्यक्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया। हेमलता मित्तल उपाध्यक्ष ने सभी का डिजिटल तिलक, श्रीफल, पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने महिलाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की, डॉक्टर निर्मेष अग्रवाल सुयश हॉस्पिटल रायपुर ने डायबिटीज, ब्लैक फंगस, पोस्ट कोवीड मैनेजमेंट के बारे में बड़े सुंदर सरल तरीके से



महत्वपूर्ण जानकारियां दी जिसे अमल कर अनेकानेक लाभान्वित होंगे। सर्वप्रथम डॉक्टर ने बताया दिनचर्या नियमित,अनुशासित रखना होगा।सुबह व्यायाम कर, हल्दी पानी ले हल्दी पानी से गरारा करना, आंखे धोए, धूप स्नान ले, स्प्राउट नाश्ते में ले, भोजन में डाल प्रोटीन ज्यादा ले, दिन भर अपने आप को हाइड्रेटेड रखे।घर शरीर की ज्यादा सफाई रखे साफ स्वच्छ रहेंगे तो इन्फेक्शन नही होगा। बाहर जाए तो ग्लव्स, फुल आस्तीन की शर्ट पहने, मास्क लगाए, सोशल डिस्टेंसिंग रखे। अगर थोड़ा भी अच्छा न लगे पेट दर्द, स्किन में रैशेज, खांसी में तकलीफ, असामान्य व्यवहार दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर ट्रीटमेंट ले ना की अपने घरेलू ट्रीटमेंट करते रहे।

# का इसने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ : खिलावन साहू

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डा खिलावन साहू ने सक्ती क्षेत्र सहित जिले की बिगड़ती क़ानून ब्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि लगातार तीन बड़ी घटनाओं ने शक्ति विधानसभा व जांजगीर चांपा जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था को साफ ईशारा किया है कि प्रदेश में हालात अच्छे नहीं हैं, शक्ति विधानसभा क्षेत्र में 5 माह पहले दिसंबर माह में सरहर (बाराद्वार) निवासी 16 वर्षीय नवयुवक दीपक केंवट की विद्युत करेंट लगने से मृत्यु हो जाती है, दीपक 10 वीं कक्षा का विद्यार्थी था और पुलिस बनना चाहता था, पेट और पढ़ाई के लिए मज़दूरी करने गया था उस मासूम को क्या पता था कि जिस निर्माणाधीन सड़क बाराद्वार से पोंडी मकाम कर रहा है, उसमें ठेकेदार द्वारा टुल्लू पम्प चलाने के लिए विद्युत करेंट बिछाया गया है,



काम करते वक्त करंट में चपेट कि आने की वजह से ठेकेदार की लापरवाही से उस नाबालिक दीपक केवट की मृत्यु हो गई, ठेकेदार के आदमी लावारिस हालात में दीपक की लाश को अकेला मरचूरी मे छोड़के चले आते हैं, ठेकेदार के विरुद्ध कोई प्रकरण नही बनता है,कोई कार्रवाई नहीं होती है, इसी तरह से दूसरी घटना शक्ति विधानसभा के सेंदरी के नवयुवक खिलेश्वर जायसवाल जो की गांव में च्वाइस सर्विस सेंटर चलाता था शक्ति से वापस आते समय क्षेत्र के प्रमुख चौक डडाई में तीन बदमाशों ने मात्र 500 की खातिर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

**होम डिलवरी करने की बजाए शराबियों को ठेके पर बुलाकर बेच रहे शराब**

# जिला प्रशासन के नाक के नीचे शराब दुकानों में भीड़ लगाकर खुलेआम शराब बेची जा रही : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लॉक डाउन में शराब के होम डिलवरी की सुविधा आमजनों के लिए मुसीबत बनती जा रही है । खुलेआम कोविड नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है । होम डिलवरी करने की बजाए शराबियों को ठेके पर बुलाकर शराब बेची जा रही है । जहां भीड़ जुटने से एक बार फिर कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। उक्त बातें किसान नेता योगेश तिवारी ने कही। किसान नेता ने बताया कि फोन पर सूचना मिली की जिला प्रशासन के नाक के नीचे शराब दुकानों में खुलेआम शराब बेची जा रही है। होम डिलवरी की आड़ लेकर सरकार ने लॉकडाउन शराब का कारोबार शुरू किया। सूचना पर बेमेतरा के कोबिया वार्ड स्थित शराब दुकान पहुचने पर, सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी हुई थी। सेल्समैन दुकान खोलकर शराब बेच रहा था । यहां शराब लेने पहुचे लोग सामाजिक दूरी का पालन नही कर रहे थे, जो खतरनाक है। वही आबकारी कर्मी कोविड की सामान्य



गाइड लाइन का भी पालन नही कर रहे थे । बिना मास्क लगाए शराब की बिक्री कर रहे थे ।

**आबकारी विभाग की कोताही से कोरोना का संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा–** किसान नेता ने कहा कि होम डिलवरी की आधी अधूरी तैयारी के कारण आबकारी विभाग शराब की सप्लाई नही कर पा रहा है । इसलिए शराबियों को ठेके पर बुलाया जा रहा है । जो लॉक डाउन के नियमो का खुला उल्लंघन है । एक ओर जहां मजदूर वर्ग से लेकर व्यापारी वर्ग समेत सभी अपने काम धंधे बन्द कर घर में बैठे हुए हैं, ताकि कोरोना की तेज रफ्तार को नियंत्रित किया जा सके । वही दूसरी ओर आबकारी विभाग की कोताही से कोरोना का संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है ।

**शिकायत के बावजूद आबकारी कर्मियों पर कार्रवाई नहीं–** योगेश तिवारी ने कहा कि लॉक डाउन नियमो के उल्लंघन के लिए दुकानदारों पर हजारो रुपए जुर्माना लगाने के साथ दुकानों को सील किया जा रहा है । लेकिन आबकारी विभाग की मनमानी पर कोई लगाम लगाने को तैयार नही है । शिकायत के बावजूद कार्रवाई नही की जा रही है । ऐसी स्थिति में कोरोना रोकथाम के सारे प्रयासों को जिला प्रशासन पलीता लगाने में जुटा हुआ है ।

# जांजगीर-चांपा जिले में सीजी टीका में ऑनलाइन पंजीयन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा टीकाकरण के लिए हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीजीटीका पोर्टल शुरू किया गया है। जिसमें शेड्यूल की भी सुविधा दी गई है। हितग्राही पंजीयन के साथ ही अपने निकटतम टीकाकरण केंद्र का चयन कर निर्धारित समय में उपस्थित होकर टीका लगवा सकेंगे। जिससे टीकाकरण केंद्रों में लंबी लाइन नहीं लगेगी। अब श्रेणी के अनुसार अलग-अलग वेक्सीन सेंटर नहीं बनाए जाएंगे। चयन किए गए किसी भी टीकाकरण केंद्र में जाकर टीका लगवाने की सुविधा होगी।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने आदेश जारी कर जिले के सभी सीएससी (चाईस सेंटर) में निःशुल्क पंजीयन सुविधा उपलब्ध





कराई गई है। हितग्राही स्वयं ही मोबाईल फोन कम्प्यूटर इन्टरनेट के माध्यम से पंजीयन कर सकते है। इसके लिए 18 से 44 वर्ष आयु के हितग्राही ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। पंजीयन फार्म में हितग्राही नाम, पता प्रविष्ट करने के बाद उसे चार विकल्प अंत्योदय, बीपीएल, एपीएल और फ्रंट लाइन वर्कर मे से एक का चयन करना होगा। अंत्योदय और बीपीएल वर्ग के लोगों को राशन कार्ड क्रमांक प्रविष्ट करना होगा।

# जल मानव और प्रकृति की समृद्धि का आधार : उइके

## शिक्षित युवा जल संरक्षण का महत्व बताते हुए जल संरक्षण के लिए सभी को करें प्रेरित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित जल संरक्षण ''कैच द रेन'' विषय पर आयोजित ऑनलाईन कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मनीषियों ने काफी समय पूर्व ही जल संरक्षण के महत्व को समझ लिया था, इसलिए उन्होंने एक शिक्षाप्रद सुन्दर दोहे की रचना की थी जो आज भी सामयिक है।रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न उबरे, मोती, मानुष, चून'। इसलिए हम सभी को चाहिये कि हम जल को व्यर्थ बर्बाद न करें। सीमित मात्रा में ही जल का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री ने वर्षा जल को संचित करने के लिये नदी जोड़ों अभियान की परिकल्पना की थी जो कि देश के लिये अदभुत परियोजना थी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के पहले दशक में विश्व में दृष्टि डालें तो यह सत्य उभरता है कि इस दशक में पूरी मानवता कई प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रही है। कभी बर्फबारी, कभी बाढ़, कभी समुद्री तूफान, कभी भूकम्प, कभी महामारी तो कभी जल संकट से पूरी मानवता त्रस्त है। बढ़ती आबादी के सामने सबसे बड़े संकट के रूप में जल की कमी ही उभर रही है। पर्यावरण के साथ निरंतर खिलवाड़ का यह नतीजा है कि आज पर्याप्त स्वच्छ जल के अभाव के संकट से पूरा विश्व गुजर रहा है। भारत इस समय कृषि उपयोग तथा पेयजल हेतु गंभीर जल संकट से गुजर रहा है और यह संकट वैश्विक स्तर पर भी साफ दिख रहा है।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा कि जल संकट के निवारण हेतु हमें तीन स्तरों पर विचार करना होगा- पहला यह कि अब तक हम जल का उपयोग किस तरह से करते थे? दूसरा भविष्य में कैसे करना है? तथा तीसरा जल संरक्षण हेतु क्या कदम उठाए? यदि हम पूरी स्थिति पर नजर डालें तो यह तस्वीर उभरती है कि अभी तक हम जल का उपयोग अनुशासित ढंग से नहीं करते थे तथा जरूरत से ज्यादा जल का नुकसान करते थे। यह सही है कि जल एक अनमोल संसाधन है जिसे प्रकृति ने मनुष्य को उपहार के रूप में दिया है। पानी सभी वनस्पतियों और सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। सभी जलीय जीवों को रहने के लिए जल की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है जिसे बचाना चाहिए। हमें पानी बर्बाद नहीं करना चाहिए। हमें पानी का इस्तेमाल विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन के क्षेत्र में हमारी उदासीनता के कारण इस सच्चाई को भी नकारा नहीं जा सकता है कि लोग रोटी के लिए ही नहीं अपितु पानी के लिए भी पलायन कर रहे हैं। आज जंगलों को काटने एवं दिनोंदिन बढ़ते प्रदूषण के दबाव के कारण प्रकृति के विकृत होते स्वरूप से धूप-बरसात का सारा समीकरण ही बिगड़ गया है। जल मानव और प्रकृति की समृद्धि का आधार है, लेकिन आधुनिक युग के शुरु होते ही हमने पानी की महत्ता को नजर अंदाज करना शुरु कर दिया था जिसके कारण तालाब, झील, नदियां आदि सूखने से देश में भीषण जल संकट खड़ा हो गया है। कहा जाता है कि जल ही जीवन है। अगर जल जीवन है तो बेशक अनमोल है और ऐसी अनमोल चीज की कद्र भी जरूरी है। पानी हमें हमेशा मिलता रहे, इसके लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग जरूरी है। क्योंकि भूजल के जबर्दस्त दोहन से लगातार जल स्तर नीचे जा रहा है। इससे पेयजल की किल्लत हो रही है। वहीं दूसरी ओर बारिश का पानी यूँ ही बहकर बर्बाद हो जाता है जबकि उसे बचाकर साल भर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे अंडरग्राउंड वाटर का इस्तेमाल कम होगा और उसकी बचत होगी।

राज्यपाल उइके ने कहा कि जल को बचाना हम सभी के लिये महत्वपूर्ण है। हम शिक्षितों का यह दायित्व है कि हम अपने विद्यार्थियों, आस पास के लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए इस कार्य के लिये प्रेरित करें। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'कैच द रेन' शब्द का उपयोग किया है जिसका तात्पर्य रेन वाटर हारवेस्टिंग से है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम अपने-अपने शैक्षणिक संस्थानों तथा आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अवश्य स्थापित करें।

राज्यपाल उइके ने अपील किया कि अपने-अपने शैक्षणिक संस्थानों में बारिश के मौसम के पूर्व रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अवश्य करें। मैं सभी से आग्रह करती हूँ कि जिस प्रकार से राजेन्द्र सिंह जी ने सूखा ग्रस्त राजस्थान प्रदेश में जल को संरक्षित करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है, उसी प्रकार हम सभी अपने प्रदेश के हर क्षेत्र में लगातार गिरते हुए भूजल स्तर में वृद्धि करने का हर संभव प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि एन.एस.एस. के स्वयंसेवक एवं अन्य विद्यार्थियों का यह दायित्व है कि वे गांवों में, शहरों में और अपने मोहल्ले में आस-पास के लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करें।

---

सीजीटीका वेब पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर कर लिया गया है

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्याय डॉ. रमन सिंह बताएं आरोग्य सेतू पोर्टल क्यों बंद है

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब प्रदेश को कोरोना संक्रमण से उबारने के लिये मोदी सरकार से तीस हजार करोड़ की मांग किये थे तब डॉ रमन सिंह क्यों खामोश थे

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने डॉ रमन सिंह के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी सीजी टीका ऐप में कुछ तकनीकी समस्या का समाधान कर लिया गया है अब डॉ रमन सिंह जनता को बतलाये की मोदी सरकार द्वारा जारी आरोग्य सेतू पोर्टल क्यो बंद पड़ा है।कोरोना से बचाव के लिए राज्य के 18 से 44 आयु के सभी वर्ग के लोगों के लिए सुविधाजनक तरीके से टीका लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शुरू किये गये सीजी टीका वेब पोर्टल में रविवार दिनांक 16 मई 2021 को अनुमान से अधिक लोगों के ऑनलाइन पंजीयन करने से कुछ समय के लिए तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गयी, जिसे ठीक कर लिया गया है। तकनीकी समस्या के चलते आम नागरिकों को टीकाकरण में होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए पोर्टल की 24ङ्ग7 तर्ज में निरंतर निगरानी की जा रही है. सर्वर हेतु पर्याप्त मानव संसाधनोंओ की व्यवस्था की गयी है, फलस्वरूप अब यह पोर्टल सहीं ढंग से कार्य कर रहा है. पोर्टल द्वारा अब तक कुल 346594 नागरिकों का पंजीयन किया जा चुका है, जिसमें से 162741पंजीयन आज दिनांक 16 मई 2021 को शाम 7 बजे तक किया गया और आज ही 32590 नागरिकों का टीकाकरण शेड्यूल किया गया है।पोर्टल के लिए हेल्प लाइन नम्बर 8269696499 भी जारी किया गया है जो 24×7 काम करेगा ।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि अब पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह की जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश की जनता को कोरोना महामारी से बचाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मांगे गये 75 लाख कोरोना टीका की सप्लाई वह केंद्र की मोदी सरकार से कह कर जल्द से जल्द करवाएं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश को कोरोना संक्रमण से उबारने के लिए 30 हजार करोड़ की जो राहत पैकेज की मांग की गई थी उसे जल्द से जल्द प्रदेश सरकार को दिलाने के लिए प्रयास करें साथ ही मोदी सरकार द्वारा प्रदेश के राजस्व कल लगभग बीस हजार करोड़ रु किन्ही कारणों से रोक लिया गया है उसे भी जारी करवाने में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह पहल करें कोरोना महामारी के कठिन समय गुटीय राजनीति छोड़कर जनहित और प्रदेश हित में काम करने की आवश्यकता है इस बात को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भाजपा के 9 सांसदों को समझने की आवश्यकता है।

---

# मुख्यमंत्री बघेल ने कोरोना की रोकथाम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के अमूल्य योगदान को सराहा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं के अमूल्य योगदान की सराहना की है।

उन्होंने कहा है कि इन कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं ने होम विजिट कर प्रदेश के करीब 25 लाख ग्रामीण परिवारों से सतत रूप से संपर्क किया और उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया।

बघेल ने कहा है चाहे शांति काल हो अथवा आपदा काल आंगनबाडी कार्यकर्ताएं तथा सहायिकाओं हमेशा सरकार की ताकत बनकर सक्रिय रही हैं। बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार से जुड़े अपने दायित्वों का निर्वहन उन्होंने बखूबी किया है। गांवों में उनकी उपस्थिति एक सेतु की तरह है, जिसके माध्यम से शासन और ग्रामीणजन एक दूसरे तक पहुंचते रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना की विकट परिस्थितियों में गांवों में संक्रमण की रोकथाम करने, बीमारी को लेकर लोगों को जागरूक करने, उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करने, संक्रमितों तथा उनके संपर्क में आए लोगों की पहचान करने में भी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का बड़ा योगदान है। राज्य में लगभग 42 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 18 हजार सहायिकाएं कोविड-19 में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने लगभग 4 लाख 50 हजार सर्दी खांसी बुखार के मरीजों का चिन्हांकन किया। इन कार्यकर्ताओं ने निरंतर होम विजिट करते हुए राज्य के करीब 25 लाख ग्रामीण परिवारों को टीकाकरण तथा कोविड-19 से बचाव के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से 25 लाख हितग्राहियों को टीका लगवाने की में सहयोग किया है।

---

# पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के ट्वीट पर कांग्रेस का पलटवार, कहा झूठे आरोपों से बाज आएं भाजपाई

- भाजपा का संकटकाल में स्वास्थरक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका विरोधी चेहरा उजागर : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के ट्विटर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ओं को राज्य शासन द्वारा साड़ी वितरित किये जाने वाले आधार हीन आरोपो पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि भाजपाई झूठे आरोपों से बजा आये।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग से स्पष्ट है कि, विभाग के बजट में यूनिफॉर्म क्रय करने के लिए 8 करोड़ 88 लाख रुपए का प्रावधान है। वित्त विभाग द्वारा 31 मार्च 2021 को महिला एवं बाल विकास विभाग को यूनिफॉर्म क्रय करने की सहमति प्रदान की गई है योजना अंतर्गत 2020-21 में भी प्रावधान था और 2021-22 में भी प्रावधान हैं। ज्ञात हो कि वित्तीय अधिकार पुस्तिका भाग-1 के खंड चार के बिंदु क्रमांक 9 में इस हेतु प्रशासकीय विभाग को अधिकार प्रत्यायोजित हैं। इस तारतम्य में वित्त विभाग ने विभागीय प्रस्ताव के अनुसार भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यूनिफॉर्म क्रय आदेश जारी करने की सहमति दी है । वित्त विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि यह व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट से किया जाए। इस हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के बजट में 8 करोड़ 88 लाख रुपए का प्रावधान उल्लेखित है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि मुद्दों से जूझती प्रदेश भाजपा लगातार झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर सरकार की छवि धूमिल करना चाहती है एक और जिम्मेदार पद पर बैठे नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक पीएम केयर्स फंड से केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए वेंटीलेटर को राज्य सरकार द्वारा खरीदी बताया गया जो कोरा झूठ साबित हुआ क्योकि पीएम केयर्स फंड खर्च करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ केंद्र सरकार को है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, भाजपा का संकटकाल में स्वास्थरक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। आज आपदा, महामारी के दौर में यही आंगनबाड़ी, मितानिन बहनो ने ही ग्रामीण,शहरी क्षेत्रों में जनता को घर घर जाकर दवाईयां व स्वस्थ संबंधित जानकारियां दे रही है। उनके हक अधिकार की चिंता करते हुए राज्य शासन ने वित्तीय प्रबंधन के साथ योजना क्रियान्वित कर रही है तो उसमें भी भाजपाईयो को दिक्कत होने लगी, यह आंगनबाड़ी बहनो के प्रति द्वेष को दर्शाता है।

---

# विधायक गुलाब कमरो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी एवं बिहारपुर सहित तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र व ओला प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर जाना हाल

पायनियर संवाददाता कोरिया
www.dailypioneer.com



सविप्रा उपाध्यक्ष व भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी तथा बिहारपुर सहित तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र व ओला प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया ! विधायक ने ओलावृष्टि व तूफान से हुए नुकसान का आकलन कर संबंधित विभाग को जल्द से जल्द मुआवजा तैयार कर क्षतिपूर्ति देने का निर्देश दिया है ! विधायक गुलाब कमरो ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी एवं बिहारपुर में पहुँच कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमलो के साथ बैठक लेकर मरीजो के ईलाज व स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर दवाईयों की उपलब्धता, टीकाकरण, कोरोना जांच सहित स्वास्थ्य सुविधाओं में होने वाली कमियों से अवगत हुए तथा स्वास्थ्य अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए !

सविप्रा उपाध्यक्ष विधायक गुलाब कमरो ने कछौड़ समिति अंतर्गत बिरौरीडाँड़ व पहाड़हसवाही के तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र फड़ का निरीक्षण किया तथा फड़ पर मौजूद मुंशी व तेंदूपत्ता संग्रहको से वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर कोरोना संक्रमण से बचाव, बीमारी न छुपाकर जल्द जांच करा उपचार कराने, अफवाहों से दूर रहकर टीकारण कराने की बात कही . उन्होंने कहा कि सामाजिक दूरी बनाकर तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करें तथा बिना किसी भ्रम व अफवाह के अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण कराएं जिससे कोरोना महामारी को समाप्त किया जा सके ! विधायक गुलाब कमरो ने ग्रामीणों सहित तेंदूपत्ता संग्रहण कर्ताओं से कोरोना गाइडलाइन का कडाई से पालन करने की बात कही है ! उल्लेखनीय है कि सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो कोरोना के इस संकट काल में लगातार अपने क्षेत्र की जनता के सतत संपर्क में है और स्थिति पर अपनी नजर बनाए हुए हैं! उनके द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर स्थिति की जानकारी ली जा रही है !

---

# विधान सभा सचिवालय में 18 से 44 वर्ष के आयु वर्ग के लिए टीकाकरण के लिए लगाया गया विशेष शिविर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में आज 18 से 44 वर्ष के आयु वर्ग के लिये कोविड-19 टीका करण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में विधान सभा सचिवालय के 18 से 44 वर्ष के बीच के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को कोविशिल्ड वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत की विशेष पहल एवं निर्देश पर विधान सभा सचिवालय में टीकाकरण का यह विशेष शिविर आयोजित किया गया।विधानसभा के प्रमुख सचिव चंद्रशेखर गंगराड़े ने स्वयं संपूर्ण व्यवस्था में व्यक्तिगत रूप से रूचि ली।इसके पूर्व भी 45 वर्ष से अधिक आयु सीमा वर्ग के लिए भी कोविड टीकाकरण का शिविर विधान सभा सचिवालय में आयोजित किया गया था।

---

## बस्तर के पर्यावरण संरक्षण में पर्यटक करेंगे सहायता, पर्यटकों को सुलभ होंगी बीजा लाडू, जिसे वे यात्रा के दौरान खाली जगहों में डाल पाएंगे

# अनूठा प्रयास : प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए गाय के गोबर से बीजा लाडू बनाने में जुटी गौठान की महिलाएं

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



पर्यटन के कारण आमतौर पर क्षेत्र में रोजगार का सृजन तो हो जाता है, किन्तु पर्यटकों की अत्यधिक आवाजाही के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसी परिस्थितियों में बस्तर में पर्यटन स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ ही यहां के पर्यावरण के संरक्षण में भी सहयोग करे, तो इससे बड़ी क्या बात होगी। बस्तर की प्राकृतिक सौंदर्य को बचाने के साथ ही अधिक से अधिक हरियाली लाने के लिए पर्यटकों को बीजा लागू के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कोरोना ने मानवजाति को यह समझाने की कोशिश की है कि प्रकृति एवं पर्यावरण से छेड़-छाड़ कितनी घातक हो सकती है। आज जलवायु में बड़े परिवर्तन की वजह से मानव जीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। ऐसे में यह जरूरी है कि प्रकृति पर्यावरण को सहजने, संवारने और बढ़ाने की मुहिमों को युद्धस्तर पर जारी रखा जाये साथ ही पर्यावरण संरक्षण की आदत लोगों के जीवनशैली में शामिल हो। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम लेंड्रा, चित्रकूट और तीरथगढ़ के स्व सहायता समूह की महिलाएं गोठनों में इन दिनों गाय के गोबर से बीजा लाडू जिसे प्रचलित भाषा मे सीड बॉल कहा जाता है, बनाने में जुटी हुई हैं। स्थानीय संस्था एपीएस और पंखुड़ी सेवा समिति के माध्यम से महिलाएं को प्रशिक्षण एवं सीड बॉल निर्माण का कार्य करवाया जा रहा हैं। कोरोना काल में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु यह स्वयं सेवी संस्थायें निःशुल्क अपनी सेवाएं दे रही है। बीजा लाडू को किसी भी खाली अथवा बंजर जमीन या जंगल पर फेंका जा सकता है और इसके लिए जंगल के अंदर जाना भी जरूरी नहीं होता। सड़क से ही या गुलेल अथवा हाँथ से फेंका जा सकता है। यह तरीका इसलिए भी कारगर साबित हो रहा है क्योंकि इससे पेड़ उगाने पर होने वाला खर्च आधे से भी कम हो जाता है। इन सीड बॉल्स के बनाने में गाय के गोबर, बीज और मिट्टी के सही अनुपात का इस्तेमाल किया जा रहा है जैसे ही बारिश या नमी इन पर पड़ती है, ये अंकुरित होना शुरू हो जाते हैं। धीरे-धीरे बंजर लग रही जमीन भी ऊंचे-ऊंचे पेड़ों से हरी-भरी हो जाती है। ये प्रयोग काफी सफल रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रावल ने बताया कि बस्तर जिला में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देश-दुनिया के पर्यटक आते हैं। हमारी कोशिश यह है कि महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे बीजा लाडू पर्यटकों के लिये भी आसानी से उपलब्ध हों, जिससे स?क मार्ग से जाने वाले पर्यटक यात्रा के दौरान स?कों के किनारों पर खाली-बंजर स्थानों पर इन सीड बालों को फेंक कर पौध रोपण में अपनी सहभागिता दे पाएंगे और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी निभा पाएंगे। इस हेतु पर्यटको को पर्यटन समूहों के माध्यम से प्रेरित भी किया जाएगा। इसके प्रचार प्रसार और मार्केटिंग हेतु अन्य संस्थाओं से भी अनुबंध किया गया है। जिला प्रशासन की इस अनूठे पहल से निश्चय ही बीजा लाडू का विक्रय कर महिलाओं की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403